वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 16 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 68, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



वैष्णव ने नमक कंटेनर ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की पहली नमक कंटेनर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन गुजरात के कच्छ में शिवलाखा से राज्य में ही स्थित मीठापुर के बीच चलेगी। } 10

17 से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान : नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश भर में 17 सितंबर से एक माह के सेवा संकल्प अभियान की घोषणा की। इसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने वाले कई कार्यक्रम शामिल होंगे। } 12

मथुरा की छाता चीनी मिल में लगेगा एथेनॉल प्लांट

○ योगी कैबिनेट में 23 अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर ○ एक्सप्रेसवे से लेकर शिक्षा और रोजगार तक कई बड़े फैसलों को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में विकास और जनकल्याण से जुड़े 23 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। फैसलों में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल बनाने, खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने, किसानों को सस्ती दर पर ऋण और पूर्व अग्निवीरों को सरकारी भर्ती में आरक्षण देने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को लेकर भी निर्णय लिए गए।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेसवार्ता में स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को विकसित करने के लिए संशोधित परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 15.172 किलोमीटर लंबे प्रवेश नियंत्रित छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण ईपीसी मोड पर कराया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 1,008.67 करोड़ रुपये है, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। निर्माणकर्ता के चयन के लिए ग्लोबल बिड आमंत्रित की जाएगी। इससे बुंदेलखंड से चित्रकूट धाम तक आवागमन सुगम होने और पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट बैठक में मथुरा की बंद छाता चीनी मिल में एथेनॉल प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने बताया कि 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाला यह एक्सटेंशन प्लांट साल में 11 महीने संचालित होगा। उन्होंने बताया कि यह मिल 19 साल पहले बंद हो गई थी। समाजवादी पार्टी के सरकार के दौरान इसको एक रुपए का भुगतान नहीं किया गया। प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता 3.96 करोड़ लीटर होगी। गन्ना पेराई का सीजन समाप्त होने के बाद मक्का और धान से भी एथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा। छाता चीनी मिल की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से करीब 40 मिनट की दूरी को भी परियोजना के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यहां गोदाम और अन्य सुविधाएं विकसित करने की संभावनाएं हैं। परियोजना से क्षेत्र में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इससे सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को रियायती ब्याज दर पर दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराने का फैसला किया गया। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के माध्यम से किसानों को छह लाख रुपये तक का ऋण छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर लंबी अवधि के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इससे किसानों को कृषि और ग्रामीण जरूरतों के लिए सस्ती दर पर वित्तीय सहायता मिल सकेगी। योगी कैबिनेट ने पूर्व अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश जेल ...शेष पृष्ठ 10 पर



पीआरडी जवानों को योगी सरकार का दोहरा तोहफा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के स्वयंसेवकों के हित में दो महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। सरकार ने पीआरडी स्वयंसेवकों का दैनिक ड्यूटी भत्ता 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये प्रतिदिन करने के साथ ही स्वयंसेवकों और उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना को भी स्वीकृति दी है। दोनों फैसलों से पीआरडी स्वयंसेवकों को आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा मिलेगी। योगी कैबिनेट के फैसले से 30 दिन की ड्यूटी करने वाले पीआरडी ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी कैबिनेट के अहम निर्णय

- उत्तर प्रदेश के अभियांत्रिकी विभागों में कार्य के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए वित्तीय नियमों के तहत अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी
- उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में वर्ल्डफिश परियोजना के संचालन के लिए राज्य सरकार, मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश और वर्ल्डफिश के बीच समझौता ज्ञापन पर अनुमोदन।
- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना के लिए अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील स्थित ग्राम पूरे लाल खान में लगभग 65 एकड़ बंजर भूमि भारत सरकार को निशुल्क आवंटित करने की मंजूरी।
- 10 वर्ष तक की अवधि के किरायेदारी/पट्टा विलेखों पर प्रभावी स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट देने का प्रस्ताव पास।
- वाहनों की तकनीकी स्वस्थता को सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की जांच हेतु स्वचालित परीक्षण स्टेशन की स्थापना संबंधी नीति में संशोधन मंजूर

पूर्वी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और मध्यांचल में खिलौना उद्योग लगाने पर मिलेगा प्रोत्साहन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2025 को मंजूरी दे दी गई। इस नीति का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को खिलौना विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना, नए उद्योगों को प्रोत्साहित करना और ट्रॉय क्लस्टर्स में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। नीति के माध्यम से प्रदेश में खिलौना निर्माण, विपणन और तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा दिया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश विशेष रूप से खिलौना विनिर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राज्य भारतीय पर्व-त्योहारों से संबंधित वस्तुओं (लर 9505) के निर्यात में लगभग 50 प्रतिशत योगदान करता है। वाराणसी, झांसी और चित्रकूट अपने जीआई टैग प्राप्त लैकवेयर तथा हस्तनिर्मित लकड़ी के ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

महिला की मौत के मामले में छह पुलिसकर्मी सस्पेंड

फिरोजाबाद। जिले में कथित तौर पर लात मारने से एक गर्भवती महिला की मौत के मामले में दो उपनिरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन ने अपने समर्थकों के साथ इस मामले में कोतवाल समेत थाने के सभी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्हें निलंबित किया गया।

अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत


आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर पेट्रोलपंप के पास मंगलवार की भोर में अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। जिससे तीन किशोरों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। घटना के बाद चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचा। कार सवार सभी लोग रात में गणेश प्रतिमा का पंडाल सजा रहे थे। भोर में चाय पीने के लिए सरायमीर स्थित ढाबे पर जा रहे थे।

यूपीआई से भुगतान प्रणाली में कई बदलाव

यूपीआई से 2000 तक भुगतान पर कोई शुल्क नहीं, बड़े व्यापारिक भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूपीआई के जरिये दुकानदारों को 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान के लिए उनसे लिये जाने वाले शुल्क (एमडीआर) की गणना लेन-देन की राशि की सीमा के आधार पर एक स्पष्ट और तय सूत्र से की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने इस बारे में बार-बार पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) के जरिये शुल्क निर्धारण को स्पष्ट किया है। इसके तहत 3,000 रुपये की खरीदारी पर 0.4 प्रतिशत की दर लागू होने से व्यापारियों से लिये जाना वाला शुल्क (एमडीआर) 12 रुपये होगा। इसका भुगतान व्यापारी अपने भुगतान प्राप्त करने वाले बैंक को करेगा। पचास हजार रुपये की खरीदारी पर 0.4 प्रतिशत की दर से शुल्क 200 रुपये होगा। हालांकि, 1,00,000 रुपये की बड़ी खरीदारी पर 0.4 प्रतिशत की गणना से 400 रुपये बनते हैं, लेकिन यह तय अधिकतम सीमा के अधीन होगी और व्यापारी से 300 रुपये ही लिए जाएंगे। 75,000 रुपये या उससे अधिक के भुगतान पर प्रति लेन-देन अधिकतम शुल्क 300 रुपये तय है। 2,000 रुपये से कम के किसी भी लेन-देन पर कोई एमडीआर नहीं लगेगा। इसके साथ जनवरी, 2020 से लागू शून्य-एमडीआर व्यवस्था समाप्त हो गई है। इस व्यवस्था को डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया था, लेकिन बैंक और वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां लंबे समय से इस पर सवाल उठा रही थीं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नए बदलाव 15 अक्टूबर, 2026 से प्रभावी हो जाएंगे। मर्चेंट डिस्काउंटरेट (एमडीआर) वह शुल्क है जो डिजिटल ...शेष पृष्ठ 10 पर



भुगतान की नयी व्यवस्था अक्टूबर से

2,000 रुपये से कम	शून्य	शून्य
3,000 रुपये	0.40%	12 रुपये
50,000 रुपये	0.40%	200 रुपये
75,000 रुपये व उससे अधिक भुगतान	तय 300 रु	300 रुपये

किशाऊ परियोजना के लिए छह राज्यों में सहमति

उत्तराखंड समेत छह राज्यों के लिए जल सुरक्षा का बनेगी नया आधार : धामी



प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। करीब आठ दशक से लंबित किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए अब अंतरराज्यीय सहमति का रास्ता खुल गया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली के कर्तव्य भवन में हुई बैठक में उत्तराखंड समेत छह राज्यों ने परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किशाऊ परियोजना को लेकर वर्षों से चली आ रही प्रतीक्षा अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। छह राज्यों के बीच समझौते से परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक ढांचा तैयार ...शेष पृष्ठ 10 पर

○ अमित शाह की अध्यक्षता में हुआ एमओयू, मुख्यमंत्री योगी व सीएम धामी समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किये हस्ताक्षर

बांग्लादेश : अवामी लीग के सात वरिष्ठ नेताओं को सजा-ए-मौत

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध अधिकरण-2 ने प्रतिबंधित अवामी लीग के उन सात वरिष्ठ नेताओं को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए मंगलवार को मौत की सजा सुनाई, जिन पर 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन (जुलाई विद्रोह) के दौरान हिंसा भड़काने या उसे बढ़ावा देने का आरोप है। न्यायमूर्ति मोहम्मद नजरुल इस्लाम चौधरी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय अधिकरण-2 ने इन सात नेताओं के खिलाफ फैसला सुनाया। इन लोगों की अनुपस्थिति में यह मुकदमा चलाया गया था।

अधिकरण ने जिन लोगों को मौत की सजा सुनाई है, उनमें अवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क परिवहन मंत्री ओबैदुल कादिर, संयुक्त महासचिव एएफएम बहाउद्दीन नसीम और पूर्व सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री मोहम्मद अली अराफात शामिल हैं। अन्य चार में-जुबो लीग के चेयरमैन शेख फजले शम्स पराश, इसके महासचिव मैनुल हुसैन खान निखिल, बांग्लादेश छात्र लीग के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन और इसके महासचिव शेख वली आसिफ एनन-शामिल हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख ...शेष पृष्ठ 10 पर

भविष्य की लड़ाई में प्रौद्योगिकी तय करेगी रणनीतिक बढ़त : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भविष्य की लड़ाई में रणनीतिक बढ़त प्रौद्योगिकी नेतृत्व से तय होगी और आज की हमारी कल्पना ही कल की सैन्य क्षमता बनेगी।

सिंह ने यहां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत का विजन केवल आर्थिक रूप से मज़बूत भारत बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि एक ऐसा भारत बनाने के बारे में है जो प्रौद्योगिकी रूप से आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से समावेशी, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और रणनीतिक रूप से सुरक्षित हो। सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र इस विजन ...शेष पृष्ठ 10 पर



बीबीडी में भजन सम्राट अनूप जलोटा के भजनों से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को विराज सागर दास ने किया सम्मानित

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बी.बी.डी. शैक्षणिक परिसर में आयोजित श्री गणेश महोत्सव-2026 के दूसरे दिन मंगलवार को देश के विख्यात भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा ने भजनों की एक से बढ़कर एक सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। उनके भजन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन...अच्युतं केशवं कृष्ण दामोदरम... मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे.. कौन कहता है कि भगवान आते नहीं.. इतनी शक्ति हमें देना दाता... काशी बदली अयोध्या बदली.. जय गणेश जय गणेश देवा... मेरे मन में राम तन में राम.. दुनिया चले न श्री राम के बिना, जग में सुंदर है दो नाम...नाम हरि का जप ले बंदे..आदि भजन सुनाकर उन्होंने वहां उपस्थित श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। भजन सम्राट के भजनों पर दर्शकों की तालियां खुद बखुद बजने लगीं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे, जिनका स्वागत बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन एवं बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास ने पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन सभी को गणेश महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि पूज्य डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी ने शिक्षा को लेकर जो सपना ...शेष पृष्ठ 10 पर









बीबीडी यूनिवर्सिटी देश-दुनिया में रौशन कर रही लखनऊ का नाम



लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बीबीडी से हमारा बहुत पुराना रिश्ता है। पूज्य डॉ. अखिलेश दास ने शिक्षा को लेकर जो सपना देखा था, वह आज पूरा हो रहा है। बीबीडी यूनिवर्सिटी देश- दुनिया में लखनऊ का नाम रौशन कर रही है। उन्होंने कहा कि भाई साहब (डॉ. अखिलेश दास) के जाने के बाद बीबीडी की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास जी और प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने उनके काम को बखूबी संभाल लिया है। उनके काम को, उनके सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। देश के प्रख्यात भजन सम्राट अनूप जलोटा जी आज हमारे बीच हैं। हमें उनके भजन सुनने का अवसर मिलेगा। यह हमारे लिए गौरव की बात है। गणपति उत्सव के अवसर पर मैं उन्हें और यहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देता हूं। जो जिस मनोकामना से आए हैं, भगवान गणपति उनकी वह इच्छा पूर्ण करें। बीबीडी के छात्र अच्छे अंक लाएं और उनका अच्छी कंपनियों में प्लेसमेंट हो, उन्हें अच्छी नौकरी मिले, ऐसी गणेश जी से प्रार्थना करता हूं। भगवान गणपति की बीबीडी परिवार और यहां के छात्रों पर कृपा बनी रहे, ऐसी मेरी प्रार्थना है।

हिंदी दिवस पर हिंदी- हमारी पहचान, हमारी शान का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शिक्षा संकाय, बीबीडी विश्वविद्यालय, लखनऊ में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी- हमारी पहचान, हमारी शान शीर्षक के अंतर्गत अतिथि वक्ता एवं स्वरचित कविता प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना का संचार करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। यह कार्यक्रम बीबीडी विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास और वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के आशीर्वाद और प्रेरणा से हुआ। बीबीडी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. एस. के. श्रीवास्तव एवं प्रो-वाइस चांसलर प्रो. एस. के. शर्मा के मार्गदर्शन और सम्बोधन ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि वक्ता प्रो. (डॉ.) अखिलेश कुमार शंखधर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी संकाय, मणिपुर (केंद्रीय) विश्वविद्यालय, इम्फाल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान और राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी है। उन्होंने हिंदी साहित्य और आधुनिक समय में उसकी प्रासंगिकता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को हिंदी लेखन और पठन-पाठन को बढ़ावा देने और हिंदी भाषा को शैक्षिक स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों का आह्वान किया गया कि वे हिंदी के लेखन एवं अध्ययन-अध्यापन की परम्परा को सुदृढ़ करें तथा शैक्षिक जगत में उसे प्रतिष्ठित करें। स्वरचित कविता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी स्वरचित कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा की महिमा, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत भावनाओं को अभिव्यक्त किया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट काव्य रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रस्तुति एवं भावाभिव्यक्ति के आधार पर विजेताओं का चयन किया, जिसमें शांभवी सिंह, स्कूल ऑफ एजुकेशन ने प्रथम, राजकमल वर्मा, बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज ने द्वितीय एवं आंचल शर्मा, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पाँच विद्यार्थियों को सांत्वना प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्षा प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मावरा शुऐब, सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय एवं समस्त शिक्षकों तथा छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

अंत में विभागाध्यक्षा प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव रहा, जिसने हिंदी भाषा की प्रासंगिकता और महत्व को पुनः स्मरण कराया।



चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 1,008.67 करोड़ रुपये होंगे खर्च

15.172 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का होगा निर्माण, बुंदेलखंड से चित्रकूट धाम तक आसान होगा सफर, पर्यटन को मिलेगी रफ्तार



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के संशोधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। प्रवेश नियंत्रित छह लेन के इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 1,008.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। परियोजना का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। इसमें केंद्र सरकार की किसी तरह की वित्तीय भागीदारी प्रस्तावित नहीं है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई 15.172 किलोमीटर होगी। इसका निर्माण इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर कराया जाएगा। व्यय-वित्त समिति द्वारा पूंजीगत मदों के लिए संशोधित प्रस्ताव की लागत का मूल्यांकन किया गया था, जिसे अब कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद निर्माणकर्ता के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए ग्लोबल बिड आमंत्रित की जाएगी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

चित्रकूट धाम तक पहुंच होगी आसान : चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से बुंदेलखंड के प्रारंभिक बिंदु से चित्रकूट धाम तक आवागमन आसान और तेज होने की उम्मीद है। इससे दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। प्रवेश नियंत्रित छह लेन एक्सप्रेसवे होने से यात्रियों को सुगम और व्यवस्थित सफर का लाभ मिल सकेगा। चित्रकूट धाम धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। एक्सप्रेसवे के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे पर्यटन गतिविधियों को गति मिलने और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बुंदेलखंड के विकास में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

अभियंताओं के वित्तीय अधिकार बढ़ाने को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश के अभियंत्रण विभागों में कार्यों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए अभियंताओं के वित्तीय अधिकारों में वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस फैसले से निर्माण कार्यों को गति देने और छोटे-छोटे कार्यों के लिए उच्च स्तर से अनुमोदन लेने की प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद मिलेगी।

31 साल पुराने प्रावधानों में होगा संशोधन

वित्तीय नियम संग्रह खंड-1 में अभियंत्रण विभागों के अभियंताओं को वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन किया गया है। इन अधिकारों में समय-समय पर शासनादेशों के माध्यम से संशोधन और वृद्धि होती रही है। वर्तमान में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश के अनुसार वित्तीय अधिकार निर्धारित हैं। यह व्यवस्था पिछले 31 वर्षों से अधिक समय से लागू है। निर्माण सामग्री, श्रम और सेवाओं की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण मौजूदा वित्तीय अधिकारों के तहत कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयां आ रही थीं। छोटे-छोटे निर्माण कार्यों के लिए भी उच्च स्तर से अनुमोदन लेना पड़ता था, जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी होती थी।

लोक निर्माण से ग्रामीण अभियंत्रण तक मिलेगा लाभ

प्रस्ताव के तहत लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहित अन्य अभियंत्रण विभागों के अभियंताओं को प्रदत्त वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन की सीमा में वृद्धि की जाएगी। इससे अभियंताओं को अपने स्तर पर निर्धारित वित्तीय सीमा के भीतर कार्यों को स्वीकृति देने और आगे बढ़ाने में अधिक सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्यों के लिए बार-बार उच्च स्तर से अनुमोदन लेने की जरूरत कम होने से विकास परियोजनाओं की गति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

लागत बढ़ने के बीच जरूरी था बदलाव

निर्माण सामग्री, श्रम और सेवाओं की लागत में वृद्धि के कारण 1995 में निर्धारित वित्तीय अधिकारों के तहत कार्य कराना कठिन हो रहा था। ऐसे में वित्तीय अधिकारों में संशोधन की जरूरत महसूस की गई। सरकार के इस फैसले का उद्देश्य निर्माण कार्यों के निष्पादन में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करना और परियोजनाओं को समय पर पूरा कराने की दिशा में कदम बढ़ाना है। इस फैसले से प्रदेश में सड़क, सिंचाई, ग्रामीण विकास और अन्य निर्माण परियोजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलने की उम्मीद है। वित्तीय अधिकारों के प्रतिनिधायन की सीमा बढ़ने से विभागीय स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी।

एलडीए पूरा करेगा एपीआईएल की हाईटेक टाउनशिप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में लखनऊ स्थित मेसर्स एपीआईएल की हाईटेक टाउनशिप परियोजना को पूरा किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

- इसके तहत हाईटेक टाउनशिप नीति के अंतर्गत दिए गए लाइसेंस के तहत स्वीकृत परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) टेकओवर करेगा। इसके बाद परियोजना को पूर्ण करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

2,912 करोड़ तक की संभावित देनदारी

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार परियोजना की अधिकतम संभावित देनदारी करीब 2,912 करोड़ रुपये है। हालांकि, वास्तविक देनदारी आईआरपी (इंसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल) प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित होगी, जिसके भुगतान के लिए आवश्यक धनराशि एलडीए को सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

5,000 होमबायर्स की समस्या सुलझने की उम्मीद

विशेष सचिव आवास राजेश कुमार राय ने बताया कि परियोजना को सरकारी अभिकरण के माध्यम से पूरा किए जाने से करीब 5,000 होमबायर्स की समस्या का समाधान संभव हो सकेगा। रुकी हुई परियोजना में दोबारा विकास कार्य शुरू कराए जा सकेंगे। हाईटेक टाउनशिप की शेष अवस्थापना सुविधाओं और उपयोगिताओं का विकास भी कराया जा सकेगा। इससे परियोजना को पूर्ण कर सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

- प्रस्ताव के तहत बंधक भूमि और ग्राम समाज की भूमि को किसी तीसरे पक्ष के पक्ष में विनियमित किए जाने के स्थान पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के पक्ष में विनियमित किया जाएगा। इससे शासकीय भूमि की रक्षा होगी। साथ ही, भविष्य में शासकीय विभागों की देनदारियों की प्राप्ति की संभावना भी बेहतर हो सकेगी।

रियल एस्टेट और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

किसी शासकीय अभिकरण के माध्यम से परियोजना को विकसित किए जाने से होमबायर्स के बीच विश्वास पैदा होगा। परियोजना पूरी होने से रियल एस्टेट क्षेत्र और निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार सृजन में वृद्धि होने की भी उम्मीद है।

सिद्धार्थनगर व हरदोई जिले में बनेंगे तीन नये बस स्टेशन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के तीन स्थानों पर बस स्टेशनों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट ने सिद्धार्थनगर विधानसभा क्षेत्र के शोहरतगढ़, बढ़नी और हरदोई जिले की तहसील सवायजपुर में बस स्टेशन के निर्माण के लिए राजस्व विभाग की भूमि को परिवहन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरण और नामांतरण किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार सिद्धार्थनगर के विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के कस्बा शोहरतगढ, कस्बा बढ़नी और हरदोई की तहसील सवायजपुर में बस स्टेशन का निर्माण कराया जाना है। इन बस स्टेशनों के निर्माण के लिए राजस्व विभाग की चिह्नित भूमि परिवहन विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। दयाशंकर सिंह ने कहा कि बेहतर परिवहन सुविधा से सामाजिक विकास, जीवन स्तर में सुधार और पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस बुनियादी ढांचे के तहत सड़क नेटवर्क बेहतर होगा और यातायात संबंधी समस्याओं में कमी आएगी। इन बस स्टेशनों के बनने से शहर के आस-पास के लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही बस स्टेशन परिसर में यात्रियों को सुविधाओं के साथ सुगम परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। परियोजना से क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने, व्यापार एवं रोजगार के अवसर बढ़ने व स्थानीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ होने की बात कही गई।

बुनकरों के हुनर को मिलेगा सरकारी बाजार

अस्पतालों में गूंजेगी हथकरघे की पहचान

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार हथकरघा क्षेत्र को मजबूत करने और बुनकरों को उनके उत्पादों के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। अब सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में इस्तेमाल होने वाले हथकरघा निर्मित उत्पादों की खरीद के जरिए प्रदेश के बुनकरों को बड़ा और सुनिश्चित बाजार उपलब्ध कराने की तैयारी है। इससे सरकारी संस्थानों की जरूरतें पूरी होने के साथ बुनकर परिवारों को नियमित रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलने का रास्ता तैयार होगा।

मंगलवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, तिलक मार्ग, डालीबाग स्थित सभाकक्ष में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग में प्रयुक्त होने वाले हथकरघा उत्पादों की खरीद एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में सरकारी चिकित्सा संस्थानों में हथकरघा निर्मित बेडशीट और गॉज बैंडेज की खरीद एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। सरकार का उद्देश्य सरकारी खरीद को केवल सामान की खरीद तक सीमित रखना नहीं, बल्कि इसके माध्यम से बुनकर परिवारों को निरंतर रोजगार, स्थायी बाजार और आर्थिक मजबूती देना है। सरकारी संस्थानों में स्थानीय बुनकरों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीद बढ़ने से बुनकरी क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत उत्तर प्रदेश राज्य हथकरघा निगम लिमिटेड के माध्यम से सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में आवश्यकतानुसार बेडशीट, तकिया कवर और गॉज बैंडेज क्लॉथ की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को नया विस्तार, 14,429 स्कूल बनेंगे स्मार्ट स्कूल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को और मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए कैबिनेट बैठक में अहम निर्णय लिया है। प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को 'स्मार्ट स्कूल' के रूप में विकसित करने के लिए श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है।

कैबिनेट ने 300 करोड़ रुपये की स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 14,429 प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। प्रदेश सरकार पहले से ही बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार पर लगातार काम कर रही है।

वर्तमान में 32 हजार से अधिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 15 हजार से अधिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और 1,129 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही 2 लाख 61 हजार से अधिक शिक्षकों को टैबलेट दिए जा चुके हैं। सरकार का प्रयास है कि डिजिटल माध्यमों के जरिए सरकारी स्कूलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा के बेहतर अवसर मिलें।

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत योगी सरकार ने वर्ष 2021 में की थी और इनका विधिवत संचालन शैक्षिक सत्र 2022-23 से शुरू हुआ। स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को विषयों को समझने में डिजिटल माध्यमों का लाभ मिल रहा है। अब प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने के निर्णय से इस व्यवस्था का और विस्तार होगा।

कैबिनेट निर्णय के अनुसार बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों को 'स्मार्ट स्कूल' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए 300 करोड़ रुपये की स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 14,429 प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की जाएगी। स्मार्ट क्लास की स्थापना का कार्य नियमानुसार प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए प्रति विद्यालय 2,07,910 रुपये (सेनेटेज चार्जेज एवं जीएसटी सहित) की प्रस्तावित दर निर्धारित की गई है। यदि निविदा प्रक्रिया में प्रति विद्यालय इससे कम दर प्राप्त होती है, तो स्वीकृत कुल 300 करोड़ रुपये की धनराशि के भीतर अधिक संख्या में प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या और उच्च नामांकन के आधार पर चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब की स्थापना की जाएगी। भारत सरकार की समग्र शिक्षा योजनान्तर्गत परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कक्षा 6 से 8, में डिजिटल इनिशिएटिव प्रोग्राम के तहत उच्च नामांकन वाले विद्यालयों में भी चरणबद्ध रूप से स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब स्थापित किए जाने हैं।

परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने से बच्चों को पारंपरिक शिक्षण व्यवस्था के साथ आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा। स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने में मदद मिलेगी। डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा भी बच्चों को सीखने के लिए अतिरिक्त डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराएगी। योगी सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के बच्चों को बेहतर, आधुनिक और तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराना है। सरकारी स्कूलों में डिजिटल संसाधनों का लगातार विस्तार इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है, ताकि अधिक से अधिक बच्चे बदलती तकनीक के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ सकें।

सीपीए के समारोह में शामिल हुए सतीश महाना



लखनऊ। केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सहभागिता की। इस अवसर पर विभिन्न देशों के राष्ट्रमंडल सदस्य देशों के पीठासीन अधिकारियों एवं भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ आत्मीय मुलाकात की।

सैकड़ों लोगों ने थामा रालोद का दामन



लखनऊ। रालोद के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह की अध्यक्षता में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जौनपुर के वरिष्ठ राजनीतिक एवं सामाजिक नेता मोहसिन राजा के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने तथा वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राजपूत करणी सेना के उपाध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही किसान मंडी 7के पूर्व सीईओ सुनील राणा, सबा नईम, एड. नरेन्द्र सिंह, इतिहासकार चरण सिंह स्वामी ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने सभी नवागत सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का रालोद से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि चौधरी चरण सिंह की विचारधारा, किसान हित, सामाजिक न्याय, भाईचारे और सर्वसमाज के सम्मान की राजनीति में आज भी जनता का विश्वास कायम है। कार्यक्रम का संचालन अंकुर सक्सेना एडवोकेट ने किया।

पूर्वोत्तर में रेल नेटवर्क का विस्तार, 10 राज्यों में पहुंचा एनएफआर

102 सुरंगों में 77 निर्माणाधीन, एआई के जरिए निगरानी || बांग्लादेश-नेपाल-भूटान से अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव पर भी जोर

मालीगांव से आशीष मौर्य

गुवाहाटी। पूर्वोत्तर भारत में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) बड़े पैमाने पर नई रेल लाइनों, सुरंगों और रणनीतिक रेल परियोजनाओं का विस्तार कर रहा है। मालीगांव स्थित एनएफआर मुख्यालय में मीडिया प्रतिनिधिमंडल को रेलवे की योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी केके शर्मा ने बताया कि एनएफआर का नेटवर्क 10 राज्यों तक फैला है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच रेल परियोजनाओं की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था में आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी बढ़ाया जा रहा है।

एनएफआर के प्रस्तुतीकरण के अनुसार जोन के अधीन 4540.97 रूट किलोमीटर (आरकेएम) और 7389.85 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) का रेल नेटवर्क है। पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में रेल लाइन बिछाने के लिए बड़े पैमाने पर सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। एनएफआर के नेटवर्क में कुल 102 सुरंगें हैं, जिनमें 77 सुरंगों पर निर्माण कार्य चल रहा है। पूर्वोत्तर के राज्यों में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 767.40 आरकेएम नई रेल लाइनों का निर्माण या स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। इनमें करीब 280.40 आरकेएम का काम पूरा हो चुका है। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल समेत विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं।



एआई से रेल और परियोजनाओं की निगरानी

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों में रेल नेटवर्क की निगरानी एनएफआर के लिए बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए रेलवे एआई आधारित तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। इससे रेल पटरियों, संवेदनशील स्थानों और परियोजनाओं की निगरानी में तेजी आने के साथ संभावित जोखिमों की पहचान में मदद मिल रही है। तकनीक के इस्तेमाल का उद्देश्य मानवीय निगरानी को मजबूत करना और समय रहते समस्या का पता लगाकर कार्रवाई करना है। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे पूर्वोत्तर में रणनीतिक रेल नेटवर्क का विस्तार भी महत्वपूर्ण है। सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

बांग्लादेश से लेकर नेपाल-भूटान तक कनेक्टिविटी

पूर्वोत्तर को पड़ोसी देशों से जोड़ने की दिशा में भी रेलवे की भूमिका बढ़ रही है। बांग्लादेश के रास्ते पूर्वोत्तर को अंतरराष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ना इसमें अहम कड़ी है। त्रिपुरा के अगरतला से बांग्लादेश के अखौरा तक रेल संपर्क के जरिए पूर्वोत्तर को बांग्लादेश के रेल नेटवर्क से जोड़ने का रास्ता खुला है। हालांकि हाल के दौर में भारत-बांग्लादेश के बीच यात्री रेल सेवाएं बाधित हुईं। अब दोनों देशों के रेलवे अधिकारी इन्हें दोबारा शुरू करने की दिशा में बातचीत कर रहे हैं। वहीं नेपाल और भूटान के साथ भी रेल संपर्क बढ़ाने की दिशा में काम हो रहा है। नेपाल के साथ सीमा-पार माल परिवहन और भूटान के लिए प्रस्तावित कोकराझार-गेलेफू रेल लिंक क्षेत्रीय व्यापार और पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इन संपर्कों के विकसित होने से पूर्वोत्तर को पड़ोसी देशों और आगे दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ने की संभावनाएं मजबूत होंगी।

दक्षिण-पूर्व एशिया का गेटवे बनाने की तैयारी

रेलवे की योजनाओं में पूर्वोत्तर को दक्षिण-पूर्व एशिया का गेटवे बनाने की रणनीति भी महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश, नेपाल और भूटान से संपर्क बढ़ने के साथ म्यांमार और आगे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों तक व्यापारिक और परिवहन संपर्क विकसित करने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

226 किमी लंबा एलिफेंट कॉरिडोर

पूर्वोत्तर में रेल विस्तार के साथ पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। ठ्रक्षनेटवर्क में करीब 226 आरकेएम लंबा एलिफेंट कॉरिडोर है। हाथियों के आवागमन वाले क्षेत्रों में सुरक्षित रेल संचालन के लिए विशेष तकनीकी और निगरानी उपाय किए जा रहे हैं। नई रेल लाइनों, सुरंगों, रणनीतिक परियोजनाओं और एआई आधारित निगरानी के जरिए ठ्रक्षपूर्वोत्तर के रेल नेटवर्क को आधुनिक बनाने में जुटा है। इसका लक्ष्य न केवल दूरदराज के इलाकों को देश के रेल नेटवर्क से जोड़ना है, बल्कि बांग्लादेश, नेपाल और भूटान के रास्ते पूर्वोत्तर को अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नेटवर्क से जोड़कर दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए महत्वपूर्ण गेटवे के रूप में विकसित करना भी है।

विभिन्न जिलों में स्थित 14 धार्मिक स्थलों का शिलालेखन एवं बारकोड का कार्य पूर्ण

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 575 परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिनमें शिलालेख और बारकोड व्यवस्थाओं का प्राविधान किया गया है। जिसके तहत कुल 14 आस्था स्थलों पर शिलालेख और बारकोड लगाये जा चुके हैं। शेष स्थलों पर बारकोड लगाये जाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के धार्मिक एवं प्राचीन तथा ऐतिहासिक महत्व के धरोहरों के बारे में श्रद्धालु एवं पर्यटकों को जानकारी देने के लिए यह व्यवस्था की गयी है। शिलालेखन से संबंधित पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में संक्षिप्त जानकारी उकेरी गयी है। इससे आम लोगों को इस स्थल की महत्ता एवं मान्यताओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। जिन स्थलों पर शिलालेखन एवं बारकोड लगाने का कार्य पूरा हो चुका है, उसमें नार्दानंद ऋषि आश्रम मैनपुरी, सामौर बाबाधाम फिरोजाबाद, वनखण्डेश्वर मंदिर उखरैंड, च्यवन ऋषि आश्रम मैनपुरी, राधाकृष्णन मंदिर फिरोजाबाद, प्रसिद्ध कल्याणी माता मंदिर प्रयागराज, श्रीदुवार्सा आश्रम प्रयागराज, शूलकंटेश्वर महादेव मंदिर प्रयागराज तथा श्री दशाश्वमेघ मंदिर प्रयागराज शामिल हैं। इसके अलावा पगलानंद आश्रम प्रयागराज, कमन्हिया बाबा मंदिर अयोध्या, प्राचीन शिवाला मंदिर अयोध्या, प्राचीन ज्वालादेवी मंदिर सुचितागंज सोहावल अयोध्या तथा गहनाग बाबा मंदिर अयोध्या शामिल हैं। अन्य स्थानों पर संचालित परियोजनाओं में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा बारकोड युक्त शिलालेख लगाये जा रहे हैं।

नवजात की मौत पर हाईकोर्ट सख्त

अस्पतालों के बीच मरीजों को दौड़ाने से रोकने के लिए मांगा रोडमैप

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सुलतानपुर से इलाज के लिए लखनऊ लाए गए नवजात की मौत के मामले में प्रदेश सरकार को चिकित्सा व्यवस्था मजबूत करने के लिए ठोस और निष्कर्षात्मक कार्ययोजना (रोडमैप) पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि कार्ययोजना में स्पष्ट समयसीमा होनी चाहिए, ताकि गंभीर मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक भटकने की स्थिति से बचाया जा सके।

न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ल की खंडपीठ ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अपर मुख्य सचिव को तत्काल और दीर्घकालिक उपायों सहित रोडमैप शपथपत्र पर पेश करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने प्रदेश के बजट में चिकित्सा सुविधाओं और सेवाओं के लिए आवंटित राशि का अनुपात भी बताने को कहा। कोर्ट ने कहा कि धन की कमी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में बाधा नहीं



बननी चाहिए। कोर्ट ने ये निर्देश अशुतोष कुमार सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिए। याचिका नवजात की मौत से जुड़ी है, जिसे सुलतानपुर से लखनऊ लाया गया और इलाज के लिए केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएलआईएमएस) और एसजीपीजीआई ले जाया गया था। मामले की अगली सुनवाई एक अक्टूबर को नियत करते हुए कोर्ट ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव तथा केजीएमयू, एसजीपीजीआई और आरएमएलआईएमएस से मामले से जुड़े चिकित्सकों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यवाही में शामिल होने का निर्देश दिया है। अपने आदेश में पीठ ने कहा कि मामला केवल इस सवाल तक सीमित नहीं है कि नवजात को पर्याप्त इलाज और देखभाल क्यों नहीं मिल सकी। इससे प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था से जुड़े व्यापक सवाल भी उठते हैं। कोर्ट ने नए स्थापित मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त ढांचागत सुविधाएं, विशेषज्ञ एवं अति विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं तथा वेंटिलेटर जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया, ताकि गंभीर मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ न आना पड़े। कोर्ट ने कहा कि नवजात की बीमारी में तत्काल चिकित्सा की जरूरत थी। यदि उसे सुलतानपुर से लखनऊ के किसी उच्च चिकित्सा केंद्र में भेजना जरूरी था तो एंबुलेंस में भी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं होनी चाहिए थीं। मगर उसे सामान्य एंबुलेंस से लाया गया। एसजीपीजीआई के चिकित्सकों की राय का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि बच्चे की हालत जिस पहले चरण में खराब हुई, उसके बाद स्थिति और बिगड़ सकती थी।

बड़े अस्पतालों में मरीजों को मार्गदर्शन देने की जरूरत : पीठ ने बड़े सरकारी अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों के मार्गदर्शन एवं परामर्श की प्रभावी व्यवस्था की जरूरत भी बताई। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले और बड़े अस्पतालों की व्यवस्था से अनभिज्ञ मरीजों को केवल जानकारी के अभाव में परेशान नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने ऑनलाइन रेफरल व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके तहत मरीज को रेफर करने वाला अस्पताल पहले यह सुनिश्चित करे कि दूसरे अस्पताल में आवश्यक बिस्तर, सुविधाएं और चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। इससे गंभीर मरीज को सीधे उचित अस्पताल भेजा जा सकेगा और अस्पतालों के चक्कर लगाने में महत्वपूर्ण समय बर्बाद होने से बचाया जा सकेगा।

केजीएमयू और परिजनों के बयान अलग-अलग : मामले में केजीएमयू के चिकित्सकों ने कोर्ट को बताया कि बच्चा एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचा था। परिजन चौथी मंजिल पर स्थित नवजात गहन चिकित्सा इकाई गए, जहां बिस्तर उपलब्ध नहीं था। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे के कागजात देखे गए और परिजनों से बच्चे को चौथी मंजिल पर लाने को कहा गया, लेकिन वे उसे वहां नहीं लाए। वहीं, परिजनों ने इस दावे को गलत बताते हुए कहा कि केजीएमयू में बिस्तर उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर उन्हें आरएमएलआईएमएस जाने को कहा गया। उनका यह भी आरोप था कि उन्होंने एंबुलेंस में ही बच्चे की जांच करने का अनुरोध किया, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले की आगे जांच करेगा। हालांकि, दोनों पक्षों के अलग-अलग दावों से यह स्पष्ट होता है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों के लिए प्रभावी मार्गदर्शन एवं परामर्श व्यवस्था की जरूरत है।

15 दिन में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश : पीठ ने राज्य सरकार को पूरे घटनाक्रम की जांच कराकर 15 दिन में रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अभी उसने किसी चिकित्सक या अस्पताल की ओर से हुई किसी लापरवाही के संबंध में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि जांच में यदि इलाज या आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी या लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारी तय करने पर विचार किया जाएगा। साथ ही राज्य या अन्य संबंधित अधिकारियों की ओर से लापरवाही पाए जाने पर परिवार को मुआवजा देने के पहलू पर भी विचार किया जा सकता है। कोर्ट ने जांच अधिकारी को नवजात के परिवार का पक्ष दर्ज करने और उसे जांच में समुचित रूप से शामिल करने का भी निर्देश दिया है।

नये शहरों के विकास के लिए लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली को मिलेंगे 380 करोड़

- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत तीन विकास प्राधिकरणों की परियोजनाओं को पहली किस्त जारी करने की मंजूरी
- भूमि अर्जन के लिए राज्य सरकार देगी 50 प्रतिशत तक सीड कैपिटल, अधिकतम 20 वर्ष की अवधि का प्रावधान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश में सुनियोजित शहरी विकास को गति देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं के लिए कुल 380 करोड़ रुपये की पहली किस्त की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि अवमुक्त किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस फैसले से नए शहरों के विकास, भूमि अर्जन और आवासीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में काम आगे बढ़ेगा।

विशेष सचिव आवास राजेश कुमार राय ने इस विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में बढ़ती शहरी आबादी और आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार नगरीय क्षेत्रों के सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित विकास पर जोर दे रही है। इसी उद्देश्य से शासनादेश दिनांक 6 अप्रैल 2023 के जरिये मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना लागू की गई थी। योजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों का व्यवस्थित विस्तार करने के साथ आम जनसंख्या को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके तहत नए शहरों के विकास के लिए आवश्यक भूमि अर्जन और संबंधित अवस्थापना सुविधाओं के विकास को प्रोत्साहित किया जाता है। इस फैसले से लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली में प्रस्तावित नए शहरों की परियोजनाओं को वित्तीय सहयोग मिलेगा। इससे शहरी विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी और भविष्य की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए आधार तैयार होगा।

मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत भूमि अर्जन में आने वाले व्यय का 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार द्वारा सीड कैपिटल के रूप में दिए जाने का प्रावधान है। यह धनराशि अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है। इस व्यवस्था का उद्देश्य विकास प्राधिकरणों को नए शहरों के लिए आवश्यक भूमि अर्जित करने में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। भूमि अर्जन के बाद संबंधित परियोजनाओं के समग्र एवं समुचित विकास को आगे बढ़ाया जा सकेगा। राज्य सरकार की ओर से सीड कैपिटल उपलब्ध होने से विकास प्राधिकरणों पर भूमि अर्जन का तत्काल वित्तीय दबाव कम करने में मदद मिलेगी। इससे नए शहरों की परियोजनाओं को गति देने का रास्ता सुगम होगा।

योजना के अंतर्गत लखनऊ, उन्नाव एवं रायबरेली विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं के लिए सीड कैपिटल की अधिकतम धनराशि 655.76 करोड़ रुपये अनुमन्य की गई है। इसी के सापेक्ष पहली किस्त के रूप में कुल 380 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस धनराशि को अवमुक्त किए जाने से तीनों विकास प्राधिकरणों की परियोजनाओं के लिए भूमि अर्जन और नए शहरों के विकास से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। प्रदेश में नए शहरों के समग्र एवं समुचित विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 3,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह बजटीय प्रावधान नए शहरों के विकास से संबंधित कार्यों को वित्तीय आधार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से प्रदेश में शहरी विस्तार, भूमि अर्जन और आवासीय सुविधाओं के विकास से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता मजबूत होगी। नए शहरों के निर्माण के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

जनता महंगाई की चक्की में पिसने को मजबूर : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश में लगातार बढ़ती बेतहाशा महंगाई को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार की गलत और जनविरोधी आर्थिक नीतियों के कारण आज उत्तर प्रदेश का हर नागरिक, चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, मध्यम वर्ग हो या नौकरीपेशा, महंगाई की चक्की में पिसने को मजबूर है।

उन्होंने कहा कि बाजार में दाल, चावल, तेल, सब्जियां और दूध जैसी बुनियादी खाद्य वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। गृहणियों का रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में गरीब की थाली से भोजन गायब होता जा रहा है। जो सरकार बड़े-बड़े वादे करके सत्ता में आई थी, आज वह आम जनता को राहत देने के बजाय पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस (एलपीजी), पेट्रोल और डीजल के दामों में की जा रही लगातार वृद्धि ने परिवहन और लॉजिस्टिक्स को महंगा कर दिया है, जिसका सीधा असर हर छोटी-बड़ी जरूरत की चीज पर पड़ रहा है। युवाओं के पास रोजगार नहीं है और दूसरी तरफ बेकाबू महंगाई ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सरकार इन बुनियादी मुद्दों पर बात करने और समाधान खोजने के बजाय केवल इवेंट मैनेजमेंट और झूठे दावों के जरिये जनता का ध्यान भटकाने की राजनीति कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्याज के दाम जहां तीन गुना बढ़कर 60 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है वहीं लहसुन, अदरक एवं अन्य खाद्य वस्तुओं के दाम दो माह में दो से तीन गुना बढ़ गये हैं। थोक भाव लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़ गये हैं यही कारण है कि खुदरा दामों में इतनी बड़ी बढ़ोत्तरी हुई है।

दृष्टि के विशेष बच्चों के बीच पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

- 20 लाख की सहायता की प्रतिबद्धता, डिजिटल टीवी व साउंड सिस्टम देने का संकल्प, 150 साड़ियों से सेवाकर्मियों का सम्मान

लखनऊ। सरोजिनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रमुख समाजसेवी शरद प्रधान के साथ जानकीपुरम विस्तार स्थित दृष्टि सामाजिक संस्थान पहुंचकर विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के बीच आत्मीय समय बिताया। उन्होंने बच्चों को फल एवं चॉकलेट वितरित किए, उनसे संवाद किया और संस्था की आवश्यकताओं को समझा।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने संस्था को ट्रस्ट के माध्यम से 20 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बच्चों की शिक्षा, मनोरंजन और सामूहिक गतिविधियों के लिए डिजिटल टीवी एवं साउंड सिस्टम देने तथा भविष्य में शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण के लिए आवश्यकतानुसार बसों की व्यवस्था में सहयोग का भी भरोसा दिया।



बच्चों की निःस्वार्थ सेवा में समर्पित कर्मचारियों एवं सहयोगियों के सम्मान में उन्होंने 150 साड़ियां प्रदान कीं। वर्ष 1990 में स्वर्गीय नीता बहादुर द्वारा स्थापित दृष्टि पिछले 35 वर्षों से निराश्रित, दिव्यांग, बहु-दिव्यांग एवं विशेष बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, देखभाल और पुनर्वास के लिए कार्यरत है। वर्तमान में यहां 265 बच्चे निवास करते हैं, जिनकी सेवा और देखभाल में 143 कर्मचारियों की टीम दिन-रात समर्पित है। इनमें से अनेक बच्चों के लिए दृष्टि केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि उनका अपना घर और परिवार है।

डॉ. सिंह ने कहा, सच्ची समाजसेवा क्या होती है, इसे समझने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक बार दृष्टि आकर इन बच्चों और उनकी सेवा में जुटे लोगों से अवश्य मिलना चाहिए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने संस्थापिका स्व. नीता बहादुर के सेवा-संकल्प को नमन करते हुए अध्यक्ष धीरेश बहादुर, अथर्व बहादुर, शालू बहादुर, मैनेजर रोहित तथा पूरी टीम के समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि 35 वर्षों तक विशेष बच्चों की जिम्मेदारी निभाना केवल सेवा नहीं, बल्कि करुणा और मानवता की प्रेरणादायी साधना है।

उन्होंने सामाजिक संस्थाओं, ट्रस्टों, समाजसेवियों, सक्षम नागरिकों और कॉरपोरेट सीएसआर संगठनों से दृष्टि से जुड़ने की अपील करते हुए कहा, सहयोग केवल धन से नहीं होता—कोई शिक्षा दे सकता है, कोई स्वास्थ्य सुविधा, कोई संसाधन और कोई अपना समय व स्नेह। दृष्टि आइए, बच्चों से मिलिए और उनकी मुस्कान का हिस्सा बनिए। संस्था की वर्तमान एवं दीर्घकालिक आवश्यकताओं की कन्सोलिडेटेड रिक्वायरमेंट लिस्ट तैयार कर ट्रस्टों, उरफसंगठनों और समाजसेवियों के साथ साझा करने का भी प्रयास किया जाएगा, ताकि सहयोग निरंतर और व्यवस्थित रूप से मिल सके।

रक्तदान कार्यक्रम में 3000 यूनिट का रक्तदान

विशेष संवाददाता (vol)

- उप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर का ब्रजेश पाठक ने किया उद्घाटन
- उप मुख्यमंत्री ने कहा, डिप्लोमा अभियंता विकास की रीढ़ और उनका यह प्रयास सराहनीय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के तत्वावधान में स्व. इं. आरके दत्त की पुण्य तिथि पर पूरे प्रदेश में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार को हुआ। पूरे प्रदेश में लगभग 3000 यूनिट रक्तदान हुआ। वहीं, महासंघ के लखनऊ मण्डल द्वारा पीडब्ल्यूडी स्थित विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में वृहद रक्तदान कार्यक्रम का मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुभारंभ किया।

इस अवसर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डिप्लोमा अभियंता प्रदेश के विकास की रीढ़ हैं। समाज के लिए रक्तदान जैसा पुनीत कार्य करना उनकी उच्च सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो अत्यंत सराहनीय है। उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के समस्त अभियंत्रण विभागों के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जूनियर इंजीनियरों के बिना विकास कार्यों की कल्पना संभव नहीं है। आज प्रदेश में सड़कों का व्यापक जाल, 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा नहरों से



सिंचाई के बेहतर उपाय डिप्लोमा अभियंताओं की दिन-रात की कड़ी मेहनत का ही परिणाम हैं।

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष इंजी. एके द्विवेदी ने इस सामाजिक पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. एनडी द्विवेदी, महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंजी. एचएन मिश्र एवं विधि संरक्षक इं. हेमेन्द्र प्रताप सिंह, संरक्षक इं. एसपी मिश्रा व घटक संघ के पदाधिकारियों ने अपने सम्बोधन में रक्तदान जैसे पुनीत कार्य, मानवता की सेवा के लिए डिप्लोमा इंजीनियरों की प्रशंसा की। इंजी. एनडी द्विवेदी ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में आज सभी डिप्लोमा इंजीनियर्स कार्यक्रम कर रहे हैं। डिप्लोमा इंजीनियर्स संवर्ग विभिन्न आपदाओं के समय भी राष्ट्र के साथ खड़ा रहता है और अपेक्षित सहयोग देता रहा है। इं. एचएन मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के समस्त मण्डलों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, लगभग 3000 यूनिट रक्तदान हुआ है। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ मंडल अध्यक्ष इंजी. राजर्षि त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने अभियंताओं को काम करने के लिए निर्भीक एवं भयमुक्त वातावरण तो दिया है, परंतु कर्मचारियों के हितों की अनदेखी भी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यद्यपि महासंघ कोई मांग नहीं रख रहा है, किंतु 400 रुपये के भत्ते और 4800 ग्रेड पे की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिस पर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्तदान लखनऊ राजधानी के डिप्लोमा इंजीनियर्स ने किया। लखनऊ मुख्यालय पर आयोजित रक्तदान शिविर में लखनऊ मण्डल के समस्त जनपदों के डिप्लामा इंजीनियर्स ने परिवार सहित तथा पालीटेक्निक के छात्राओं ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में एसजीपीजीआई, केजीएमसी, सिविल अस्पताल, बलरामपुर अस्पताल एवं नारायण चेरिटबल ब्लड सेंटर की चिकित्सक टीमों ने आकर रक्त संचित किया। रक्तदान शिविर में स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। केजीएमयू ट्रांसफ्यूजन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. तूलिका चन्द्रा ने रक्तदान के लाभ के बारे में बताया। रक्तदान शिविर में इं. श्रवण कुमार यादव (लो.नि.वि.), इं. विनोद कुमार मौर्या, इं. ओपी वर्मा, इं. राजीव गोयल, (ग्रा.अ.वि.), इं. अमरजीत यादव, इं. राजीव श्रीवास्तव (आवास विकास), इं. श्रीप्रकाश गुप्ता (सेतु निगम), इं. सत्यजीत पाल, इं. तुलसी राम, इं. एसडी द्विवेदी (राजकीय निर्माण), इं. राकेश कुमार यादव, इं. श्रवण कुमार (सिंचाई सिविल), इं. जीबी पटेल (राज्य विद्युत परिषद), इं. राजीव शाक्य, इं. अरूण कुमार (लघु सिंचाई), इं. विनय यादव, इं. मंजीत वर्मा, इं. विकास मिश्रा (जल निगम), इं. आरके भाटिया, इं. दिवाकर राय (सेवानिवृत्त कल्याण संघ) सहित घटकसंघों के पदाधिकारी/सदस्य मौजूद थे।

15 विद्यालयों में 1.5 करोड़ से बढ़ेंगी अवस्थापना सुविधाएं

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 15 सर्वोदय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस योजना से बरेली, कौशाम्बी, अयोध्या, ललितपुर, हरदोई, आजमगढ़, बलिया, प्रयागराज, इटावा, फरूर्खाबाद, बांदा, चित्रकूट, जालौन और रायबरेली जिलों के सर्वोदय विद्यालय लाभान्वित होंगे। स्वीकृत धनराशि से इन विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे वहां पढ़ रहे विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, आधुनिक और सुदृढ़ शैक्षणिक माहौल मिल सके। इसके अंतर्गत हॉस्टल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, स्मार्ट क्लासरूम व प्रयोगशालाओं के रख-रखाव, मरम्मत कार्य, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता सुविधाओं और खेल परिसर के जीर्णोद्धार जैसे विभिन्न कार्य कराए जाएंगे।

अखिलेश से मिले प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थी, सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मंगलवार को प्रतियोगी छात्र एवं अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंटकर उन्हें यूपी एसएसएससी की सभी पेट आधारित भर्तियों में प्रतीक्षा सूची का प्रावधान लागू कराने का ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित पेट आधारित विभिन्न भर्तियों में चयन के बाद अनेक अभ्यर्थी अन्य परीक्षाओं अथवा बेहतर पदों पर चयनित होने के कारण सम्बन्धित पद पर कार्यभार ग्रहण नहीं करते है। इसके परिणाम स्वरूप द्वारा विज्ञापित अनेक महत्वपूर्ण पद रिक्त रह जाते हैं। जबकि दूसरी ओर उन्हीं पदों के लिए योग्य अभ्यर्थी चयन की प्रतीक्षा करते रह जाते है।

यदि आयोग में प्रतीक्षा सूची का स्पष्ट प्रावधान होता अथवा सम्मान जनक जन्मतिथि से बाहर अभ्यर्थियों का अवसर मिल सकता था और सरकारी पदों को रिक्त रहने से बचा जा सकता था।

ज्ञापन में मांग की गई कि पारदर्शी प्रतीक्षा सूची अनिवार्य रूप से जारी की जाए। इस सूची को 1-2 वर्ष के लिए बैध रखा जाए, दस्तावेज सत्यापन एवं आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाए ताकि किसी भी स्तर पर सीटें खाली न रहे।

ज्ञापन पर शुभम यादव, पूजा पाल, अनुज कुमार, उमा श्रीवास्तव, सौरभ यादव, पवन यादव, अनूप कुमार, मयंक, अंजनी पाण्डेय, राम गोपाल, धनेश साहनी, सिद्धांत यादव, राजेश चौरसिया, रंजना मौर्य, सत्येंद्र, एसपी सिंह, सर्वेश, विजय कमलेश कुमार, राजेन्द्र पटेल, राहुल सिंह, आदेश कुमार, प्रशांत, किसन शुक्ला, बीर सिंह यादव, अभिषेक, दयाशंकर आदि तमाम अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर हैं।

अभियंताओं की दक्षता, गुणवत्ता और नवाचार से प्रदेश के विकास को नयी गति मिलेगी : स्वतंत्र देव सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतरत्न इं. मोक्षगुण्डम् विश्वेश्वरैया के 166वें जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन प्रेक्षागृह, सिंचाई विभाग में अभियंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एसोसिएशन की पत्रिका विश्वेश्वरैया विशेषांक एवं लोक निर्माण विभाग की पत्रिका प्रज्ञता का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अभियंताओं को सम्मानित भी किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अभियंताओं को अभियंता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारतरत्न एम. विश्वेश्वरैया का जीवन दूरदृष्टि, अनुशासन, तकनीकी दक्षता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। अभियंता केवल सड़क, पुल, भवन



और नहरों का निर्माण नहीं करते, बल्कि जनजीवन को बेहतर बनाने, आर्थिक गतिविधियों को गति देने और विकास के अवसरों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अभियंताओं को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीक, नवाचार और कुशल प्रबंधन का उपयोग करना चाहिए। सरकार का संकल्प है कि विकास परियोजनाएं समय से पूर्ण हों, लागत नियंत्रित रहे और उनका अधिकतम लाभ जनता को मिले। उन्होंने कहा कि अभियंत्रण क्षेत्र की दक्षता और प्रतिबद्धता से प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इससे पूर्व जलशक्ति मंत्री ने उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय परिसर में भारतरत्न डॉ. एम. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव, निवर्तमान अध्यक्ष सुरजीत निरंजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी के मंगलम, महासचिव आशीष यादव, अतिरिक्त महासचिव शशांक पांडेय, संगठन सचिव अभिषेक यादव सहित विभिन्न अभियंत्रण विभागों, निगमों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के विभागाध्यक्ष, प्रमुख अभियंता तथा बड़ी संख्या में अभियंताओं ने प्रतिभाग किया।

अब हिन्दी में एआई का कोर्स कर सकेंगे एकेटीयू के छात्र

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्र अब हिन्दी में एआई का कोर्स निःशुल्क कर सकेंगे। छात्रों के लिए यह कोर्स एचसीएल गुवी और ओपेन एआई ने एकेटीयू के तत्वावधान में लांच किया है। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने मंगलवार को विश्वविद्यालय में हिन्दी में एआई का कोर्स दी भारत एआई इनेशिएटिव लांच किया। पहले फेज में कंपनी की ओर से एकेटीयू के छात्रों के लिए यह कोर्स उपलब्ध होगा।



एआई के सही उपयोग का मिलेगा प्रशिक्षण : कंपनी ने उत्तर प्रदेश के छात्रों को देखते हुए कोर्स को हिन्दी में तैयार किया है। ताकि छात्रों को कोर्स आसानी से समझ में आ सके। चूंकि वर्तमान और भविष्य में रोजगार और उद्यमिता के लिए एआई सबसे महत्पपूर्ण तकनीकी है इसलिए इस कोर्स के जरिए छात्र आसानी से एआई को समझ सकेंगे। डेढ़ घंटे के कोर्स में एआई एक्सपर्ट छात्रों को चैटजीपीटी टूल्स के सही उपयोग की जानकारी देंगे। एआई टूल्स को निर्देशित करने का सही तरीका बताएंगे। जिससे कि छात्र इस तकनीकी को बेहतर तरीके से अपने लिए उपयोग कर सकें। साथ ही विभिन्न टूल्स की भी जानकारी दी जाएगी। लांचिंग के दौरान कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि यह कोर्स विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए काफी लाभकारी होगा। खासकर हिन्दी में होने से छात्र आसानी से इसे समझ पाएंगे। शुरूआती चरण में विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्रों को कोर्स का एक्सेस मिलेगा। उसके बाद संबद्ध संस्थान के छात्र भी कोर्स निःशुल्क रूप से कर सकेंगे।

सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के निदेशक प्रो. एसपी शुक्ल ने कहा कि आज एआई की दखल हर जगह है। भविष्य में आगे सफलता पानी है तो इसे अपनाना होगा लेकिन एआई के सही उपयोग पर ज्यादा जोर होना चाहिए। छात्रों के लिए यह दो धारी तलवार है। इसलिए एआई को समाज की समस्याओं के समाधान में लगाना जरूरी है।

किराये पर मकान-दुकान लेना या देना होगा आसान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में प्रदेश में किरायेदारी व्यवस्था को आसान बनाने के लिए अहम फैसला लिया गया। सालाना 10 लाख तक के किराए पर यह बदलाव किया गया है। 10 वर्ष तक की अवधि के किरायेदारी/पट्टा विलेखों पर प्रभावी स्टांप शुल्क एवं पंजीयन फीस में छूट को संशोधित करते हुए शुल्क व्यवस्था को सरल और किफायती बनाया गया है। इससे मकान, दुकान या गोदाम किराये पर लेने-देने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

लखनऊ नगर निगम
3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेल: nnlko@up.nic.in

सार्वजनिक सूचना

कृपया सार्वजनिक रूप से अवगत कराना है कि फैजाबाद रोड स्थित कैलाशकुंज जोन-4 दुकान सं. 01 शाबिर अली पुत्र जाबिर अली, पता-निवासी-177 जम्बूरखाना कम्पाउण्ड, थाना कैसरबाग, लखनऊ, दुकान सं. 02 हनुमान पुत्र श्यामलाल, पता-इस्माईलगंज मस्जिद के पास, थाना गाजीपुर, लखनऊ, दुकान सं. 03 हाजी मो0 सलीम पुत्र हाजी खुर्शीद, पता-108/208 तालाब गंगनी शुक्ल, थाना कैसरबाग, लखनऊ, दुकान सं. 04 ओमप्रकाश पुत्र हरीराम, पता-बी-2 प्रताप कालोनी, मारुतीपुरम, फैजाबाद रोड, लखनऊ, दुकान सं. 05 नवी अहमद पुत्र अफसर अली, पता-108/208 तालाब गंगनी शुक्ल, थाना कैसरबाग, लखनऊ तथा जोन-3 में स्थित अलीगंज सेक्टर-एच पेट्रोल पम्प दुकान सं. 02 फखरुद्दीन पुत्र रशीदन, पता-491 इरादतनगर, डालीगंज, लखनऊ के सभी आवंटियों की मृत्यु हो जाने के कारण आवंटन की शर्तों व शासनादेश सं. 1073बी(1)/11-5-14(1)/78 नगरपालिका अनुभाग-5 दिनांक 26/06/1978 के क्रम में नगर आयुक्त महोदय के आदेश दिनांक 07/09/2026 द्वारा उपरोक्त सभी दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। उक्त दुकान से सम्बन्धित सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त दुकान का कब्जा निगम को तीन दिवस के अन्दर हस्तगत कर दें, अन्यथा की स्थिति में उक्त दुकान पर काबिज एवं अवैध रूप से अध्यासित व्यक्तियों के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही की जायेगी। समय उपरान्त किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया



महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

महिला की सिर कूंचकर हत्या, बरामदे में मिला शव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराबिरवा स्थित फिनिक्स चौकी अंतर्गत अराजकता और अपराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है ।सोमवार सुबह हुई मजदूर युवक की मौत के अगले ही दिन मंगलवार को एक महिला का सर कूच कर हत्या कर दी गई, जिसका लहूलुहान शव देशी शराब ठेके से चन्द कदमों की दूरी पर मानसरोवर मार्केट में स्थित अधखुली दुकान के सामने बरामदे में पड़ा मिला ।मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने महिला की शिनाख्त कर मौके पर फोरेंसिक टीम बुला कर साक्ष्य संकलन करा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर पीके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के विजयनगर चौकी अंतर्गत नारायणपुरी मोहल्ले की रहने वाली लगभग 30 वर्षिय मृतका राधा घुमंतू किस्म की महिला थी और शराब के नशे की आदी थी और घूम घूम कर लड़कों व शराबियों संग नशे के लिए शराब का सेवन करती थी । मंगलवार सुबह लगभग 7:30 बजे महिला के मौत की सूचना मिली ।सूचना पर पहुंची स्थानीय



पुलिस को महिला के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले ।मौके पर फोरेंसिक टीम को बुला कर साक्ष्य संकलन करा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल टीम गठित कर हत्यारे को पकड़ने का प्रयास जारी है । वहीं मृतका राधा की मां रेखा पत्नी स्व० शिलाजीत ने मृतका के कथित पति के विरुद्ध लिखित तहरीर दी है ।पीड़ित मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है ।मृतका के दो भाई सोनू और बसंत है।

बाजार से लौट रही महिला को मारी टक्कर, मौत

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र में सब्जी लेने के लिए बाजार गई सावित्री मिश्रा (45) को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जबरदस्त टक्कर से महिला उछलकर दूर जा गिरीं। उन्हें डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिनहट पुलिस का कहना है कि कोई तहरीर नहीं मिली है। चिनहट के शांति विहार कंचनपुर मटियारी निवासी सुभाष मिश्रा टेल्को में नौकरी करते हैं। सुभाष के मुताबिक पत्नी सावित्री रविवार शाम को सब्जी खरीदने के लिए बाजार गई थीं। वापस लौटते समय तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से वह उछलकर काफी दूर सड़क पर जा गिरी। लहूलुहान सावित्री को सड़क पर पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी। सावित्री को लोहिया संस्थान ले जाया गया। उधर, चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। इलाज के दौरान लोहिया में सावित्री ने दम तोड़ दिया। चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, एक की मौत

लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना में सीतापुर रोड पर मंगलवार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक का सिर सड़क पर पिस गया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। ट्रक बाइक के पीछे से आ रहा था। हादसे के बाद लोग ट्रक ड्राइवर को पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन वह ट्रक खड़ा करके फरार हो गया।

दुर्घटना सुबह करीब 9 बजे हुई जब बीकेटी निवासी दोनों युवक सीतापुर साइड से लखनऊ की ओर आ रहे थे। उनके पीछे एक ट्रक चल रहा था, जो टाइटन धर्मकांटा के पास बेकाबू हो गया और दोनों को रौद दिया, जिससे युवक की मौके पर ही मौतौ गयी। उसकी पहचान माल थाना क्षेत्र के बसहरी अटरिया निवासी छोटे लाल के बेटे जवाहिर (20) के रूप में हुई। उसका दोस्त मुकेश पुत्र जगदीश (20) गंभीर रूप से घायल हुआ है। ये दोनों मड़ियांव स्थित इंजीनियरिंग कालेज में खाना बनाते थे। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर घायल मुकेश को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

दंपति की संदिग्ध हालात में मौत से क्षेत्र में सनसनी

- पति का शव फंदे पर और पत्नी की लाश चारपाई पर मिली
- बीकेटी के मदारीपुर गांव की घटना

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव में मंगलवार दोपहर दम्पति की संदिग्ध हालात में मौत होने से सनसनी फैल गई। स्कूल से घर लौटे उनके 10 वर्षीय बेटे और आठ वर्षीय बेटी ने पिता का शव फंदे पर लटका देखा, जबकि मां की लाश चारपाई पर पड़ी थी। बच्चों से सूचना पाकर लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि घरेलू विवाद में पति ने महिला की हत्या की और खुद फांसी लगा ली।

पुलिस के मुताबिक, मदारीपुर निवासी आशीष प्रजापति (35) का शव घर के अंदर मिला, जबकि उनकी पत्नी छमता (30) चारपाई पर मृत अवस्था में मिलीं। शुरूआती पड़ताल में सामने आया कि दम्पती के बीच काफी अरसे से विवाद होता था। बताया गया कि दोनों के बीच विवाद को लेकर मामला पहले भी पुलिस तक पहुंच चुका था।

ग्रामीणों ने बताया कि आशीष का विवाह करीब 15 वर्ष पहले अमानीगंज के भवानीपुर गांव निवासी छमता से हुआ था। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार लोग दोनों के बीच सुलह कराने का प्रयास करते थे, लेकिन बाद में उन्होंने दंपती के घरेलू विवाद से दूरी बना ली थी। आशंका है कि मंगलवार को भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। आशीष राजमिस्त्री का काम करता था और मंगलवार को काम के सिलसिले में गांव से बाहर गया था। दोपहर में उसके घर लौटने के बाद घटनाक्रम क्या रहा, इसकी पुलिस जांच कर रही है।

हालांकि ग्रामीणों की ओर से अलग-अलग आशंकाएं जताई जा रही हैं, लेकिन पुलिस ने अभी मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी बीकेटी और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। माता-पिता की मौत से उनके दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है ।

आउटसोर्स परिचालकों को सीधे अनुबंध पर रखेगा परिवहन निगम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत परिचालकों को अब सीधे निगम से अनुबंध के आधार पर रखने की प्रक्रिया शुरू होगी। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में वर्तमान में आउटसोर्स पर कार्यरत परिचालकों को ही सीधे अनुबंध पर रखा जाएगा। इसके लिए सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। मंत्री के मुताबिक ऐसे परिचालक जो वर्तमान में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत हैं जिसे सेवा प्रदाता एजेंसी को वापस नहीं किया गया है, उन्हें इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

हालांकि आउटसोर्स अवधि में निगम में की गई सेवा का कोई लाभ सीधे अनुबंध में नहीं जोड़ा जाएगा। इसके बावजूद निगम में प्रचलित अन्य अनुमन्य सेवाएं उन्हें मिलेंगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि जिन सेवा प्रदाताओं की अनुबंध अवधि 31 अक्टूबर 2026 को समाप्त हो रही है, उनके माध्यम से कार्यरत परिचालकों से 1 नवम्बर 2026 से संविदा परिचालक के रूप में संचालन का कार्य लिया जाएगा। इसी प्रकार जिनकी अनुबंध अवधि 31 जनवरी 2027 को पूरी होगी, उनके परिचालकों से 1 फरवरी 2027 से संविदा परिचालक के रूप में कार्य लिया जाएगा। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह ने बताया कि सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र लाड़ले के चाल-चलन से तंग आकर उससे अपने सम्बन्ध समाप्त करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से लाड़ले से किसी प्रकार का लेना देना नहीं रहा है। किसी भी कृत्य व किसी भी प्रकार के लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इजहार अली पुत्र इशरार निवासी-ग्राम राजेपुर, मजरा खरेटा, थाना-मैलानी, तहसील गोला गोकर्णनाथ जिला-लखीमपुर-खीरी।

सूचना

सूचित करना है कि मेरी डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ की संस्थान के एन आई टी सुल्तानपुर यू पी की बीटेक सेकंड ईयर की मार्कशीट अनुक्रमांक 1110430055 कही गिर गई है। जिसको मिले सूचित करे। विजय आनन्द पुत्र रामशब्द चौधरी निवासी-529D/2/510 Jagrti bihar gali number 6 Kalyanpur lucknow

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद अयान (MOHD AYAN) पुत्र श्री समसुद्दीन (SAMSUDDIN), निवासी हरदोई रोड, तहसीन गंज, ठाकूरगंज लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226003 का नाम अब बदलकर मोहम्मद हसनैन (MOHD HASNAIN) कर दिया गया है।
अतः भविष्य में सभी शासकीय एवं गैर-शासकीय अभिलेखों में उनका नाम मोहम्मद हसनैन (MOHD HASNAIN) के रूप में जाना एवं लिखा जाए।
आवेदक
समसुद्दीन
पता: हरदोई रोड, तहसीन गंज, ठाकूरगंज लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226003

गोलीकाण्ड में घायल महिला की मौत के बाद हंगामा

- बेटे की पहले हो चुकी है मौत
- स्वामी प्रसाद मौर्य ने की आरोपितों को गिरफ्तारी की मांग

लखनऊ। जपपद अयोध्या के कंदैला गोलीकांड में घायल राम लगन मौर्य की मां पार्वती देवी की मंगलवार को इलाज के दौरान केजीएमयू में मौत हो गई। वह 25 अगस्त को हुई फायरिंग में घायल हुई थीं। हालत गंभीर होने पर उन्हें अयोध्या से लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे पहले गोलीकाण्ड में उनके बेटे राम लगन मौर्य की भी मौत हो चुकी है।

मां-बेटे की मौत के बाद मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे लखनऊ में मोर्चरी के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और हंगामा करते हुए फरार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि अयोध्या पुलिस-प्रशासन दो-तीन और लाशें गिरने का इंतजार कर रहा है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। इसके बाद समर्थकों और परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

इस बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि अयोध्या में गोलीबारी और बमबारी कर राम लगन मौर्य की हत्या की गई थी। आज उनकी मां पार्वती देवी की भी मौत हो गई है। इस मामले में 15 दिन बीत जाने के बाद भी नामजद आठ आरोपियों में से सिर्फ तीन की गिरफ्तारी हुई है। सभी को पुलिस शांत कराती रही। मौके पर तीन थाने ठाकुरगंज, चौक और वजीरगंज की फोर्स व पीएसी मौजूद रही। एसीपी चौक शुभम सिंह भी लगातार समझाते रहे।

इस बीच मौके पर जेसीपी बबलू कुमार समर्थकों की भीड़ देखकर वह उग्र हो गए और स्वामी प्रसाद की गिरफ्तारी करने की बात कह दी। उनकी बात सुनते ही स्वामी प्रसाद के समर्थक भड़क गए और पुलिस व समर्थकों में तीखी नोक झोंक हो गई। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य और बबलू कुमार में भी बहस हुई। किसी तरह पुलिस ने समझाकर मामला शान्त कराया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जताया आभार

अंसल होमबायर्स को ऐतिहासिक राहत, सुशांत गोल्फ सिटी के एलडीए टेकओवर को कैबिनेट की मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। अंसल सुशांत गोल्फ सिटी के हजारों होमबायर्स को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने सुशांत गोल्फ सिटी को एलडीए द्वारा टेकओवर किए जाने तथा 2,912 करोड़ की सीड कैपिटल उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने होमबायर्स की वर्षों पुरानी समस्या को गंभीरता से समझते हुए उनके हितों की रक्षा और न्यायोचित समाधान का आश्वासन दिया था। आज कैबिनेट की यह निर्णायक स्वीकृति मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता, दृढ़ इच्छाशक्ति और जवाबदेह शासन का प्रमाण है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस गंभीर विषय को लेकर 21 अगस्त 2026 कोमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर हजारों पीड़ित परिवारों की वेदना उनके समक्ष रखी थी और उनके अधिकारों एवं जीवनभर की कमाई की सुरक्षा के लिए प्रभावी समाधान का आग्रह किया था। इस निर्णय से लगभग 5,000 होमबायर्स के हित सुरक्षित होंगे तथा वैध आवंटियों को नियमानुसार उनके भवन एवं भूखंड उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर के अंसल होमबायर्स उनके लिए केवल आवंटी नहीं, बल्कि उनके अपने लोग और परिवार का हिस्सा हैं। उनके अधिकारों, जीवनभर की कमाई और आशियाने की रक्षा के लिए वे पहले भी पूरी शक्ति के साथ उनके साथ खड़े रहे हैं, आज भी खड़े हैं और अंतिम परिवार को न्याय एवं उसका वैध अधिकार मिलने तक निरंतर उनके साथ खड़े रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि आम नागरिक के हित, उसके अधिकार और उसकी मेहनत की कमाई की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

शादी के दबाव में युवक ने की आत्महत्या

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र के बेगरिया गांव में युवक ने गर्लफ्रेंड की ओर से शादी का दबाव बनाने पर आत्महत्या कर ली। युवक के पिता ने गर्लफ्रेंड, उसकी मां और कुछ अन्य लोगों पर बेटे को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के मोहन विहार कालोनी के रहने वाले अम्बरीश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे निखिल गुप्ता का दुलारमऊ मलिहाबाद की आरजू से करीब सात-आठ महीने से प्रेम संबंध था। अम्बरीश के अनुसार 8 सितंबर की सुबह निखिल ने उन्हें अपने प्रेम संबंध के बारे में बताया था। उसने पिता से आरजू से जल्द बात करने को कहा और खुद को काफी परेशान भी बताया था। पिता का आरोप है कि उसी दिन आरजू ने निखिल पर शादी का इतना दबाव बनाया कि वह आत्महत्या करने को मजबूर हो गया। शाम करीब 5 बजे निखिल ने बेगरिया स्थित अपने घर में फंदे से लटककर जान दे दी।

बुजुर्ग पर पिता-पुत्र ने किया हमला

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर रहने वाले बुजुर्ग ने मोहल्ले में रहने वाले आपराधिक प्रवृत के दबंग पिता पुत्र के विरुद्ध लाठी डंडों से पीटने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी । कृष्णानगर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर आलमबाग में रहने वाले जगदीश प्रसाद पांडेय घर से दूध लेने निकले, इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री वे बेटे ने उन पर छींटाकशी करते हुए लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और वह जमीन पर गिर गए ।

छात्रा संग मकान मालिक ने की छेड़छाड़

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोला खेड़ा में किराये के मकान में रहने वाली युवती ने अधेड़ उम्र के मकान मालिक पर छेड़छाड़ का आरोप लगा उसके दो अन्य करीबी महिलाओं के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी। मूलरूप से मध्य प्रदेश सिंगरौली के हट्टा मोरवाँ गांव की रहने वाली रीना देवी पनिका कृष्णानगर थाना क्षेत्र के भोलाखेडा स्थित अमन द्विवेदी के मकान में किराए का कमरा लेकर रहने लगी । आरोप है कि बीते गुरुवार मकान मालिक से पानी न आने की शिकायत की तो मकान मालिक छात्रा को अपने संग ऊपर ले गया और छेड़छाड़ करने लगा ।पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिचितों और पुलिस कन्ट्रोल रूम को दी ।लेकिन रविवार देर शाम कृष्णानगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है ।

रक्तदान व नेत्र शिविर का आयोजन

लखनऊ। कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी सेक्टर - बी स्थित लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय डिपार्टमेंट ऑफ ब्लड बैंक व उत्तर प्रदेश पुस्तक व्यापार मंडल आलमबाग के संयुक्त तत्वाधान में गणेश चतुर्थी पूजा कार्यक्रम के अवसर पर रक्तदान शिविर एवं नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया ।रक्तदान शिविर की शुरूवात लोकबंधु राजनरायन संयुक्त चिकित्सालय के ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ० पीसी तिवारी की मौजूदगी में किया गया ।पीसी तिवारी ने बताया कि आयोजन में लोकबंधु अस्पताल के नेत्र विभाग द्वारा नेत्र शिविर भी लगाया गया । शिविर में 16 रक्तदाताओं में पंजीकरण कराया लेकिन 12 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

किराना शॉप में लगी आग से हजारों की क्षति

लखनऊ। अलीगंज क्षेत्र में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी से हजारों का किराना व सामान जलकर नष्ट हो गया। सीएफओ के अनुसार मंगलवार को दोपहर फायर स्टेशन इंदिरा के नियंत्रण कक्ष में सूचना प्राप्त हुई कि 69 एलडीए शॉपिंग कॉम्पलेक्स अलीगंज में दुकान में आग लग गई है, इसकी सूचना पाकर फायर स्टेशन प्रभारी इंदिरानगर मय यूनिट घटनास्थल प्रस्थान हुए। घटनास्थल पहुंचकर देखा गया कि भवन के भूतल पर एक जनरल स्टोर की दुकान में आग लगी थी, जिसको उपस्थित स्थानीय लोगों द्वारा बुझाया जा रहा था। आग किराना स्टोर मालिक सुरेश कपूर पुत्र प्यारे लाल कपूर की दुकान में शॉर्ट शर्किट से लगी थी। आग लगने से हजारों का सामान जलकर खाक हो गया।

किशोरी लापता, युवक पर भगा ले जाने का आरोप

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने गोंडा निवासी एक युवक पर बेटी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए दुबग्गा थाने में तहरीर दी है। पीड़िता की मां के मुताबिक, उनकी बेटी 14 सितंबर को घर से लापता हो गई। आरोप है कि गोंडा निवासी दीपक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। मां का यह भी आरोप है कि आरोपी युवक इससे पहले भी उनकी बेटी को इसी तरह अपने साथ ले जा चुका है। दोबारा बेटी के लापता होने से परिवार के लोग परेशान हैं और उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। परिजनों ने पुलिस से किशोरी को जल्द बरामद करने और आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दीवार ढही, मलबे में दबकर तीन घायल

लखनऊ। माल क्षेत्र के बीरपुरगांव में सोमवार रात दीवाल ढह गयी, जिसके मलबे में दबकर एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गये। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े और मलबे में दबे तीनों लोगों को माल सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को ट्रामा सेंटर भेज दिया। माल थाना अंतर्गत सोमवार रात लगभग दो बजे एक हाते की पक्की दीवाल अचानक भरभरा कर गिर गयी। जिस पर रखी टीन के नीचे परिवार सोया हुआ था।जो मलबे में दब गया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे और मलबे से राम सिंह(60) उनकी पत्नी रामदेवी और तीन वर्षीय पोती लाडो जो अपने बाबा रामसिंह के पास सोई हुई थी को बाहर निकला। तीनों घायलों को माल सीएचसी पहुंचाया जहां तीनों का उपचार चल रहा है और हालत गंभीर बताई जा रही है।

महिला बैंक अधिकारी की चेन लूटकर लुटेरे फरार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत औरंगाबाद रेलवे फ्लाईओवर पर पल्सर सवार दो बदमाश स्कूटी से घर जा रही महिला बैंक अधिकारी को निशाना बना चेन लूट की घटना को अंजाम देकर फरार भरते हुए भाग निकले । बिजनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित रॉयल सिटी फेस-2 के राधे विहार मार्ग पर रहने वाली दुर्गेश त्रिपाठी पत्नी हरिओम त्रिपाठी के अनुसार वह वृंदावन योजना सेक्टर-6 स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं ।

बिजली संकट के बावजूद यूपी ने बनाया सर्वाधिक आपूर्ति का रिकॉर्ड

लखनऊ। देशभर में कोयला संकट और बिजली उत्पादन प्रभावित होने के बावजूद उत्तर प्रदेश ने विद्युत आपूर्ति में नया रिकॉर्ड बनाया है। सोमवार 14 सितम्बर को प्रदेश में 27,407 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गई, जो देश में सर्वाधिक रही। महाराष्ट्र 25,694 मेगावाट आपूर्ति के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कोयला खदान क्षेत्रों में अतिवृष्टि और जलभराव के कारण देशभर में करीब 35 गीगावाट विद्युत उत्पादन प्रभावित है। एनसीएल की जयंत कोल माइंस में कोल साइलो गिरने, विंड व हाइड्रो पावर में कमी और नेपाल से बिजली नहीं मिलने से संकट और बढ़ गया है। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज में एक सितम्बर के बाद सीमित बिजली उपलब्ध हो रही है और इसकी कीमत करीब 10 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच रही है।

इन परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश को सामान्य दिनों की तुलना में 1500 से 2000 मेगावाट कम बिजली मिल रही है। इसके बावजूद सभी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने मंगलवार को शक्ति भवन में समीक्षा कर अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आगामी दो-तीन दिनों में बंद बिजली इकाइयों के चालू होने और कोयला आपूर्ति सुधरने से करीब 2200 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उपलब्ध होगी।

करोड़ों खर्च फिर भी मध्यांचल के 60 प्रतिशत तार जमीन के बाहर

- आम आदमी परेशान, आएदिन होते रहते हैं फॉल्ट
- भूमिगत केबलिंग की रफ्तार धीमी बारिश में बढ़ जाती हैं दिक्कतें

समरेश पति त्रिपाठी (vol)



लखनऊ। राजधानी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए भूमिगत केबल बिछाने की योजना पर काम चल रहा है, लेकिन लेसा क्षेत्र में अभी भी करीब 60 फीसदी बिजली के तार जमीन के ऊपर ही हैं। इससे बारिश, तेज हवा और जलभराव के दौरान फाल्ट होने के साथ ही बिजली आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा बना रहता है। वहीं, खुले तारों के कारण सुरक्षा संबंधी जोखिम भी बढ़ जाता है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) के लेसा क्षेत्र में बिजली नेटवर्क का बड़ा हिस्सा अभी भी ओवरहेड व्यवस्था पर निर्भर है।

लेसा के चारो जोन में गोमतीनगर जोन को छोड़ दिया जाय तो अमौसी जोन, जानकीपुरम जोन, मध्यजोन में अभी तक 20 प्रतिशत तार भी जमीन के अन्दर नही हो सके। जबकी करोड़ो रुपये का बजट प्रतिवर्ष लाया जाता है। अब ऐसे में बिजली का तार कब तक जमीन के अन्दर किया जायेगा इसको लेकर अभी भी संसय बना हुआ है।

शहर के कई पुराने और घनी आबादी वाले इलाकों में पोलों पर तारों का जाल दिखाई देता है। ऐसे क्षेत्रों में पेड़ों की डालियां तारों के संपर्क में आने, पोल क्षतिग्रस्त होने और तार टूटने की घटनाएं बारिश के मौसम में बढ़ जाती हैं। बिजली व्यवस्था को भूमिगत करने से तारों के टूटने और बाहरी कारणों से होने वाले फाल्ट में कमी आ सकती है। साथ ही सड़क किनारे पोल और तारों का दबाव कम होने से यातायात और शहर के सौंदर्यीकरण में भी मदद मिलेगी। हालांकि भूमिगत केबलिंग में भारी लागत, सड़क की खुदाई, पुराने नेटवर्क को बदलने और यूटिलिटी शिफ्टिंग जैसी चुनौतियां हैं।

प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या करीब 3.80 करोड़ है, जबकि अकेले मध्यांचल क्षेत्र में लाखों उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जाती है। ऐसे में शहरी क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से भूमिगत नेटवर्क का विस्तार करना जरूरी माना जा रहा है। बिजली अधिकारियों के मुताबिक केवल नए इलाकों में भूमिगत केबल डालना पर्याप्त नहीं होगा। पुराने ओवरहेड नेटवर्क को भी चरणबद्ध तरीके से भूमिगत करना होगा। इससे फाल्ट की संख्या घटाने, बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाने और हादसों की आशंका कम करने में मदद मिल सकती है। लेसा में करीब 60 फीसदी नेटवर्क के अभी भी जमीन के ऊपर होने से भूमिगत केबलिंग की गति बढ़ाना बड़ी चुनौती है।

भरण-पोषण के लिए अलग-अलग अदालतों में मुकदमेबाजी पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि भरण-पोषण का दावा करने के लिए कानून अलग-अलग प्रावधानों के तहत कई मुकदमे दायर करने की अनुमति देता है, लेकिन यदि कोई महिला खुद को आर्थिक रूप से असमर्थ बताकर बुनियादी जरूरतें पूरी करने में कठिनाई की बात कहती है तो समान उद्देश्य से गैर-जरूरी मुकदमेबाजी को बढ़ाना उचित नहीं है। कोर्ट ने कहा कि वैकल्पिक और अनावश्यक मुकदमों की बढ़ती संख्या से फैमिली कोर्ट पर अनावश्यक बोझ पड़ रहा है, जिससे मामलों के निस्तारण में देरी हो रही है।

न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने यह टिप्पणी शशि गुप्ता की ओर से दाखिल संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत याचिका को खारिज करते हुए पारित की। याचिका में लखनऊ की फैमिली कोर्ट के समक्ष लंबित एक निष्पादन का शीघ्र निस्तारण कराने का निर्देश देने की मांग की गई थी। मामले के अनुसार, फैमिली कोर्ट ने चार जून 2024 को धारा 125 सीआरपीसी के तहत पति को पत्नी को प्रति माह सात हजार रुपये भरण-पोषण देने का आदेश दिया था। इस आदेश के अनुपालन के लिए शशि गुप्ता ने 19 जुलाई 2024 को निष्पादन वाद दाखिल किया था। कोर्ट ने पाया कि याची ने



घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत भी शिकायत दाखिल की थी, जिसमें उसे 4500 रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण देने का आदेश हुआ था। दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ था, जिसके तहत पति को 1.51 लाख रुपये और सामान लौटाना था तथा दोनों की आपसी सहमति से तलाक लेने पर सहमति बनी थी।

पति ने समझौते के तहत 50 हजार रुपये का भुगतान भी किया, लेकिन बाद में आपसी सहमति से तलाक की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। कोर्ट ने यह भी गौर किया कि याची ने न तो तलाक के लिए मुकदमा दाखिल किया और न ही दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना के लिए कोई वाद किया। कोर्ट ने कहा कि कानून विभिन्न वैधानिक प्रावधानों के तहत भरण-पोषण के लिए अनेक कार्यवाहियां शुरू करने का अधिकार देता है, लेकिन ऐसी वैकल्पिक और गैर-अनिवार्य मुकदमेबाजी फैमिली कोर्ट के पहले से भारी कार्यभार को और बढ़ाती है। इसी आधार पर कोर्ट ने लंबित निष्पादन वाद के शीघ्र निस्तारण का निर्देश देने से इन्कार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट ने साइबर ठगी के 119 आरोपितों की गिरफ्तारी को माना वैध

- समित बिल्डिंग में कथित रूप से चल रहे फर्जी काल सेंटर का मामला

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने विभूति खंड स्थित समित बिल्डिंग की 11वीं मंजिल पर चल रहे कथित फर्जी साइबर कॉल सेंटर से पकड़े गए 119 लोगों की गिरफ्तारी को वैध माना है। कोर्ट ने कहा कि आरोपितों को गिरफ्तारी के आधार और कारण बरामदगी मेमो के माध्यम से बताए गए थे और उसकी प्रति भी उन्हें दी गई थी। ऐसे में गिरफ्तारी मेमो में कुछ प्रक्रियात्मक कमी होने मात्र से गिरफ्तारी अवैध नहीं हो जाती। न्यायमूर्ति रजनीश कुमार और न्यायमूर्ति बाबिता रानी की पीठ ने 14 आरोपितों की ओर से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया।

मामला 30 जून 2026 की रात का है। पुलिस को सूचना मिली थी कि समित बिल्डिंग की 11वीं मंजिल पर फर्जी साइबर कॉल सेंटर चल रहा है। रात करीब 10रू30 बजे छापा मारने पर वहां 119 लोग मिले, जिनमें 92 पुरुष और 27 महिलाएं थीं। पुलिस ने मौके से 103 लैपटॉप, 99 माउस, 116 हेडफोन, 111 लैपटॉप चार्जर, 68 आईफोन, 109 मोबाइल फोन, बायोमैट्रिक मशीन और राउटर आ






गणेश उत्सव के दूसरे दिन नृत्य नाटिका प्रस्तुत करते कलाकार | मीरा के किरदार में नृत्य करती कलाकार | कथक प्रस्तुत करती महिला कलाकार | नृत्य नाटिका का मंचन करते कलाकार | फोटो-अमित वर्मा

गणपति बप्पा के दरबार में दर्शन करने वाले भक्तों का लगा तांता

गणेश उत्सव के दूसरे दिन गणपति भगवान की विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना व शृंगार, पंडालों में देर शाम तक बही भजनों की बयार




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भक्तों के जीवन से करते हैं दुखों का नाश, अपनी कृपा से पूर्ण करेंगे हम सबके काम... इन भावनाओं के साथ गजानन के पंडालों में गुरुवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंगलकर्ता के उत्सव में चार चांद लगाने के लिए राजधानी के पंड़ालों में दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजन संध्या, नृत्यनाटिका, मनमोहक झांकियों संग जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया।

पंडालों में सुबह प्रभु का शृंगार कर महाआरती की गई वहीं सूरज ढलते ही लाइटों से जगमगाते पंड़ालों की आभा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दोगुनी हो गई। सबके अराध्य और प्रथम पूजनीय प्रभु को खुश करने के लिए कहीं भक्तों ने उन्हें लड्डुओं का भोग लगाया तो कहीं बप्पा का शृंगार किया गया। दानपात्र में भक्तों ने अपनी मनोकामना की चिट्ठी भी प्रभु के नाम लिखी। पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। हर कोई विघ्नहार्ता से अपनी सुख समृद्धि की कामना कर रहा था। वहीं रंगबिरंगी लाइटों से जगमगाते पंड़ालों की आभा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दोगुनी हो गई। सबके अराध्य और प्रथम पूजनीय प्रभु को खुश करने के लिए कहीं भक्तों ने उन्हें मोतीचूर के लड्डुओं का भोग लगाया तो कहीं बप्पा को गजरा चढाया।

गजानन को चढ़ाया 51 किलो का गजरा

श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु मे चल रहे गणेश उत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को मनौती के राजा के दरबार में दर्शन करने वाले भक्तों का तांता लगा रहा। सैकड़ो की संख्या में कतार में लगकर का दर्शन किया दर्शन करने वाले सभी भक्तों को कमेटी द्वारा मोदक का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख आकर्षण गजरे का रहा जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों ने 51 किलो और 12 फीट लंबा गजरा को बप्पा के चरणों में भेंट किया। इससे पहले कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल व पार्षद रंजीत सिंह , जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, अखिलेश बंसल तथा महिलाओं में संध्या बंसल, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, विमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अंजू गुप्ता, अनुराधा गोयल, कविता अग्रवाल समेत अन्य लोग पंडाल में नाचते झूमते बप्पा के दरबार पहुंचे बाद में बप्पा को गजरा भेंट किया। बाद में कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन में 'भजन संध्या' की शुरूआत कोलकाता की अनुश्री शर्मा ने दुनिया चले ना श्री राम के बिना, राम जी मिले ना हनुमान के बिना... भजन से की। इसके बाद उन्होंने तेरे ख्यालों में खोया रहूं मैं दिन और रात प्रस्तुत किया, तत्पश्चात गजानन आज पधारो तथा गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया सुनाया, तो 'मनौती के राजा' का पंडाल बप्पा के जयकारों से गूंज उठा। अगले क्रम में संजय शर्मा द्वारा निर्देशित नृत्य-नाटिका 'महाकाली' का मंचन किया गया। इस नृत्य-नाटिका में माँ काली के रौद्र रूप को दर्शाया गया, जिनके क्रोध को शांत करने के लिए स्वयं भगवान शिव को उनके चरणों के नीचे आना पड़ा। दूसरी नृत्य-नाटिका में यह दिखाया गया कि भगवान विष्णु किस प्रकार हर युग में अवतरित होकर अपने भक्तों को दर्शन देते हैं और उनका कल्याण करते हैं। अंत में 'भक्ति में शक्ति' का मंचन किया गया। इस नृत्य-नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया कि माँ दुर्गा सभी का कल्याण करती हैं तथा विपत्ति में पड़े (हारे हुए) भक्तों पर अपनी असीम कृपा बरसाकर उन्हें भक्ति मार्ग पर अग्रसर करती हैं। संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि भक्त लोग मनौतियों के राजा के दर्शन प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक कर सकेंगे बप्पा की आरती सुबह 9:00 बजे और शाम 6:00 बजे होगी। इस बार बच्चों के नए-नए झूले आ आये हैं फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट के स्टाल है। मीना बाजार में महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सारी सामग्री के स्टॉल है। पूरा परिसर मेले जैसा है। जिसमें सभी प्रकार के समान लोग खरीद सकेंगे।

विधि-विधान से हुई मंगलमूर्ति की पूजा: श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका मे चल रहे श्री गणेश महोत्सव मे गुरुवार को दिन में मंत्रों के साथ मंगलमूर्ति की पूजा अर्चना की गई। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के संजय शर्मा और लखनऊ के सिद्ध महाराज के निर्देशन में हुये। भजन की शरुआत संजय शर्मा ने गणपति का दरबार प्यारा लगता है..., सुनाया तो बप्पा के जयकारे गूंज उठे। भजन के अगले क्रम में जब उन्होंने सेठों की गुलामी तेरी नींद उड़ा देगी, गणपति की गुलामी तेरे काम बना देगी, सुनाया तो पंडाल में उपस्थित लोग घूमने लगे। इसी क्रम मे उन्होंने एक और भजन महामंत्र गणपति का जपने से आते हैं गणराज, इसको जपने से बन जाते हैं सारे काज सुनाया।

बप्पा को लिखें चिट्ठी, पूरी होगी मनोकामना: गणेश चतुर्थी पर्व की शुरूआत हो गई है। विघ्नहर्ता गणेश देवा की स्थापना सभी घरों में हो चुकी है। अपने बप्पा को लोग अपने-अपने घर लेकर आ चुके हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में झूलेलाल वाटिका का गणेश उत्सव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह यह है कि यहां पर एक बॉक्स लगाया गया है। इस बक्से के पास पत्र रखे हुए हैं, जिसमें 108 बार गणपति का मंत्र लिखने के बाद उसके नीचे भक्त अपनी मनोकामना लिखकर उसे बॉक्स में डाल सकते हैं। यह पत्र पूरी तरह से फ्री है। भक्तों की मनोकामना के इस पत्र को अंतिम दिन गणेश भगवान के साथ ही विसर्जित कर दिया जाता है। चिट्ठी, पेन और बॉक्स सब कुछ कमेटी की ओर से पंडाल में रखा गया है।

झूलेलाल वाटिका में खास बात यह है कि यहां पर गौरी पुत्र गणेश को मनौतियों के राजा का नाम दिया गया है। यानी जो सभी की मनोकामना को पूर्ण करते हैं। इस बार झूलेलाल वाटिका में श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से भक्तों के लिए बड़ी संख्या में चिट्ठियां रखी गई हैं। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि इस बार गणपति बप्पा का जो पंडाल बनाया गया है इसे साउथ इंडियन का टच दिया गया है। इसके अलावा मंदिर का पूरा पंडाल वाटरप्रूफ है। बप्पा की मूर्ति 8 फीट की है। एक महल का रूप इस पूरे पंडाल को दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले भी यहां पत्र रखे जाते थे और लोग प्रतिदिन 5000 पत्र उनके नाम लिखते थे, इसलिए इस बार पूरा बॉक्स लगा दिया गया है, जिसमें पत्र लिखकर लोग डाल देंगे और सभी पत्रों को विसर्जित अंतिम दिन कर दिया जाएगा।

बप्पा के दरबार में हुआ संगीतमय सुंदरकांड पाठ: पल्टन छावनी सेक्टर - ए सीतापुर रोड योजना में सात दिवसीय श्रीगणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। दूसरे दिन मंगलवार को बप्पा के दरबार में महिलाओं ने भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय कर दिया। वहीं संगीतमय सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा से माहौल राममय हो गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा, पार्षद मान सिंह यादव, पूर्व पार्षद बृज किशोर पाण्डेय व रूपाली गुप्ता, श्रीकृष्ण कुशवाहा, जय प्रकाश, अतुल मिश्रा, अजय कुशवाहा, महिपाल सिंह, मनीष पाल, राजकुमार, कुलदीप, शम्भू शरण वर्मा, प्रियांशु सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

भजन गाये और मंगल आरती की: राजधानी के शृंगार नगर में श्री गणेशोत्सव के दूसरे दिन बप्पा की विधि-विधान पूजा अर्चना की गयी। संस्था के संयोजक और अध्यक्ष ने बताया कि देर शाम सुंदरकांड पाठ में लोग मंत्रमुग्ध हो गए। आलमबाग स्थित त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर में भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना पुरोहित राजमणि मिश्रा ने की। महिला मंडल ने भजन गाए और मंगल आरती की। नगर निगम जोन पांच आलमबाग दफ्तर में गणेश जी विराजमान हुए। दूसरे दिन जोनल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव ने मंगल आरती की। पूजा.अर्चना के बाद शीश नवाकर आशीर्वाद मांगा। डालीगंज के राजीव गांधी नगर में गणेश प्रतिमा स्थापना के बाद पवन तलवार ने बताया कि पूजन के बाद से भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

अलीगंज के राजा के दरबार में गूंजे भजन, लगे जयकारे




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नेहरू बाल वाटिका पार्क, अलीगंज स्थित गुलाब वाटिका अपार्टमेंट परिसर में चल रहे अलीगंज के राजा के गणेशोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को राजधानी लखनऊ के भजन गायक मुकेश वर्मा ने भजनों की गंगा बहाई तो उपस्थित श्रद्धालु भक्त झूमने पर मजबूर हो गए।

मुकेश ने शुरूआत मनाओ जी, गणेश भक्तों, कृपा करो, गौरी लाल, उसके बाद गणपति जी को प्रथम मनाना है, कीर्तन में उन्हें बुलाना है, सुनाने के बाद सजा दो घर को गुलशन सा..., सुनाया तो लोग मंत्र मुक्त हो गए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, संरक्षक महेश अग्रवाल, संरक्षक डॉ संदीप अग्रवाल, मनीष गुप्ता पुजारी बाबा, शरद तिवारी, मनोज मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने बताया कि 16 सितंबर को लखनऊ के लोकप्रिय गायक विष्णु तिवारी द्वारा भजन संध्या एवं डांडिया नाइट का कार्यक्रम होगा।

माता-पिता के चरणों में ब्रह्मांड देख पाया...: आस्कर योग साईं कृपा सेवा संस्थान के तहत शिवा जी मार्ग के राजा का श्री श्री गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंगलवार को सुबह गणपति महाराज का श्रृंगार व आरती आदिश्री, शशि ,शोभा शुक्ला ने किया । इसके बाद गणेशाभिषेक में 1008 मखाने से गणेश जी का अभिषेक किया गया। गणेश शंकर पवार ने लोगों के बीच में यह बताया गया की माता-पिता के चरणों में ब्रह्मांड देख पाया, वही देव इस जगत में प्रथम पूज्य बन पाया। ऐसा संदेश भी गणपति जी दे रहे हैं। महोत्सव में शाम को गणपति महाराज की महा आरती के आयोजन में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

फिल्म हनुमान अंश की आज होगी स्क्रीनिंग

लखनऊ। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुवाई में बुद्धवार 16 सितम्बर को गोमती नगर स्थित वेब सिनेमा में दो सौ से अधिक सनातनी महिलाओं के लिए आध्यात्मिक फिल्म हनुमान अंश, की दोबारा स्पेशल स्क्रीनिंग, दोपहर 03:00 बजे उद्घाटन सत्र के उपरांत करवायी जाएगी। इस अवसर पर फिल्म के कलाकारों का सम्मान भी किया जाएगा। इससे पहले दो सौ महिलाओं के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग मंगलवार 8 सितम्बर को गोमती नगर स्थित फन रिपब्लिक में की गई थी। उस अपार सफल आयोजन में माननीय सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान मुख्य अतिथि थे। सपना गोयल के अनुसार हनुमान अंश फिल्म ने न केवल सनातनी आध्यात्मक शक्ति को वैश्विक स्तर पर जागृत किया है बल्कि भारतीय सिनेमा जगत को भी एक निर्णायक दिशा प्रदान की है। उनके अनुसार भगवान राम के भक्त हनुमान, भारतीय परंपरा में भक्ति, सेवा, समर्पण, साहस, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा के अप्रतिम आदर्श हैं। श्रीराम के प्रति उनका समर्पण हमें यह संदेश देता है कि वास्तविक शक्ति केवल सामर्थ्य में नहीं, बल्कि उस सामर्थ्य का उपयोग लोककल्याण और धर्म के लिए करने में है। सपना गोयल ने बताया कि उनका एक मात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, भारत एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो। भारत उत्थान के इस महा उद्देश्य की पूर्ति के लिए ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन, करवाया जा रहा है।

जैन धर्म का सबसे बड़ा महापर्व दश लक्षण महापर्व आज से



लखनऊ। जैन धर्म का सबसे बड़ा महापर्व दश लक्षण महापर्व बुधवार, 16 सितंबर से प्रारंभ होकर 27 सितंबर तक श्रद्धा, भक्ति और तपस्या के साथ मनाया जाएगा। महापर्व को लेकर लखनऊ के विभिन्न जैन मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। चौक, डालीगंज, महानगर, इंदिरानगर, गुडंबा, गोमतीनगर, आशियाना, चारबाग, अय्यागंज, ऐशबाग एवं सआदतगंज सहित शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में झालरों और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक सजावट की गई है। दश लक्षण महापर्व के दौरान जैन धर्मावलंबी त्याग, तपस्या, संयम और आत्मशुद्धि के माध्यम से स्वयं को धर्म से जोड़ेंगे। दस दिनों में क्रमशः उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य एवं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना की जाएगी। महापर्व के दौरान सभी जैन मंदिरों में प्रतिदिन प्रातः 6:00बज से विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण कर दश लक्षण पर्व की विशेष पूजा-अर्चना में शामिल होंगे। मंदिरों में सुबह से ही धार्मिक वातावरण रहेगा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म आराधना करेंगे। इस बार लखनऊ में दो गुरु महाराजों की उपस्थिति के कारण डालीगंज और आशियाना जैन मंदिरों में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। डालीगंज जैन मंदिर में आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज तथा आशियाना जैन मंदिर में उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज के सानिध्य में विशेष प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं को धर्म, संयम, त्याग और आत्मकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए जाएंगे। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि पर्व के अंतिम दिन 27 सितंबर को सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर जैन समाज के लोग एक-दूसरे से अपने द्वारा जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा प्रार्थना करेंगे और आपसी प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारे का संदेश देंगे।

गांधी जयंती पर होंगे तीन दिवसीय विविध आयोजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि, गांधी भवन, लखनऊ के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर 2 से 4 अक्टूबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ ने इस संबंध में सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गांधी भवन में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य गांधीजी व शास्त्री जी के विचारों, जीवन मूल्यों और आदर्शों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है। समारोह का शुभारंभ 2 अक्टूबर को सुबह 9 बजे गांधी प्रतिमा (जी.पी.ओ. पार्क, हजरतगंज) एवं गांधी प्रतिमा (गांधी भवन, कैसरबाग, लखनऊ) पर सुबह 11 बजे माल्यार्पण से होगा। 3 अक्टूबर (शनिवार): को संगीत एवं लघुनाटिका प्रतियोगिता होंगी। 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से निबंध लेखन व संगीत और लघु नाटिका प्रतियोगिताएं होंगी। 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी। तीन दिनों में शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान, मुंबई के कलाकारों द्वारा नाट्य मंचन होगा। जिसमें 2 अक्टूबर मायाजाल, 3 अक्टूबर को हास्य नाटक एक अदद बीबी और 4 अक्टूबर को धत तेरी की का मंचन होगा। प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम 12 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 2 बजे गाँधी स्मारक निधि की ओर से किया जायेगा। गांधी स्मारक निधि के सचिव लाल बहादुर राय के अनुसार प्रतियोगिता में केवल विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राएं ही भाग ले सकेंगे। प्रतिभागी अपने साथ ड्राइंग बोर्ड, रंग, पेंसिल व सीट आदि स्वयं लाएंगे। संगीत व नाटक प्रतियोगिता के लिए समय सीमा अधिकतम 5 मिनट निर्धारित की गई है। संस्था के अनुसार 25 सितंबर तक प्रविष्टियां जमा करना अनिवार्य है।

गोमती पुस्तक महोत्सव में गूंजी अंतरिक्ष की उड़ान की कहानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की ओर से आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव में मंगलवार को साहित्य, विज्ञान, समकालीन विमर्श और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई। दिन की शुरूआत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के प्रेरक संवाद से हुई। इसके बाद दोपहर के सत्र में नरेंद्र मोदी और बनारस से जुड़े विमर्श, बाल साहित्य और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा हुई, जबकि शाम को कवि सम्मेलन में कविता, स्मृतियों और हास्य-व्यंग्य ने माहौल को साहित्यिक रंग दिया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की ओर से आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव में मंगलवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ विशेष संवाद सत्र धरती से अंतरिक्ष तक सपनों की उड़ान आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनकी अंग्रेजी पुस्तक द सेकेंड ऑर्बिट का लोकार्पण उन्होंने अपने परिजनों के साथ संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने वीडियो संदेश से शुभांशु शुक्ला की पुस्तक और उनकी अंतरिक्ष यात्रा की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। पुस्तक के लोकार्पण के बाद शुभांशु शुक्ला ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और अपने बचपन, शिक्षा, भारतीय वायुसेना में सेवा, प्रशिक्षण तथा अंतरिक्ष तक पहुंचने की पूरी यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखने के बाद इंसान की सोच और नजरिया पूरी तरह बदल जाता है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष से न कोई देश दिखाई देता है, न कोई शहर और न ही कोई क्षेत्रीय सीमा। वहां से केवल एक सुंदर और एकीकृत पृथ्वी दिखाई देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि यदि अंतरिक्ष में कोई एलियन उनसे पूछे कि वे कहां से आए हैं और वे अपने शहर या देश का नाम बताएं, तो शायद वह उसे न समझ पाए। लेकिन यदि वे कहें कि वे पृथ्वी से आए हैं, तो वह बात तुरंत समझ में आ जाएगी।

कविताओं ने जगाई बचपन की यादें, हास्य-व्यंग्य से गूंजा मंच: मंगलवार की शाम आयोजित कवि सम्मेलन में कविता, संवेदना, स्मृतियों और हास्य-व्यंग्य का रंग देखने को मिला। कवयित्री पद्मिनी शर्मा ने मां सरस्वती की वंदना से कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। इसके बाद कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जीवन के विविध अनुभवों को श्रोताओं के सामने रखा। कवि चेतन चर्चित ने घर और परिवार के महत्व को रेखांकित करते हुए बचपन की छुट्टियों और आज की जिंदगी के बीच का फर्क सहज अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी बात—ह्लबचपन में छुट्टी होते ही घूमने जाने का मन करता था, लेकिन अब छुट्टी मिलते ही घर जाने का ख्याल आता हैह्व—ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। कवि राजेश अग्रवाल ने बचपन की निश्छल यादों और जीवन की सच्चाइयों को अपनी भावपूर्ण रचनाओं में पिरोया। उनकी प्रस्तुति पर सभागार तालियों से गूंज उठा। शाम के सत्र में हास्य कवि शंभू शिखर ने समकालीन राजनीति और सामाजिक घटनाक्रम पर हास्य-व्यंग्य के तीखे तड़के से खूब मनोरंजन किया। उनकी चुटीली प्रस्तुतियों पर श्रोता ठहाके लगाते नजर आए। अन्य कवियों की रचनाओं ने भी शाम को साहित्यिक और मनोरंजक रंग प्रदान किया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

पत्रांक : 2715/ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक : 07.09.2026

ई-निविदा सूचना

(प्रथम आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड उ.प्र. लोक निर्माण विभाग, सीतापुर में रजिस्टर्ड मार्ग श्रेणी-ए,बी,सी,डी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं.	जनपद खण्ड/ का नाम	विधान सभा का नाम	कार्य का नाम	निविदा की लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं अनुरक्षण की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सीतापुर/ प्रा.खण्ड	बिसवां	पिपरी अनन्तपुर स्कूल के पास से सरैयाकला प्रथम भाग का अवशेष मरम्मत का कार्य।	14.50	1.45	860.00	02 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक **19.09.2026 से 29.09.2026** तक उपलब्ध है जो कि दिनांक **29.09.2026** को समय अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक **29.09.2026** को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एम. के. वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

UPID-256328 Date: 15.09.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

युवक का शांति भंग में चालान

आजमगढ़। जनपद के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में फेसबुक के माध्यम से एक महिला के अकाउंट पर कथित तौर पर आपत्तिजनक, अश्लील एवं सेक्सुअल मैसेज भेजने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में आरोपी युवक की पहचान सौरभ राय पुत्र रामप्रकाश राय, निवासी इसरापार, थाना जीयनपुर, आजमगढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी की क्षेत्र के एक बड़े राजनीतिक दल के कई बड़े नेताओं के साथ अक्सर तस्वीरें और वीडियो सामने आते रहे हैं।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, रानी की सराय थाना क्षेत्र निवासी ने बताया कि उनकी पत्नी फेसबुक चलाती हैं। आरोप है कि उनकी पत्नी के फेसबुक अकाउंट पर आरोपी की ओर से आपत्तिजनक, अश्लील एवं सेक्सुअल मैसेज भेजे गए। तहरीर में संबंधित फेसबुक प्रोफाइल लिंक का उल्लेख करते हुए बताया गया कि इस संबंध में पहले पोर्टल और साइबर थाना में भी शिकायत की गई थी। इसके बाद प्रार्थी ने जीयनपुर थाने में तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया है। वहीं, जीयनपुर कोतवाल से बातचीत में उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी सौरभ राय को हिरासत में लेकर उसका शांति भंग के आरोप में चालान किया गया है।

सांप कांटने से युवती की मौत

जौनपुर। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के मछलीगांव में सांप के डंसने से बीए की छात्रा आंचल की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आंचल घर में अपनी बहन के साथ सो रही थी। इसी दौरान बेड पर चढ़े सांप ने उसे डंस लिया। सांप के डंसने के बाद परिजन छात्रा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन एक निजी अस्पताल भी पहुंचे, जहां चिकित्सक ने भी मौत की पुष्टि की।घटना के बाद सांप की तलाश में सर्प पकड़ने वालों को बुलाया गया। काफी खोजबीन के बावजूद सांप का पता नहीं चल सका। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

भर्ती की दौड़ में दो युवक बेहोश

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर में स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे होमगॉर्ड की भर्ती की दौड़ में दो युवक दोड़ लगाते समय बेहोश हो गयें। मंगलवार सुबह से ही दौड़ लगाने की प्रतिक्रिया के लिए होमगॉर्ड में भर्ती युवाओं की लाइन लग गई। इस दौड में 25 वर्षीय राहुल पांडेय पुत्र राजेश कुमार पांडेय निवासी पहाड़पुर कला थाना करंडा जनपद गाजीपुर और 23 वर्षीय शिवम तिवारी पुत्र राजेश तिवारी निवासी सखापुर थाना मरदाह जनपद गाजीपुर टोली के साथ पांच किलो मीटर दौड़ के लिए जैसे ही दौड़े कुछ ही दूर जाते जाते यह दोनों युवक अचेत होकर गिर पड़ें। दोनों को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया जहां इन्होंने बताया कि दौड़ का समय सुबह 8 बजे दिया गया था लेकिन दौड़ लगभग 12 बजे कराई गई। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने दोनों के ठीक हो जाने के बाद उनकी छुट्टी कर दी है।

दुर्गा मंदिर का घंटा चोरी

करमा,सोनभद्र। स्थानीयथाना क्षेत्र अन्तर्गत मदैनिया गाँव में तालाब के किनारे दुर्गा मंदिर स्थित है जहा ग्रामीण पूजा अर्चना करते हैं मंदिर सामने 2 घंटा लगाया गया था जिसमें से एक लगभग 7 किलो पीतल घंटा सिकड़ी काटकर उठा ले गये सुबह जब लोग मंदिर गये तो घंटा बजाने के लिए हाथ उपर किये तो अवाक रह गये लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुच पुलिस ने मुआयना किया ग्रामिणों कि माने तो लगभग 3 वर्ष पहले इसी मंदिर में स्थापित मातारानी का आभुषण चोरी हो गया था उस समय पुलिस को प्रार्थना पत्र भी दिया गया था परिणाम कुछ नहीं निकला। जानकारों की चर्चा की मानें तो प्रति दिन नशेड़ियों की संख्या बढ रही जिससे चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। कुल मिलाकर मंदिर में चोरी की घटना निंदनीय है बीती रात रविवार का मामला बताया जा रहा है लोगों ने प्रभारी निरीक्षक से चोरी की घटना का खुलासा करने की आशा व विश्वास जाहिर किया।इस सम्बन्ध थाना प्रभारी ने सेल फोन बताया कि जानकारी प्राप्त हुई।पुलिस अपने स्तर से छान बीन शुरू कर दी है।

सेवा संकल्प अभियान में करें जनभागीदारी

जिला संवाददाता(vol)



- 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पोषण व जनकल्याण पर रहेगा विशेष जोर

सोनभद्र। जनपद में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ प्रभावी एवं परिणामपरक बनाने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता मंगलवार को में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एमएलसी विनीत कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, जिलाधिकारी चर्चित गौड़ सहित जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। श्री विश्वकर्मा ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान जनसेवा, जनकल्याण और जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बने। अभियान का प्रभाव ग्राम पंचायत से लेकर नगरीय क्षेत्रों तक दिखाई देना चाहिए। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए अधिकारी पूरी संवेदनशीलता एवं सक्रियता से कार्य करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के दौरान रक्तदान शिविर, दिव्यांगजन कल्याण शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य एवं पोषण गतिविधियां, शिक्षा एवं युवा संवाद, रोजगार एवं आजीविका से जुड़े कार्यक्रम तथा जनजागरूकता गतिविधियां सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जाएं। कार्यक्रमों में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों, लाभार्थियों एवं आम नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अभियान की कार्ययोजना में 17 सितम्बर से रक्तदान शिविर, दिव्यांग कैंप एवं विभिन्न जनसहभागिता कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं।

श्री गुप्ता ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को व्यापक स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। गांव-गांव तक सेवा एवं जनकल्याण की भावना पहुंचे और केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से पात्र लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाए।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित न रहें, बल्कि उनका सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखाई दे। सभी नोडल अधिकारी अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों की तैयारी समय से पूर्ण करें तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

श्री गौड़ ने कहा कि कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लाभार्थियों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों, लाभार्थियों की सफलता की कहानियों एवं विकास कार्यों को फोटो एवं वीडियो के माध्यम से भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने सेवा संकल्प अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली गतिविधियों, निर्धारित तिथियों, विभागवार दायित्वों एवं नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायत, विकास खण्ड एवं जनपद स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता, रोजगार, युवा सहभागिता, जनजागरूकता एवं जनकल्याण से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा की भावना और ह्यविकसित भारत-2047ह्ल का संकल्प जन-जन तक पहुंचे, यही अभियान की वास्तविक सार्थकता होगी।

इस मौके पर विधायक सदर के प्रतिनिधि विकास मिश्रा, विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकरी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

दो भाइयों के विवाद में बीच बचाव करने गये अधेड़ की मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में सोमवार की देर शाम साढ़े छह बजे के करीब शराब के नशे में लड़ रहे दो भाइयों के बीच बचाव के लिए पहुंचे गांव निवासी वृद्ध की पास में स्थित बिजली के खंभे में सिर टकराने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बंजारी कलां गांव में शराब पीने के बाद दुकान पर गुटखा खरीदने गए बंजारी कलां गांव निवासी कमलाशंकर उर्फ अमल कोल तथा उसका छोटा भाई रत्नेश उर्फ लोहा शराब के नशे में धुत होकर गांव की दुकान पर गुटखा खरीदने गए थे उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों आपस में दो लड़ाई झगड़ा करने लगे।

पास में मौजूद गांव निवासी 70 वर्षीय हीरा कोल दोनों भाइयों को आपस में झगड़ते देख बीच बचाव के लिए पहुंचे तो कमला शंकर उर्फ अमल कोल का हाथ हीरा कोल को लग गया जिससे हीरा कोल पास में स्थित बिजली के खंभे से टकरा गए।सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हीरा कोल की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार एसआई कृपाशंकर यादव, पुनीत कुमार गुप्ता ने घटना की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद रत्नेश उर्फ लोहा मौके से भाग निकला पुलिस कमला शंकर उर्फ अमल को पकड़कर थाने ले गई। ग्रामीणों का कहना है कि बंजारी कलां गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री होने पर शराबी आए दिन झगड़ा करते रहते हैं। शराबियों के झगड़े में बीच-बचाव करने गए वृद्ध को आपस में लड़ रहे भाइयों द्वारा धक्का देने से मौत हो गई।इस संबंध में सीओ लालगंज अमर बहादुर ने बताया कि शराब के नशे में आपस में विवाद कर रहे दो भाइयों के बीच बचाव के लिए गए वृद्ध हीरा कोल को एक भाई का हाथ लग गया जिससे पास में बिजली के खंभे में टकराने से गंभीर चोट लगने से मौत हो गई है। मृतक के परिजन इस संबंध में कोई कार्रवाई नही चाहते हैं। यदि मृतक के परिजन आरोपितों के विरुद्ध तहरीर देते हैं तो आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

अंधेरे में रातें काटने को मजबूर हैं टेढ़ा गांव के वाशिंदे

दुद्धी (सोनभद्र)। जिले में बिजली की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेढ़ा का है, जहाँ के ग्रामीण पिछले कई दिनों से घोर बिजली संकट का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में कहीं मुख्य ट्रांसफार्मर फूका पड़ा है, तो कहीं बिजली के खंभे और जर्जर तार जमीन पर आ गिरे हैं। इस गंभीर समस्या के चलते गाँव के कई हिस्सों में पूरी तरह अंधेरा छाया हुआ हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, पिपरहवा टोला में बिजली का पोल और तार पखवाड़े भर से गिरे पड़े हैं जबकि गाँव के बैगा बस्ती के करीब लगा ट्रांसफार्मर भी बार -बार जल जा रहा हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं।इस विकराल समस्या के बारे में बिजली विभाग के स्थानीय लाइनमैन से लेकर उच्च अधिकारियों तक को कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक न तो खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदला गया है और न ही गिरे हुए पोल और तारों को दुरुस्त करने की कोई जहमत उठाई गई है। विभाग की इस घोर लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।अजीत, मिथलेश, विकास, उमेश, नंदू और अखिलेश समेत दर्जनों ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि उमस भरी गर्मी और अंधेरा होने के कारण रात के समय जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी काफी बढ़ गया है। बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के सारे काम पूरी तरह ठप हो चुके हैं।

डीएम ने किया मार्गों का स्थलीय निरीक्षण



जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. ने सोमवार देर रात जनपद मुख्यालय के विभिन्न प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सड़कों की स्थिति और नगरीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम के देर रात सड़कों पर निकलने से संबंधित विभागों में भी हलचल रही।जिलाधिकारी ने सद्भावना पुल से निरीक्षण की शुरूआत की। इसके बाद शाही किला, अटाला मस्जिद, जिला अस्पताल, जौनपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन, शकरमंडी, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज, कोतवाली क्षेत्र, सिपाह, कलेक्ट्रेट, लाइन बाजार और डाक बंगला लाइन बाजार सहित प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों पर मौजूद गड्ढों, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी समेत अन्य नगरीय व्यवस्थाओं को मौके पर देखा। संबंधित अधिकारियों को सड़कों की स्थिति में आवश्यक सुधार कराने और आमजन की सुविधा व सुरक्षित आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य राजस्व अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जल निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर, पीडब्ल्यूडी एवं नगर पालिका के अवर अभियंता समेत संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

तीसरी मंजिल से गिरे पेंटर की इलाज के दौरान मौत

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। खेतासराय का एक युवक बंगलूरू में पेंटिंग का काम करते समय इमारत की तीसरी मंजिल से गिरकर घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार को शव जमीन रुधौली गांव पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी और मां का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

सुतौली घाट पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। अर्जनपुर ग्राम पंचायत के जमीन रुधौली गांव निवासी दुर्बली बिंद का 28 वर्षीय पुत्र पंकज बिंद बंगलूरू में रहकर पेंटिंग करता था। आठ सितंबर को काम के दौरान वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया था। गंभीर चोट लगने के बाद आसपास के लोगों और रिश्तेदारों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर उसका बड़ा भाई केशव बिंद भी बंगलूरू पहुंच गया था। उपचार के दौरान पंकज की मौत हो गई। परिवार के लोगों को तत्काल इसकी जानकारी नहीं दी गई। केशव शव लेकर गांव के लिए रवाना हुआ, तब परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। सोमवार को शव घर पहुंचते ही पत्नी अनीता और मां निर्मला का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।पंकज की मौत से उसकी डेढ़ वर्षीय बेटी अर्चिता के सिर से पिता का साया उठ गया। दोपहर बाद सुतौली घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

जल शोधन संयंत्र में पहुंचे डेनमार्क के राजदूत रासमुस एबिल्डगार्ड क्रिस्टेनसेन



लालगंज, मीरजापुर। नरैना कला में जल जीवन मिशन के तहत संचालित जल शोधन संयंत्र में मंगलवार को डेनमार्क के राजदूत रासमुस एबिल्डगार्ड क्रिस्टेनसेन पहुंचे। उन्होंने संयंत्र का भ्रमण कर कच्चे पानी को शुद्ध पेयजल में बदलने की प्रक्रिया देखी। पानी की गुणवत्ता जांचने वाली प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया।

संयंत्र के अधिकारियों ने राजदूत को पानी के स्रोत से लेकर शोधन, क्लोरीनेशन और घरों तक आपूर्ति की पूरी व्यवस्था समझाई। उन्होंने अलग-अलग चरणों को देखा और पानी की गुणवत्ता बनाए रखने से जुड़े सवाल किए। पानी के नमूने लेने और उनकी जांच की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली।एडीएम विजेता ने जल जीवन मिशन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। एनसीसी कंपनी के हेड विनोद मिश्रा ने पानी के स्रोत, उसकी गुणवत्ता और शोधन प्रक्रिया में क्लोरीन के उपयोग के बारे में बताया। राजदूत ने ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिलने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी सवाल किए। उन्होंने जलजनित बीमारियों, डायरिया में कमी और ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने योजना से ग्रामीण क्षेत्र में हुए बदलावों के बारे में बताया। निरीक्षण के दौरान राजदूत ने संयंत्र के विभिन्न हिस्सों की तस्वीरें भी लीं।

भाजपा की असली ताकत उसका बूथ स्तरीय कार्यकर्ता: विपिन

जिला संवाददाता



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की आहट के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने अपने सांगठनिक तंत्र को जमीनी स्तर पर कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बीजेपी काशी क्षेत्र के नव-मनोनीत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विपिन सिंह से वाराणसी स्थित उनके आवास पर हुई ?वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों की समीक्षा करना, हर बूथ की मजबूती सुनिश्चित करना और लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प दोहराना लक्ष्य है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विपिन सिंह ने स्पष्ट किया कि बीजेपी की असली ताकत उसका बूथ स्तरीय कार्यकर्ता है।

चुनाव में शत-प्रतिशत सफलता पाने के लिए 'हर बूथ, मजबूत बूथ' की नीति पर काम किया जाएगा। ?त्रिदेव व्यवस्था का पुनर्गठनः काशी क्षेत्र के सभी बूथों पर 'त्रिदेव' (बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक और बीएलओ-2) की सक्रियता की समीक्षा की गई है और आवश्यक स्थानों पर पुनर्गठन के निर्देश दिए गए। मतदाता सूची के हर पन्ने के लिए जिम्मेदार 'पन्ना प्रमुखों' के कार्यों का लेखा-जोखा लिया गया, ताकि सीधे परिवारों से संवाद साधा जा सके।

कमजोर बूथों की समीक्षा और श्रेणीकरण वार्ता के दौरान पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के आंकड़ों के आधार पर काशी क्षेत्र के सभी बूथों की समीक्षा की गई है। जिन बूथों पर पार्टी का प्रदर्शन अपेक्षानुसार नहीं रहा, उन्हें 'कमजोर बूथ' के रूप में चिन्हित किया गया। इन बूथों के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है, जिसके तहत क्षेत्रीय पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वयं वहां जाकर स्थानीय समस्याओं और सामाजिक समीकरणों को साधेंगे। जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार तय किया गया है केंद्र और राज्य सरकार की सभी फ्लैगशिप योजनाओं (जैसे मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि, आवास योजना, और आयुष्मान भारत) के लाभार्थियों से सीधा संपर्क बनाया जाएगा। ?कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों का पत्रक बांटेंगे। विकास कार्यों (जैसे काशी में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, फोरलेन सड़कें और कॉरिडोर विकास) को मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा।2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए नव-मतदाताओं को संगठन से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। क्षेत्रीय स्तर पर युवा मोर्चा और महिला मोर्चा को विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विपिन सिंह के साथ हुई इस भेंट वार्ता से यह स्पष्ट संदेश दिया कि भाजपा चुनाव से बहुत पहले ही कैडर को सक्रिय करने के मूड में है। बूथ स्तर तक सूक्ष्म योजना और प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी के बल पर पार्टी 2027 में काशी क्षेत्र की सभी सीटों पर परचम लहराने की तैयारी में जुट गई है।

विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे मनाया गया



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर।पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में मंगलवार को इंजीनियर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कुलपति ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हमेशा ज्यादा संसाधनों की जरूरत नहीं होती।

उपलब्ध सीमित संसाधनों का बेहतर उपयोग करके भी अच्छे नतीजे पाए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनके किसी प्रयास से विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो इससे बड़ी खुशी उनके लिए और कुछ नहीं हो सकती। विद्यार्थियों से रोजगार और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार कौशल विकास पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि प्लेसमेंट की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को लगातार बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। पोस्टर प्रतियोगिता में श्रेयस प्रजापति और उनकी टीम ने पहला स्थान हासिल किया। डिबेट प्रतियोगिता प्रतीक तिवारी और उनकी टीम ने जीती। पूनम सोनकर, डॉ. विशाल यादव, प्रीति शर्मा, डॉ. रितेश बरनवाल, डॉ. पारुल त्रिवेदी और डॉ. संतोष त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षकों ने इस आयोजन में अहम भूमिका निभाई।

लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर थानाध्यक्ष निलंबित

आजमगढ़। जिले की पुलिसिंग में लापरवाही और अनुशासनहीनता पर एसएसपी डॉ. अनिल कुमार ने बड़ा एक्शन लिया है। कामकाज में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में अहरौला और अतरौलिया के थानाध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही दोनों थानों की कमान नए अधिकारियों को सौंपते हुए छह उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति है। अहरौला के थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक मंतोष सिंह और अतरौलिया के थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक देवेन्द्र नाथ दुबे के खिलाफ विवेचनाओं को लंबित रखने, निर्धारित समय में मामलों का निस्तारण नहीं करने और उच्चाधिकारियों के आदेश-निदेर्शों की अवहेलना करने की शिकायतें सामने आई थीं। जांच में पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, उदासीनता और अनुशासनहीनता पाए जाने पर एसएसपी ने दोनों को निलंबित कर दिया। निलंबन की कार्रवाई के साथ ही पुलिस प्रशासन ने दोनों थानों में नई तैनाती कर दी है। उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार दुबे को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष अतरौलिया बनाया गया है। वहीं उपनिरीक्षक राम किशोर शर्मा को प्र०चै० ब्रह्मस्थान, थाना कोतवाली से थानाध्यक्ष अहरौला की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पुलिस व्यवस्था में बदलाव करते हुए उपनिरीक्षक अतुल कुमार मिश्रा को थानाध्यक्ष जहानागंज से थानाध्यक्ष बिलरियागंज तथा उपनिरीक्षक अमित कुमार मिश्रा को थानाध्यक्ष बिलरियागंज से थानाध्यक्ष जहानागंज भेजा गया है। स्थानांतरण सूची में महिला उपनिरीक्षक प्रियंका तिवारी को पुलिस लाइन से प्रभारी चैकी ब्रह्मस्थान, थाना कोतवाली बनाया गया है। वहीं उपनिरीक्षक मोहम्मद सत्तार को पुलिस लाइन से थाना मुबारकपुर भेजा गया है। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिया।

मारपीट में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

जौनपुर। मीरगंज थाना क्षेत्र के गोपालापुर गांव निवासी बालकनाथ पुत्र पुन्नवासी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी आए दिन पीड़ित के घर पहुंचकर उसकी अविवाहित पुत्री के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते थे। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।बालकनाथ ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव के बाबुलनाथ, मनोज, कुलदीप, मुन्नी देवी और मैना देवी ने पहले एकराय होकर उसके साथ मारपीट की थी। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि इसी मुकदमे की रंजिश को लेकर आरोपी उसकी पुत्री को आए दिन गाली देते और अपमानित करते थे। पीड़ित के अनुसार वह बकरी चराने गया था। घर पर उसकी अविवाहित पुत्री अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान पांचों लोग उसके घर पहुंच गए और पुत्री के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्रता करने लगे। पुत्री के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर आने लगे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गए।बालकनाथ का आरोप है कि घटना की सूचना मीरगंज थाने और जंघई चैकी पर देने के बावजूद तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने अपनी पुत्री के साथ भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका भी जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुर्गा पूजानोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा

जौनपुर। श्री दुर्गा पूजा महासमिति की एक बैठक महासमिति के केंद्रीय कार्यालय नवदुर्गा मंदिर, नखास में नव चयनित अध्यक्ष मनीष देव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी शारदीय नवरात्र भव्य दुर्गा पुजनोत्सव के अवसर पर महासमिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुरस्कार वितरण सहित अन्य आयोजनों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए समयबद्ध तैयारी आवश्यक है। शारदीय नवरात्र से पहले नगर एवं ग्रामीण अंचलों की सड़कों की खराब स्थिति पर चर्चा की गई। महासमिति ने जिला प्रशासन से मांग की कि नवरात्र शुरू होने से पहले नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढामुक्त कराया जाए, ताकि विभिन्न पूजा समितियों को मां दुर्गा की प्रतिमाओं को पंडालों तक ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।इसके साथ ही बिजली और साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर भी जिला प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। महासमिति के सदस्यों ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्र से पहले बिजली व्यवस्था, सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करा दिया जाय। निर्णय लिया कि जल्द ही महासमिति जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग से मुलाकात करेंगे। इस दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों, बिजली, साफ-सफाई सहित अन्य जनसमस्याओं से संबंधित मांगों का पत्रक अधिकारियों को सौंपा जाएगा। महेश जायसवाल, प्रिन्स तनेजा, विवेक जायसवाल, कृष्ण कुमार, महेंद्र अग्रहरि, उदय मौर्य, रोहित सिन्हा, यश गुप्ता, रतन मौर्या, द्वारिकेश अग्रहरि, रवि शंकर यादव, मुकुल यादव सहित महासमिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी महासमिति के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने दी।

लाखों की लागत से बने स्कूल हो रहे जर्जर न बच्चे पढ़ने आये न पढ़ाने आये टीचर

मीरजापुर। जिले के विकास खंड जमालपुर कि जहां गरीब बच्चों को नजदीक में शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2022-23 में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए प्राथमिक विद्यालय अब देखरेख के अभाव में जर्जर होते जा रहे हैं। शासन



द्वारा हिनौती ग्राम पंचायत के अलमापुर, पिड़खिर ग्राम पंचायत के भैंसा सुर, भदावल ग्राम पंचायत के गोविंदपुर, जफरपुरा ग्राम पंचायत के आजाद नगर तथा अहरौरा के पास कुल पांच प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण कराया गया था। बताया जाता है कि प्रत्येक विद्यालय के निर्माण में करीब 8 से 10 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।लेकिन एक-दो विद्यालयों को छोड़ दें तो अलमापुर और भैंसा सुर जैसे विद्यालयों में अभी तक पठन-पाठन का कार्य शुरू ही नहीं हो सका है। विद्यालयों में बच्चों का पठन-पाठन और नियमित देखरेख नहीं होने से अराजक तत्वों द्वारा सोलर पैनल, सबमर्सिबल पंप, पानी की टंकी, नल की पाइप व टोटियां तक उखाड़ लिया गया

संक्षेप

चोरी के माल समेत आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना मटसेना पुलिस ने एक आरोपी को चोरी के माल समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार पंखा किट और तांबे की कॉयल बरामद की हैं। थानाध्यक्ष विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कनेटा सर्विस रोड से जितेन्द्र पुत्र वेदप्रकाश निवासी शान्तिनगर भारत टॉकीज के पीछे थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी के मुकदमे से संबंधित चार पंखा किट,तांबे की कॉयल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

मोदी के जन्मदिन पर चौमुहां में जुटेगी नारी शक्ति

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चौमुहां में नारी शक्ति के सम्मान का भव्य आयोजन होने जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रस्तावित तीन दिवसीय 'नारी शक्ति वंदन एवं बहना सम्मान समारोह' में क्षेत्र की करीब 20 हजार महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं और क्षेत्र की मातृशक्ति में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा ने बताया कि आयोजन में चैमुहां विकासखंड की सभी 41 ग्राम पंचायतों की महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। तीन दिनों तक चलने वाले समारोह में अलग-अलग ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचेंगी। अलग-अलग दिनों में निर्धारित ग्राम पंचायतों से महिलाओं को कार्यक्रम स्थल तक लाने और समारोह के बाद उन्हें सुरक्षित वापस पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जा रही है। व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कार्यकताओं की विशेष टीमें भी लगाई जाएंगी। 20 हजार महिलाओं के सम्मान के प्रस्तावित आयोजन को लेकर कस्बे में तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन स्थल, परिवहन, स्वागत, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं।

25 लाख के आभूषणों सहित दो शातिर गिरतार

मथुरा। आगरा कैंट और मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशनों पर हुई चोरी की घटनाओं का जीआरपी ने सफल अनावरण करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों को दबोच लिया, जिनके कब्जे से करीब 25 लाख रुपये कीमत के सोने व पीली धातु के आभूषण बरामद हुए हैं। बरामद सामान में चार जोडो चूडियां, मंगलसूत्र, हार, दो बडे कानों के आभूषण, तीन अंगूठियां, एक जोडी झुमकी और चेन शामिल हैं। जीआरपी की इस कार्रवाई से कई चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है। क्षेत्राधिकारी जीआरपी आगरा राजेश दीक्षित के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुनीत और आकाश के रूप में हुई है। दोनों शातिर तरीके से रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को निशाना बनाते थे। पूछताछ में चैंकाने वाला खुलासा हुआ कि एक आरोपी पुनीत नीट परीक्षा पास कर चुका है, लेकिन लग्जरी जीवनशैली की चाह में अपराध की राह पर चल पडा। मुख्य आरोपी पुनीत चोरी से मिले पैसों से अपनी गर्लफ्रेंड की जरूरतें पूरी करता था। बताया गया कि गर्लफ्रेंड को कैंसर होने पर उसके इलाज में करीब 80 लाख रुपये खर्च कर चुका है।

संस्कृति विवि में विद्यार्थियों के स्वर में गूंजा हिंदी का गौरव



मथुरा। हिंदी दिवस के अवसर पर संस्कृति विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में ओरेटर्स क्लब द्वारा विविध एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं प्रभावी अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में कविता पाठ, वक्तव्य प्रतियोगिता, हिंदी क्विज तथा विशेष काव्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की निर्धारित रूपरेखा में ह्लमेरी भाषा, मेरी अभिव्यक्तिह्व विषय पर वक्तव्य प्रतियोगिता तथा हिंदी क्विज भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विवि के कुलपति डॉ. एम.बी. चेट्टी ने अपने उद्बोधन में हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना के साथ इसके अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। कैप्स के निदेशक डॉ. राजनीश त्यागी ने हिंदी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को भाषा के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा कविता पाठ एवं वक्तव्य प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। ह्लमेरी भाषा, मेरी अभिव्यक्तिह्व विषय पर विद्यार्थियों ने हिंदी के प्रति अपने विचारों और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में लक्ष्मी ने हिंदी दिवस के महत्व पर परिचयात्मक वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात ओरेटर्स क्लब की प्रमुख शुभांगी सक्सैना ने स्वागत एवं हेड एड्रेस के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में ओरेटर्स क्लब के उपाध्यक्ष कृष्ण राणा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टूडेंट काउंसिल का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष अभिषेक वार्ष्णेय एवं पूरी टीम के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स डॉ. रेनू गुप्ता मैडम, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. डी.एस. तोमर, डीन एग्रीकल्चर डॉ. के.के. सिंह, डीन मैनेजमेंट डॉ. गंगाधर हुगार तथा जन संपर्क अधिकारी किशन चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

12 करोड़ की चोरी का 24 घंटे में खुलासा मास्टर माइंड सहित चार गिरफ्तार

मथुरा (मधुसूदन शर्मा)। कोसीकलां पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना कोसीकलां क्षेत्र के प्रसिद्ध जुगल किशोर ज्वेलर्स शोरूम में हुई लगभग 12 करोड़ रुपये की भीषण चोरी का महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने गोपालबाग क्षेत्र से घेराबंदी कर मुख्य अभियुक्तों सहित कुल चार लोगों (दो पुरुषों और दो महिलाओं) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर 7 किलो 126 ग्राम सोना और 11 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। उत्कृष्ट खुलासे के लिए पुलिस टीम को एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त विष्णु उर्फ पप्पू सोनी शोरूम का पुराना कर्मचारी था, जिसे चोरी के आरोप में कुछ समय पूर्व नौकरी से निकाल दिया गया था। दुकान का पुराना कर्मचारी होने के कारण उसे सभी अंदरूनी राज मालूम थे और वही इस घटना का मुख्य सरगना था। चोरी के बाद वह माल अपने घर (रामनगर, कोसी) ले गया, जहां उसके भाई मोहन और परिवार की महिलाओं ने जेवरों की अलग-अलग थैलियां बनाईं। पुलिस की तलाशी से बचने के लिए उन्होंने सारा माल गोपालबाग में छिपा दिया था, जिसे शेरगढ़ रोड स्थित विष्णु की अपनी सराफ की दुकान पर बेचने की योजना थी। बीती 13 सितंबर की रात चोरों ने शोरूम को निशाना बनाकर करीब 12 करोड़ रुपये के जेवर और नकदी चुरा ली थी। घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था। डीआईजी शैलेश पांडेय और एसएसपी श्लोक कुमार ने मामले की कमान खुद संभाली। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार, 15 सितंबर को दोपहर करीब 12:59 बजे गोपालबाग क्षेत्र से मुख्य आरोपी विष्णु, उसके भाई मोहन सोनी और दो महिला सहयोगियों को दबोच लिया गया।

?पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपर पुलिस महानिदेशक एस.के. भगत ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिससे अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना है। इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। इस दौरान डीआईजी शैलेश पांडेय, एसएसपी श्लोक कुमार और एसपी देहात सुरेश चंद रावत प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मथुरा गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम एएसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, एएसपी एसटीएफ राकेश यादव आगरा, सीओ छाता भूषण वर्मा, थाना प्रभारी कोसीकलां कमलेश सिंह, थाना प्रभारी शेरगढ़ अजय किशोर, थाना जैंत प्रभारी सोनू सिंह आदि शामिल है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का हिंदी दिवस पर काव्य-सम्मेलन आयोजित



फिरोजाबाद। हिंदी भाषा के प्रति सम्मान जगाने और इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी दिवस के पावन अवसर पर जनपद न्यायाधीश डॉ.बब्बू सारंग एवं सचिव योगेश शिवा की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भव्य काव्य-सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें, स्वदेशी समाज सेवा समिति के संस्थापक सचिव विवेक यादव संरक्षक सदस्य शुभ कान्त यादव सतीश समर्थ, हितेन्द्र मित्र यशपाल यश तथा देवीसिंह कुशवाह ने अपनी शानदार काव्य रचनाओं की प्रस्तुतियां दीं। कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा की गरिमा साहित्यिक समृद्धि और मानवीय संवेदनाओं को बेहद जीवंत रूप में पिरोया,जिसे सुनकर पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।समारोह के दौरान वक्ताओं ने हिंदी के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, भावनाओं और राष्ट्रीय एकता का मजबूत प्रतीक है। दैनिक जीवन में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करना हम सभी का परम दायित्व है। न्यायिक अधिकारियों, सम्मानित कवियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता ने इस आयोजन को अत्यंत गरिमापूर्ण और यादगार बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों द्वारा सभी आमंत्रित कवियों और उपस्थित जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। काव्य-सम्मेलन में जनपद न्यायालय के अनेक न्यायिक अधिकारीगण और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

24 घंटे में खुला हत्या का राज,पत्नी ने ही पति की गला दबाकर की थी हत्या

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज क्षेत्र के ग्राम गुरैया सोहेलपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पत्नी ने ही विवाद के दौरान पति का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 11 सितंबर की रात ग्राम गुरैया सोहेलपुर निवासी शिवम उर्फ राहुल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी प्रीति द्वारा अलग-अलग बातें बताई जा रही थीं,जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। मृतक के पिता बलवीर सिंह की सूचना पर पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत गला घोंटने से होने की पुष्टि हुई। इसके बाद मृतक की मां मुन्नी देवी की तहरीर पर 15 सितंबर को थाना सिरसागंज में प्रीति के खिलाफ हत्या की धारा 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच के दौरान मिली जानकारी और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पत्नी प्रीति को मुखबिर की सूचना पर शेरपुरा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक घटना वाली रात करीब आठ बजे शिवम उर्फ राहुल शराब पीकर घर पहुंचा था। घर की पहली मंजिल स्थित कमरे में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान प्रीति ने कथित रूप से अपने हाथों से पति का गला दबा दिया,जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

एफएच मेडिकल कॉलेज में तीन किलो के फिलोड्स ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

टूंडला। एफएच मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में सर्जरी विभाग की टीम ने 55 वर्षीय महिला के स्तन में पिछले करीब तीन वर्षों से मौजूद विशाल गांठ का सफल ऑपरेशन कर उसे निकाल दिया। जांच के बाद गांठ फिलोड्स ट्यूमर पाई गई। करीब तीन किलोग्राम वजन के ट्यूमर की सफल सर्जरी को चिकित्सकों ने चुनौतीपूर्ण बताया। बताया गया कि महिला पिछले करीब तीन वर्षों से स्तन में बढ़ती हुई गांठ से परेशान थीं। समय के साथ गांठ का आकार काफी बढ़ गया था। आवश्यक जांच एवं इमेजिंग के बाद ट्यूमर की प्रकृति का आकलन किया गया, जिसके बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन का निर्णय लिया,सर्जरी के दौरान स्तन से करीब तीन किलोग्राम वजनी ट्यूमर निकाला गया, जिसका आकार लगभग 20.10 सेंटीमीटर था। सीनियर सर्जन एवं प्रोफेसर डॉ. अभिनव मित्तल के नेतृत्व में ऑपरेशन किया गया। सर्जिकल टीम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिवा एवं सेकंड ईयर रेजिडेंट डॉ. शैला नाज ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।चिकित्सकों ने बताया कि स्तन में किसी भी प्रकार की गांठ को लंबे समय तक नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। यदि गांठ लगातार बढ़ रही हो या उसके आकार में बदलाव हो रहा हो तो समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेकर आवश्यक जांच कराना जरूरी है। समय पर जांच और विशेषज्ञ उपचार से बड़े एवं जटिल ट्यूमर का भी सफल उपचार संभव है।एफएच मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि संस्थान में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा जटिल एवं बड़े आकार के ट्यूमर की सर्जरी की जा रही है। सफल ऑपरेशन को मरीज के लिए महत्वपूर्ण राहत बताते हुए संस्थान ने आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

17 से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान

मथुरा। जनपद में आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक संपन्न हुई, जिसमें अभियान के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।प्रधानमंत्रीजी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल, नीतिगत सुधारों, जनकल्याणकारी योजनाओं और देश-प्रदेश में आए ऐतिहासिक बदलावों को जन-जन तक पहुंचाना है। 17 सितम्बर को सेवा दिवस आशीर्वाद का दीया अभियान के पहले दिन जनपद में लगभग 5 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लगभग 3.5 लाख परिवार सायं 7 बजे अपने घरों में दीप जलाएंगे। बंगाली घाट से विश्राम घाट तक, वृंदावन के गीता शोध संस्थान, श्री राधा रानी मंदिर (मांट), गोवर्धन मल्टी लेवल पार्किंग, गोमती सरोवर (कोसी), पावन सरोवर (नंदगांव), प्रिया कुंड (बरसाना), यक्ष कुंड (परखम), गोकुल घाट, ब्रह्माण्ड घाट, राल गौशाला और चंद्रोदय मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों, घाटों व चैराहों पर भव्य दीप प्रज्जवलन होगा। 17 सितंबर को पात्र लाभार्थियों को विश्वकर्मा टूलकिट वितरित की जाएगी। 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के मध्य विद्यालयों में कक्षा 5-8 के बच्चों के लिए ड्राइंग और कक्षा 9-12 के लिए भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिला स्तर पर चुनी गई सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग की प्रदर्शनी बीएसए कॉलेज और चंद्रोदय मंदिर में लगाई जाएगी। रक्तदान शिविर व अन्य गतिविधियांरू प्रधानमंत्रीजी के जन्मदिवस पर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्ड में रक्तदान शिविर लगेंगे। इसके अलावा टैंक चैराहे पर अखंड ज्योति की स्थापना और विभिन्न तहसीलों से पैदल, साइकिल व बाइक रैलियों का आयोजन किया जाएगा। 18 सितंबर वृक्षारोपण कार्यक्रम, 19 सितंबर रक्तदान शिविर एवं अंगदान संकल्प, 21 सितंबर नशामुक्त भारत अभियान, 22 सितंबर मतदाता जागरूकता अभियान, 23 सितंबर रोजगार मेला, कैरियर काउंसलिंग तथा बीएसए कॉलेज में 108 मीटर व्यास की विशाल रंगोली और मानव श्रृंखला, 24 सितंबर गौशालाओं में सफाई, गो-पूजन एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता।

त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी पुख्ता



फिरोजाबाद। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसपी आदित्य लांग्हे, समस्त एसडीएम,क्षेत्राधिकारी एवं विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं ने भाग लिया। धर्मगुरुओं ने आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प व्यक्त किया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विसर्जन स्थलों का तहसील एवं थाना स्तर के अधिकारी पहले से निरीक्षण कर लें। विसर्जन स्थलों पर जल की गहराई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारियों तथा शहरी क्षेत्रों में नगर निगम एवं नगर पंचायत के अधिकारियों के समन्वय से व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विसर्जन स्थल पर पुलिस एवं प्रशासन का छोटा कंट्रोल रूम अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए। त्योहारों के दौरान आतिशबाजी सामग्री के अवैध एवं असुरक्षित भंडारण, निर्माण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक ही मार्ग अथवा क्षेत्र में स्थित प्रमुख विद्यालयों के खुलने और बंद होने के समय में 15-15 मिनट का अंतर रखा जाए,ताकि जाम की समस्या उत्पन्न न हो। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को जुलूस एवं विसर्जन मार्गों के गड्ढों को समय से ठीक कराने तथा विद्युत विभाग को जुलूस के दौरान ऊंचे वाहनों एवं झंडों के बिजली के तारों से टकराने की आशंका को देखते हुए अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे एवं मूर्तियों की ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। डीजे अथवा साउंड सिस्टम के ऊपर किसी भी व्यक्ति के बैठने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने कहा कि मूर्तियों का विसर्जन नदियों में न करके केवल निर्धारित एवं चिन्हित स्थलों पर ही किया जाए। आयोजक एवं पुलिस-प्रशासन विसर्जन स्थलों का पहले से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। डीजे वाहनों के ऊपर बच्चों अथवा अन्य लोगों को बैठने की अनुमति न दी जाए।

वैश्विक बाजार से जुड़कर नयी ऊंचाइयां छुयेगा फिरोजाबाद का कांच उद्योग



फिरोजाबाद। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय एमएसएमई-डीएफओ आगरा भारत सरकार के तत्वावधान में होटल पैराडोर में निर्यात प्रोत्साहन एवं ई-कॉमर्स विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें फिरोजाबाद के कांच उद्योग से जुड़े उद्यमियों और स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को वैश्विक बाजार आधुनिक निर्यात प्रक्रियाओं तथा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़ने की जानकारी दी गई,एमएसएमई-डीएफओ आगरा के निदेशक विष्णु कुमार वर्मा, सीडीजीआई के प्रधान निदेशक सचिन राजपाल तथा उपायुक्त उद्योग संध्या यादव ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। सहायक निदेशक एमएसएमई-डीएफओ अभिषेक सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

निदेशक विष्णु कुमार वर्मा ने कहा कि फिरोजाबाद के उद्यमियों में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने की अपार संभावनाएं हैं। सरकार का प्रयास है कि छोटे से छोटे उद्यमी को सीधे वैश्विक खरीदारों और आधुनिक ई-कॉमर्स नेटवर्क से जोड़ा जाए। गुणवत्ता प्रमाणीकरण, बेहतर पैकेजिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग कर जिले का निर्यात कई गुना बढ़ाया जा सकता है।सीडीजीआई के प्रधान निदेशक सचिन राजपाल ने कहा कि फिरोजाबाद का कांच उद्योग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। उद्यमियों को उत्पादों की गुणवत्ता, आधुनिक डिजाइन और तकनीकी नवाचार पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि वे वैश्विक बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार कर सकें। सीडीजीआई की ओर से तकनीकी उन्नयन में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। उपायुक्त उद्योग संध्या यादव ने उद्यमियों को क्लस्टर स्तर पर संगठित होकर आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्लास एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार बंसल ने भी स्थानीय उद्यमियों की जरूरतों और निर्यात की संभावनाओं पर विचार रखे। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों में फियो के आलोक श्रीवास्तव ने विदेशी बाजारों में पहुंच बनाने और व्यापार मेलों में भागीदारी, बीआईएस के वैज्ञानिक-एफ कौशिक दत्ता ने गुणवत्ता मानकों व प्रमाणन, पंजाब नेशनल बैंक के सहायक महाप्रबंधक माधव कुमार ने निर्यात वित्त एवं बैंकिंग सुविधाओं तथा सहायक आयुक्त उद्योग संदीप यादव ने प्रदेश की निर्यात प्रोत्साहन नीतियों की जानकारी दी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग के तुषार बंद्योपाध्याय ने कांच उत्पादों की सुरक्षित ढुलाई के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग एवं लेबलिंग की जानकारी दी। आगरा प्रधान डाकघर के वरिष्ठ पोस्टमास्टर शशिकांत जैन ने डाक निर्यात सुविधा,जबकि ईसीजीसी के मनीष बोरकर ने निर्यात जोखिम प्रबंधन और भुगतान सुरक्षा के उपाय बताये।

हिंदी दिवस पर भव्य गोष्ठी का आयोजन

मथुरा। सदर बाजार स्थित सरस्वती पुस्तकालय के कक्ष में 'कोमल पंखुड़ियां बेटी समृद्धि समिति' की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों, अध्यापिकाओं और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था के उद्देश्यरू कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के सचिव प्रभा कांत सक्सेना ने संस्था के उद्देश्यों और कार्यों पर प्रकाश डाला। सरस्वती पुस्तकालय के सचिव डॉ. शिव प्रताप सिंह चैहान, दलबीर शर्मा, विनय कुमार शर्मा और दाऊ दयाल बंसल ने विचार रखते हुए आधुनिकता की दौड़ में मातृभाषा की उपेक्षा पर चिंता जताई और हिंदी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। समाजसेविका डॉ. शबनम कुरैशी ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का हिस्सा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने 50 हजार मछली फिंगरलिंग्स यमुना नदी में छोड़े



मथुरा। यमुना नदी की स्वच्छता, जलीय पारिस्थितिकी संतुलन और प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से गोकुल बैराज पर एक विशेष रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत यमुना नदी में 50,000 मछली के बच्चे (फिंगरलिंग्स) प्रवाहित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने नाव के माध्यम से नदी में मत्स्य बीज छोड़कर किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक मत्स्य (मथुरा) ने मुख्य अतिथि जिपंअ का स्वागत बुके देकर किया। अभियान के दौरान विशेष सुरक्षा और तकनीक के साथ 250 पैकेटों में 50,000 मत्स्य बीज लाए गए थे, जिसमें प्रति पैकेट 200 मछली के बच्चे शामिल थे। इन मछलियों के जरिए यमुना नदी में नाइट्रोजन युक्त प्रदूषण को कम करने और जैव नियंत्रण से नदी को शुद्ध करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप यमुना को स्वच्छ और संतुलित बनाने के लिए यह पहल की गई है। ये मछलियां बड़ी होकर नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेंगी और स्थानीय मछुआरों व मत्स्य पालकों की आजीविका को संबल प्रदान करेंगी। सहायक निदेशक मत्स्य (मथुरा) आकांक्षा ने बताया कि इस पहल से जलीय पर्यावरण और जैव विविधता में सुधार होगा, जिससे क्षेत्र में मछली उत्पादन बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम में फिश इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, भाजपा ब्रज क्षेत्र मंत्री विनोद चैधरी, गौरव अग्रवाल सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समापन पर यमुना का संरक्षण, मत्स्य संपदा का संवर्धन और जन-जन का विकास का संकल्प दोहराया गया।

परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालु युवती पर हमला नाक काटकर लौंग ले भागा सिरफिरा युवक

मथुरा। गोवर्धन के बड़ी परिक्रमा मार्ग स्थित गिरिराज तलहटी में मंगलवार को एक दर्दनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिक्रमा कर रही मुंबई निवासी और कश्मीरी पंडित मूल की एक श्रद्धालु युवती पर एक अज्ञात युवक ने अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर ने युवती की नाक को दांतों से काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवती की नाक में पहनी हुई लौंग (आभूषण) लेकर मौके से फरार हो गया। इस अचानक हुई घटना से परिक्रमा मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल मच गया और मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवती पिछले करीब छह महीने से गोवर्धन में ही रह रही थी। वह छोटी परिक्रमा मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप एक कॉलोनी में ठहरी हुई थी और रोजाना नियमित रूप से गिरिराज महाराज की परिक्रमा करती थी। मंगलवार को जब वह बड़ी परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमा कर रही थी, तभी यह अप्रत्याशित हमला हुआ। खून से लथपथ युवती ने मदद के लिए गुहार लगाई, जिसके बाद आसपास के लोग एकत्र हुए। घटना की सूचना मिलते ही गोवर्धन पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पीड़िता से पूरी जानकारी ली। पुलिस ने हमलावर की तलाश तेज कर दी है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। इस मामले पर सीओ अनिल कुमार का कहना है कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी कौन था और उसने इस वारदात को क्यों अंजाम दिया। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मघेरा वाले हनुमान मंदिर में सजा भव्य फूल बंगला



मथुरा। छटीकरा-राधाकुंड रोड स्थित प्रसिद्ध मघेरा वाले हनुमान जी मंदिर पर मंगलवार को श्री गिर्राज ग्रुप गोवर्धन की ओर से भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान हनुमान जी महाराज को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में फूल बंगला सजाया गया। रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से मंदिर की गई आकर्षक सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। फूल बंगले के बीच विराजमान हनुमान जी महाराज की मनमोहक झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। फूलों, पत्तियों और आकर्षक सजावटी सामग्री से मंदिर के गर्भग

यूएस को दिखाया आईना


यह भारत की अध्यक्षता और मेजबानी में ब्रिक्स देशों की ऐतिहासिक और कूटनीतिक उपलब्धि है। बेशक प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को शाबाशी देनी चाहिए। साल भर में 350 के करीब बैठकों के बाद यह निष्कर्ष सामने आया है कि ब्रिक्स का साझा घोषणा-पत्र जारी किया जा सका है। बीते पांच साल में कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह साझापन गायब रहा है। ब्रिक्स भारत ने अमरीका को आईना दिखाया है कि वह 'वैश्विक आक्रांता' न बने। हालांकि 'नई दिल्ली घोषणा-पत्र' में अमरीका-इजरायल का नाम नहीं है, लेकिन संदेश साफ है कि एकतरफा युद्ध स्वीकार्य नहीं है। दुनिया में जंग रुकनी चाहिए। आपसी संवाद, कूटनीति से विवादों के समाधान निकाले जा सकते हैं। आश्चर्य है कि ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब के दरमियान युद्ध जारी है, लेकिन ब्रिक्स का घोषणा-पत्र सर्वसम्मति से पारित किया गया है। बेशक इन देशों की अपनी-अपनी आपत्तियां और आशंकाएं थीं, लेकिन नई दिल्ली में इनके राजदूतों,



राजनयिकों को एक साथ बिठाया गया, बातचीत कराई गई, उनकी लाल रेखाओं को समझा गया और शनिवार सुबह 4 बजे तक ब्रिक्स प्रतिनिधियों ने गहन मंथन किया, नतीजतन साझा घोषणा-पत्र पर सर्वसम्मति तय हुई। सबसे महत्वपूर्ण खबर तो यह सामने आई कि ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और अबूधाबी के 'क्राउन प्रिंस' शेख मुहम्मद बिन जायद और उनके प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात हुई। दोनों ने 30 मिनट तक संवाद किया। कुछ सवाल और शिकायतें उभरी होंगी, लेकिन संवाद के बाद कुछ तो 'बर्फ' पिघली होगी! युद्ध के खिलाफ ब्रिक्स के घोषणा-पत्र का पहला प्रभाव भी सामने आया, जब युद्धरत यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बयान दिया कि वह जी-20 में मियामी (अमरीका) में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे और बात करने को तैयार हैं। रूस-यूक्रेन में बीते साढ़े चार साल से युद्ध जारी है। दोनों पक्षों की तबाही, बर्बादी, मौतें सामने आ चुकी हैं। यकीनन यह भारत के शांति-प्रयासों और लगातार आग्रहों का ही नतीजा है कि एकतरफा युद्ध के खिलाफ किसी घोषणा-पत्र ने 'बदलाव' की संभावनाएं पैदा की हैं। सिर्फ युद्ध ही नहीं, घोषणा-पत्र में आर्थिक प्रतिबंधों को भी 'मानवाधिकार का उल्लंघन' करार दिया गया है। ऐसे प्रतिबंध विश्व व्यापार संगठन, यूएन चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ भी हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान खुलासा किया कि रूस पर 30,000 से अधिक पाबंदियां थोपी गईं, उनके बावजूद रूस आगे बढ़ता रहा। ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने भी अमरीकी पाबंदियों और नाकेबंदी का जिक्र किया, लेकिन यह भी भरोसा दिलाया कि अमरीका के थोपे गये, एकतरफा युद्ध और पाबंदियों से ईरान टूटने वाला देश नहीं है। हम आज जिंदा हैं, लिहाजा लड़ेंगे भी। ब्रिक्स घोषणा-पत्र में राष्ट्रपति ट्रंप के एकतरफा टैरिफवाद की भी मुखालफत की गई, उसे खारिज किया गया। भारत, चीन सरीखी महाशक्तियों पर भी ट्रंप ने टैरिफ थोपे, लेकिन उनकी अर्थव्यवस्थाओं को ठप नहीं कर सके। इन दोनों संदर्भों में भी अमरीका कठघरे में खड़ा है। घोषणा-पत्र में यह प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और आईएमएफ, विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन आदि में व्यापक सुधारों को अब टाला नहीं जा सकता है। ये संस्थान पुराने ढर्रे से काम नहीं कर सकते। ब्रिक्स ने रूस, चीन से अपील की है कि वे सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील की स्थायी सदस्यता के लिए पैरवी करें। गौरतलब यह है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर, इस संदर्भ में, सहमति जताई है। देखते हैं कि वह भारत की कितनी मदद करता है, क्योंकि वह अभी तक भारत के दावे का विरोध करता रहा है। हालांकि अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान के राष्ट्राध्यक्ष, शासनाध्यक्ष भारत का समर्थन करते रहे हैं।

भाजपा का हमेशा वैचारिक एजेंडा रहा यूसीसी

शाहिद ए चौधरी



गृहमंत्री अमित शाह द्वारा यह विश्वास व्यक्त करने के बाद कि एनडीए शासित सभी 21 राज्य 2029 तक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर देंगे, बीजेपी के तीन सहयोगी दलों ने सावधान रहने की सलाह दी है, जो वास्तव में दबे शब्दों में प्रस्ताव का विरोध है। तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी), जो आंध्र प्रदेश में सत्ता में है, ने कहा है कि इस विषय पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है और वह जब जरूरत पड़ेगी, तब इस प्रस्ताव पर विचार करेगी व सभी स्टेकहोल्डर्स से भी विचार-विमर्श करेगी। जनता दल (यूनाइटेड), जो बिहार में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा है, ने कहा है कि वह इस सिलसिले में अमित शाह से बातचीत करेगी। बीजेपी के एक अन्य सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) ने कहा है कि वह समता व विविधता के प्रति समर्पित है और संविधान सभी समुदायों की अलग-अलग परम्पराओं व प्रथाओं का सम्मान करता है, जिसका सबूत यह है कि संविधान की विभिन्न अनुसूचियों व अनुच्छेदों के तहत अनुसूचित जातियों को अपवाद प्राप्त है।

लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान, जो केंद्र में मंत्री भी हैं, ने कहा है कि यूसीसी का प्रस्ताव सार्वजनिक किया जाना चाहिए, विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के हितों का संज्ञान लिया जाये, विस्तृत विचार-विमर्श किया जाये और उसके बाद ही उनकी पार्टी अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करेगी। इस पृष्ठभूमि में दो महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं। एक, अमित शाह ने इस समय ही यूसीसी लागू करने की घोषणा क्यों की है? दूसरा यह कि टीडीपी, जद(यू) व लोजपा(रामविलास) को बीजेपी के सहयोगी दल होने के बावजूद यूसीसी पर आपत्ति क्यों है? इन प्रश्नों का उत्तर देने से पहले जरूरी मालूम होता है कि कुछ बातों पर रोशनी डाल दी जाये। बीजेपी के जो तीन प्रमुख वैचारिक उद्देश्य रहे हैं, उनमें अयोध्या में राम मंदिर व धारा 370 का निराकरण के अतिरिक्त यूसीसी का लागू करना रहा है। बीजेपी शासित उत्तराखंड में इसे लागू भी कर दिया गया है, जबकि गुजरात, असम व मध्य प्रदेश ने इस संदर्भ में कानून पारित कर दिया है। राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ ने कानून बनाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है, जबकि राजस्थान की काबिना ने ड्राफ्ट विधेयक को मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र को छोड़कर इन सभी राज्यों में बीजेपी की अपने अकेले दम पर सरकारें हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार है, लेकिन शिव सेना (शिंदे) व एनसीपी (अजित पवार) इस स्थिति में नहीं हैं कि देवेंद्र फड़नवीस के समक्ष अपना कोई पक्ष रख सके। बहरहाल, यह हालात टीडीपी की नहीं हैं। इसलिए टीडीपी के संसदीय दल के नेता लवू श्री कृष्णा देवरयालू का कहना है, 'अभी तक इस विषय (यूसीसी) पर कोई वार्ता नहीं हुई है, लेकिन जब भी हमें जरूरत महसूस होगी तो इसका संज्ञान लेंगे। इसे अपनाने से पहले हम निश्चित रूप से सभी स्टेकहोल्डर्स को शामिल करेंगे।' गौरतलब है कि दोनों टीडीपी व जद(यू) का बीजेपी के वैचारिक मुद्दों पर स्वतंत्र निर्णय लेने का इतिहास रहा है। यह दोनों पार्टियां एनडीए के अंदर बाहर आती जाती रही हैं। जब 2019 में धारा 370 को निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही थी तो जद(यू) के सांसदों ने बीजेपी का सहयोगी दल होने के बावजूद प्रस्ताव के समर्थन में मतदान नहीं किया था बल्कि संसद से वाक आउट किया था।

दरअसल, स्वतंत्र राय रखना टीडीपी व जद (यू) की मजबूरी है। वह नहीं चाहतीं कि बड़ी मछली छोटी मछलियों को निगल ले। एक समय था जब बीजेपी पंजाब में अकाली दल की, महाराष्ट्र में शिव सेना की, बिहार में जद(यू) की, ओडिशा में बीजू जनता दल की, असम में असम गण परिषद की जूनियर पार्टनर हुआ करती थी। आज यह सब क्षेत्रीय पार्टियां कहां हैं, सब हाशिये पर पहुंच गई हैं। मायावती की बसपा ने भी अनेक बार बीजेपी से गठबंधन किया और आज यह उत्तर प्रदेश में भी कहीं नहीं है, जबकि 2007 में उसने लखनऊ में अपने दम पर सरकार बनायी थी। बिहार में जद(यू) भी सीनियर से जूनियर पार्टनर हो गई है। यह सब मुख्यतः इसलिए हुआ क्योंकि यह क्षेत्रीय पार्टियां अपने मत आधार को सुरक्षित नहीं रख सकीं, जिसमें बीजेपी सेंध मारने में कामयाब रही। टीडीपी बहुत मुश्किल से आंध्र प्रदेश में सत्ता में लौटी है। वह अपना जनाधार खोना नहीं चाहती, इसलिए फूंक-फूंककर कदम रख रही है। यूसीसी पर उसके नवीनतम स्टैंड को इसी पृष्ठभूमि में समझना चाहिए।

समान नागरिक संहिता

यूसीसी धर्म-विशिष्ट व्यक्तिगत कानूनों की जगह विवाह, तलाक, विरासत व लिव-इन संबंधों के मामले में सभी नागरिकों के लिए समान नियम लाने का प्रयास है। वर्तमान में एक संघीय संसदीय कानून लाने की बजाय यूसीसी को आहिस्ता-आहिस्ता एक-एक राज्य में लाया जा रहा है। उत्तराखंड में इसे सबसे पहले फरवरी 2024 में लाया गया था। फिर गुजरात (मार्च 2026), असम (मई 2026), मध्य प्रदेश (जुलाई 2026) में इसके विधेयक पारित किये गये। राजस्थान व महाराष्ट्र में प्रक्रिया जारी है, जबकि राजस्थान काबिना ने ड्राफ्ट विधेयक को मंजूरी दे दी है। यूसीसी के कुछ मुख्य प्रावधान इस प्रकार हैं- सभी धार्मिक समुदायों को निर्धारित समय अवधि (मसलन 60 दिन) में सभी विवाहों व तलाकों का पंजीकरण करना लाजमी होगा। बहु-पत्नी विवाह, बहु-पति विवाह और विशिष्ट परम्परागत प्रथाओं को या तो सीधे प्रतिबंधित कर दिया गया है या सीमित कर दिया गया है। लिव-इन संबंधों का कानूनन पंजीकरण लाजमी है और उल्लंघन करने पर जुर्माना व कैद का प्रावधान है। महिलाओं व पुरुषों के लिए संपत्ति की विरासत में बराबर के अधिकार और इसमें जीवनसाथी, बच्चों व पैरेंट्स को भी शामिल किया गया है। अपवाद यह है कि अनुसूचित जन जातियों को यूसीसी के सभी नियमों के दायरे से बाहर रखा गया है ताकि उनके परम्परागत रीति-रिवाज व आदिवासी पहचान को सुरक्षित रखा जा सके।

दूसरी ओर यूसीसी आलोचकों का कहना है कि जिस तरह इसे अनेक राज्यों में पारित किया गया है उसमें अनेक समस्या परक प्रावधानों को बरकरार रह गये हैं- पुरुषों व महिलाओं के लिए विवाह की न्यूनतम आयु अलग-अलग है (क्रमशः 21 व 18 वर्ष), दाम्पत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना, तलाक के सीमित ग्राउंड्स। दूसरा यह कि इसकी ड्राफ्टिंग बहुत कमजोर है कि कुछ वाक्य तो पूर्णतः समझ से बाहर हैं। यह स्पष्ट विषमताएं हैं जो केवल वकीलों को व्यस्त रखने का ही काम करेंगी। तीसरा यह कि आदिवासी समुदाय को यूसीसी से बाहर रखा गया है। यूसीसी का विस्तार सभी के लिए होना चाहिए और कोई भी अपवाद इसके उद्देश्य को ही खत्म कर देता है। अगर एक समुदाय को छूट दी जायेगी तो दूसरे समुदायों को छूट की मांग करने से कैसे रोका जा सकता है। अंतिम यह, जैसा कि भाकपा(एम) के उत्तराखंड सचिव इंद्रेश मैखुरी कहते हैं, 'यह लोगों के लिए समता नहीं ला रहा है बल्कि युवा वयस्कों व उनके व्यक्तिगत संबंधों को टारगेट कर रहा है।' यूसीसी हमेशा से ही बीजेपी के वैचारिक उद्देश्य का हिस्सा रहा है। उसकी राज्य सरकारें इस पर कानून भी बना रही हैं। लेकिन अमित शाह द्वारा इस पर अचानक प्रेस कांफ्रेंस करना और वह भी एनडीए के सहयोगी दलों को विश्वास में लिए बिना, राजनीति से प्रेरित लगता है। इस समय छात्र आंदोलनों की वजह से पूरे देश में शिक्षा सुधार, रोजगार व महंगाई आदि बहुत बड़ा मुद्दा बन गये हैं। इसलिए अनुमान यह है कि इससे सियासी नैरेटिव बदलने का प्रयास है।

सोशल मीडिया

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी सरकार में माननीय कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर जी, आपको जन्म दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएं। केशवप्र.मौ




मोदी सरकार ने चुप चाप यूपीआई पर फीस लगाने का रास्ता खोल दिया है, अब 2000 से ऊपर के मर्चेंट यू. पी. आई. लेन-देन पर एम. डी. आर. लगाया जा सकता है। राहुल गांधी



महिलाएं अब केवल पढ़ाई और रोजगार के अवसरों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अपनी आबादी के अनुपात में प्रत्येक क्षेत्र में बराबर की भागीदारी भी बनेंगी। सीएमयोगी.



जब लंबी नींद के बाद भी महसूस हो थकावट...



स्वास्थ्य

कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पूरे सप्ताह कम नींद लेना और सप्ताहांत पर ज्यादा सोना, उनके मेटाबॉलिक और कार्टियोवैस्कुलर सिस्टम में गड़बड़ी पैदा कर सकता है। विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों का तो यह भी मानना है कि ज्यादा सोने से केवल नींद का चक्र ही नहीं गड़बड़ाता, इससे प्रतिदिन मेडिटेशन करने का रूटीन भी गड़बड़ा जाता है, जिसकी वजह से ज्यादा थकान महसूस होती है।

पूरे सप्ताह काम में व्यस्तता के चलते हमारी नींद पूरी नहीं हो पाती है। यही वजह है कि हमें इंतजार होता है वीकेंड का, जब हम अपनी नींद पूरी करें। कई बार तो अपनी नींद पूरी करने के चक्कर में लोग शनिवार का पूरा दिन सोने में ही गुजार देते हैं। नतीजा होता है ओवर स्लीपिंग के कारण सप्ताह के और दिनों के मुकाबले ज्यादा थकान महसूस होना। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको अपनी नींद के पैटर्न में बदलाव करने की जरूरत है। क्योंकि हमारे देश में नींद न आने और कम सोने, ज्यादा सोने यानी नींद से जुड़ी आम समस्याएं लोगों में देखने को मिलती हैं। ऐसे में जरूरत से ज्यादा सोना, कैसे हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकता है, आइये जानें।

ओवर स्लीपिंग क्या है?

हमारे लिए प्रतिदिन कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लेना आवश्यक होता है। यदि हम 7 से 8 घंटे की तयसीमा से ज्यादा सोते हैं तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता। ज्यादा सोने से हमारे शरीर के अंगों और कोशिकाओं में डेली रूटीन का जो चक्र निर्मित होता है, उसमें गड़बड़ी आ जाती है। इस पैटर्न से पूरे सप्ताह तो हम कम नींद लेते हैं और वीकेंड पर जब ज्यादा सोते हैं तो हममें पाचन संबंधी और हृदय संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों तक का तो यहां तक मानना है कि जरूरत से ज्यादा सोने से हमें कम सोने की तुलना में ज्यादा थकान महसूस होती है, जिसके कारण चिड़चिड़ापन और काम में ध्यान न लगना जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। जो लोग वीकेंड पर बिस्तर पर ही ज्यादातर समय इसलिए रहते हैं कि उन्हें लगता है कि पूरे सप्ताह की थकान मिटाने के लिए नींद से बेहतर और कोई विकल्प नहीं है। लेकिन इस तरह जरूरत से ज्यादा सोने के कारण हमें ज्यादा आलसपन आता है, जो लोग पढ़ने, लिखने और दूसरे बौद्धिक कार्य करते हैं, उनके लिए तो यह और भी नुकसानदेय होता है, क्योंकि इससे उनकी प्रॉड्क्टविटी पर बुरा असर होता है। नींद का भी एक निश्चित शिड्यूल होना चाहिए, जो लोग अपने नींद के सही पैटर्न पर ध्यान नहीं देते, उनको स्वास्थ्य संबंधी

सही नींद के लिए क्या करें

यदि आप सप्ताह के पांच दिन अपने 7 से 8 घंटे की पूरी नींद लेते हैं तो सप्ताहांत पर ज्यादा सोने की जरूरत नहीं होती। घर के माहौल को शांतिपूर्ण बनाकर रखे और सोने का एक समय निर्धारित करें और प्रतिदिन उस निर्धारित समय पर विस्तर पर आकर लेट जाएं और सोने का प्रयास करें।

कैफीन से परहेज रखें

खाना खाने के बाद चाय और कॉफी पीने से परहेज करें। रात का डिनर लेने के बाद तो खास तौरपर इनसे दूर रहें, क्योंकि इनसे भी नींद नहीं आती और नींद न आने से अगले दिन का पूरा रूटीन गड़बड़ा जाता है।

हल्का भोजन करें

रात के समय ज्यादा गरिष्ठ भोजन करने की बजाय हल्का फुल्का भोजन करें ताकि पाचन संबंधी समस्या पैदा न हों और रात को आठ बजे से पहले ही अपना भोजन करें ताकि भोजन सही प्रकार से पच सके।

नियमित व्यायाम करें

अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर नियमित व्यायाम करें, ताकि आपको नींद आने में समस्या न हो। अच्छी नींद के लिए योगासन, मेडिटेशन, वर्कआउट या कोई स्पोर्ट्स की गतिविधि करें ताकि थकान से अच्छी नींद आए।

फोन, लैपटॉप को रखें दूर

रात के समय सोने से पहले अपने सारे ऑफिस के काम निपटाकर सोएं ताकि बेडरूम में लैपटॉप ले जाने की जरूरत ही न पड़े। सोने के समय खास तौरपर मोबाइल फोन से दूरी बनाकर रखें। जो लोग स्क्रॉलिंग करते समय नींद की आगोश में जाने की तकनीक अपनाते हैं, उन्हें यह समझना चाहिए स्क्रॉलिंग के दौरान घंटों गुजर जाते हैं और अगर एक बार नींद आने पर हम न सोएं तो फिर देर रात तक नींद नहीं आती, जिससे नींद न लेने के कारण अगले दिन ऑफिस में उबासियां आती हैं और किसी काम को करने का दिल नहीं होता। इसलिए नींद में बाधा पैदा करने वाले इन गैजेट्स से दूरी बना कर रखें। **डॉ. माजिद अलीम.**

विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रैंकलिन.

प्रसिद्धि वीरता के कामों की सुगन्धि है।
-सुकरात.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
-चाणक्य.

भविष्य निर्माण

व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तमान की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है।

अंतर्दृष्टि

श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

फुर्सत केवल कामचोरी के लिए है...

व्यंग्यलोक

वे धूप का आनंद ले रहे हैं और कह रहे हैं टाइम नहीं है। राम बचन जी एक घण्टे तक पेस्ट कर रहे हैं और कह रहे हैं, यदि समय मिलता तो वे भी जीवन में कुछ रचनात्मक काम करते। श्याम सुंदर जी पान खाने बाजार जाते हैं तो दो घण्टे में लौटते हैं और वही समय नहीं होने का रोना रोते हैं। रामलाल जी मोहल्ले की पंचायत में शाम को बैठते हैं तो चार घण्टे तक उनको पता नहीं चलता कैसे समय बीत गया, लेकिन जब कोई काम की बात आती है तो उन्हें मरने की भी फुर्सत नहीं है। कुछ लोग हर सप्ताह या प्रतिदिन सिनेमा देखते हैं और कहते यही हैं कि टाइम नहीं है। टाइम नहीं है की समस्या अब सर्वव्यापी हो गयी है। किसी दफ्तर में जाकर बात करो, गप्प मारता हुआ कर्मी अनदेखी करके कहेगा- 'आज टाइम नहीं है कल आना। उसका कल कभी नहीं आता। या तो पान की पीक थूकता है या दफ्तर के सामने लगी थड़ियों पर चाय पीता रहता है। फाइल को आगे सरकाने का समय नहीं है। आज लिखेंगे कल लिखेंगे, इसी ऊहापोह में पूरा माह गुजर जाता है और कागज का निस्तारण नहीं होता। यह आलसीपन भी नहीं है और काम चोरी भी नहीं है, क्योंकि दोनों शब्द बोलकर देखें, काम करने की एवज में दो घण्टे तक वाद-विवाद कर लेगा अगला आपसे। बाजार से सामान लाने की नौबत आयी तो पतिदेव के सिर में दर्द है, इसलिए अभी तो टाइम नहीं है। पत्नी कौन-सी कम है, बच्चे की शर्ट के बटन टूट गये वह लगा तो देती, लेकिन पड़ोसन आ गयी, इसलिए समय ही नहीं मिला, क्योंकि पूरे मोहल्ले की आलोचना का रसदार दौर चल रहा था। बच्चे भला कौन-से कम शातिर हैं, अपना कोई काम नहीं करते, क्योंकि उन्हें पढ़ाई से फुरसत ही नहीं है। सारा काम मम्मी कर दें। वे तो बस बस्ता और टिफिन लेकर स्कूल जा सकते हैं। होमवर्क पूरा इसलिए नहीं कर पाते, क्योंकि उन्हें पतंग उड़ाने या कंचे खेलने या क्रिकेट में चौका लगाने के कारण समय ही नहीं मिला। हर आदमी ने टाइम नहीं है का नारा बुलंद कर रखा है। बेमजा बातों पर हँस रहा है-दाँत निपोर रहा है, लेकिन काम के लिए उसके पास फुरसत नहीं है। फुरसत केवल कामचोरी के लिए है। अधिकारी के पास जाओ तो उसे टाइम इसलिए नहीं है कि वह बैठक में बैठा चाय समोसे गटक रहा है। टीए-डीए बना रहा है। पीए यही तो कहता है कि साब को आज तो टाइम नहीं है। वे कभी किसी से नहीं मिलते, क्योंकि उनके पास टाइम नहीं है। पता करो, क्या कर रहे है तो जानकारी मिलती है कि अभी तो सो रहे हैं, बाथरूम में है या पूजा कर रहे है, इसलिए उनके पास तो टाइम है ही नहीं। मेरे एक मित्र हैं-कभी मिलने की बात करो तो कहेंगे घर पर तो टाइम है नहीं, दफ्तर आ जाना, वहाँ बातचीत करेंगे।



पूरन सरमा

आप की बात

नये भारत का संकल्प

वैश्विक चुनौतियों के बीच यह नये भारत के निर्माण का संकल्प लेने का समय है। नये भारत के निर्माण का संकल्प पूरा करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। देश में आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक विकास, वित्तीय समावेशन, उद्यमिता आदि हर क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। गरीबी उन्मूलन में भी बड़ी सफलता मिल रही है। ऐसे एक महान राष्ट्र के निर्माण और भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प पूरा करने के लिए यह जरूरी है देश में गुणी शिक्षा का विकास हरेक स्तर पर हो। प्रत्येक बच्चे को विश्व स्तरीय शिक्षा के दायरे में लाया जाये। दुर्भाग्य से हमारे यहां प्राथमिक स्तर पर सरकारी शिक्षा का जो स्तर है वह बहुत ही सोचनीय है। जब यह सार्वजनिक रूप से विदित है कि 8वीं, 9वीं या कक्षा 10 के छात्र दूसरी कक्षा के हिंदी-अंग्रेजी के पाठ नहीं पढ़ पाते, जोड़, गुणा, भाग या घटाव के चौथी कक्षा के प्रश्न उनको समझ नहीं आते। नवीं, दसवीं के छात्र अंग्रेजी और हिंदी के मूल व्याकरण यानी इज, एम, आर का सही प्रयोग नहीं कर पाते, बीजगणित, ज्यामिति तो दूर की बात, वे गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में भी भेद नहीं जानते, वह भी तब जब हम शिक्षा प्रसार, विस्तार के लिए करीब दो दशक से गहन प्रयास कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंतन जरूरी हो गया है।

दरअसल केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वतंत्र एजेंसियों की रिपोर्ट ने शिक्षा व्यवस्था की पोल पट्टी खोल कर रख दी है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट में जिन दो प्रमुख तथ्यों को उजागर किया गया है। उन पर चिंता, चर्चा और चिंतन तीनों करने की अविलंब आवश्यकता है। मुफ्त ड्रेस, बैग, किताब मिड डे मील, बिना फीस की शिक्षा, शिक्षकों की अच्छी तनख्वाह के बावजूद अगर निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु मारामारी है, वह भी मोटी फीस और अन्य कई शुल्क चुका कर अभिभावक यदि निजी शिक्षण संस्थाओं में नौनिहालों को भेजना पसंद कर रहे हैं और वहां के शिक्षा स्तर पर विश्वास कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से यह गंभीर विषय है। इसके निदान हेतु केवल आधिकारिक या प्रशासनिक ही नहीं, सामाजिक चिंतन व चर्चा भी जरूरी है। हाल के वर्षों में उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में बेहतर सुधार देखने को मिल रहा है, लेकिन यह पठन-पाठन में सुधार के बजाय परीक्षाओं में बरती जाने वाली अनियमितता का परिणाम है। सीबीएसई, सीआईएससीई जैसे बोर्डों की बात छोड़ दी जाये तो अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में जमकर नकल होती है। गौरतलब यह भी है कि केन्द्रीय बोर्ड की परीक्षाओं में कोई विशेष तैयारी की जरूरत बोर्ड को नहीं पड़ती है, लेकिन यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़ के बोर्ड या उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में बड़ी तैयारियां होती हैं। लेकिन बावजूद इसके जमकर नकल होती है। शिक्षा के बिना नये भारत का निर्माण संभव नहीं है।

विनोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.

भारत की चुनौतियां

देश में गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता सबसे बड़ी चुनौती है। बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और गरीबी जैसी चुनौतियां प्रगतिशील दुनिया में अधिक रहती हैं। इन चुनौतियों की मौजूदगी में महंगाई बहुत पीड़ादायक हो जाती है। यह भी कि महंगाई सबसे गरीब तबके को जितना प्रभावित करती है, उससे कुछ ज्यादा ही निम्न मध्यम वर्ग पर असर डालती है। कारण यह है कि सबसे गरीब तबका पढ़ाई, दवाई और दैनिक जीवन की अन्य जरूरतों को पूरा करने में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से थोड़ा-बहुत आच्छादित होता है। जबकि निम्न मध्यम वर्ग के आय का अधिकांश हिस्सा पढ़ाई, दवाई, ईएमआई पर चला जाता है। ऐसे में खाने-पीने की चीजों, दैनिक जरूरतों और ऊर्जा आदि में महंगाई इस वर्ग को बहुत परेशान करती है। इसलिए महंगाई पर हमेशा नियंत्रण रखना भी जरूरी है।

सतीश कुमार निगम, लखनऊ.

संक्षेप

गबन के मामले में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी, एक आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। जिले में प्रादेशिक सहकारी संघ (पीसीएफ) के एक गेहूं क्रय केंद्र से 21 लाख रुपये से अधिक कीमत का 82.24 मीट्रिक टन गेहूं गायब मिलने के मामले में केंद्र प्रभारी समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, पिछले तीन दिनों में जिले के तीन गेहूं क्रय केंद्रों से कुल 310.99 मीट्रिक टन गेहूं गायब पाया गया, जिसकी कीमत करीब 81 लाख रुपये है। पुलिस के मुताबिक, 12 सितंबर को अधिकारियों की संयुक्त टीम ने भगवानपुर खादर गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2026-27 में केंद्र पर।,294.5 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था, जिसमें से।,212.26 मीट्रिक टन एफसीआई को भेजा गया। शेष 82.24 मीट्रिक टन गेहूं मौके पर नहीं मिला और इसकी कीमत 21,42,352 रुपये आंकी गई है। इस मामले में पचपेड़वा थाने में केंद्र प्रभारी आदर्श सिंह और प्रभारी सचिव प्रकाश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। तुलसीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि प्रकाश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। इससे पहले 11 सितंबर को नचौरा और कौवापुर क्रय केंद्रों के निरीक्षण में क्रमशः 67.11 और 161.65 मीट्रिक टन गेहूं गायब मिला था। पुलिस ने दोनों केंद्र प्रभारियों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। राज्य के खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ब्लैकमेल करने वाले गिरोह के दो और सदस्य गिरफ्तार

बिजनौर। पुलिस ने दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर लोगों से पैसे ऐंठने वाले गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) का एक सिपाही भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पीएसी की 24वीं वाहिनी, मुरादाबाद में तैनात सिपाही आसिफ और दिलशाद को गिरोह में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जल निगम के अवर अभियंता एहसान ने छह सितंबर को एक महिला समेत गिरोह के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गिरोह ने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर उसे ब्लैकमेल करने और धन ऐंठने का प्रयास किया। एसपी ने बताया कि मामले में गिरोह के सरगना जुल्फिकार और तीन महिलाओं समेत पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एक महिला समेत चार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

दुर्घटना में महिला की मौत

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने के कारण हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि मोटरसाइकिल चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए रास्ते में आए कुत्ते को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 16 अगस्त 2026 को दोपहर करीब तीन बजे ग्राम बूचा नहर के पास, बहद ग्राम बूचा की है। ग्राम राखपंचमपुर निवासी किरन पत्नी स्वर्गीय खुशीलाल अपने दामाद चंदन पुत्र बन्टू निवासी ग्राम डंगराना, थाना बानपुर के साथ मोटरसाइकिल संख्या क्क यू.पी. 94 ए.एम. 1883 से ग्राम मनगुवां चैराहे से घरेलू सामान लेकर वापस अपने घर लौट रही थीं। आरोप है कि चंदन मोटरसाइकिल को तेज गति एवं लापरवाही से लहराते हुए चला रहा था। जैसे ही मोटरसाइकिल ग्राम बूचा नहर के पास पहुंची, तभी सड़क पर आए एक कुत्ते से मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। अचानक हुई टक्कर से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार किरन को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायल महिला को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखौरा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय ललितपुर रेफर कर दिया।

एसपी ने पुलिस कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

- आईजीआरएस, शिकायत प्रकोष्ठ और मॉनिटरिंग सेल की व्यवस्थाएं परखीं
- लंबित मामलों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर



जिला संवाददाता

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली, अभिलेखों और लंबित प्रकरणों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों को नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय स्थित अपर पेशी, वाचक कार्यालय, प्रधान लिपिक शाखा, शिकायत प्रकोष्ठ, पेंशन, आर्थिक अपराध शाखा, मेला मॉनिटरिंग सेल, आईजीआरएस कार्यालय, रिकॉर्ड रूम तथा यातायात कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। वाचक कार्यालय में रजिस्टरों की जांच

वाचक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10 रजिस्टर, भूमाफिया रजिस्टर एवं हिस्ट्रीशीटर (एचएस) रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की। रजिस्टर सुव्यवस्थित, संतोषजनक एवं अद्यावधिक पाए गए। इस दौरान संबंधित कर्मचारियों को अभिलेखों को नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। प्रधान लिपिक शाखा के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित एवं प्रचलित प्रारंभिक जांचों की समीक्षा की। उन्होंने सभी लंबित जांचों का समय से निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पेंशन एवं सेवायोजन से संबंधित प्रकरणों का भी निर्धारित समयावधि में निस्तारण करने को कहा। पुलिस कर्मियों की चरित्र पंजिकाओं का भी अवलोकन किया गया। एसपी ने निर्देश दिए कि पुलिसकर्मियों को प्राप्त दंड एवं रिवार्ड से संबंधित प्रविष्टियां समय से दर्ज की जाएं तथा अभिलेखों का नियमित सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस शाखा के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। इसलिए आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जनपद के सभी थानों में लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाए। मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण करते हुए एसपी ने न्यायालयों में लंबित चिन्हित मुकदमों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में लगातार और प्रभावी पैरवी कराई जाए, ताकि अपराधियों को शीघ्र एवं अधिक से अधिक मामलों में सजा दिलाई जा सके। शिकायत प्रकोष्ठ के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी रजिस्टरों एवं पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा आवश्यक प्रविष्टियों की जांच की। उन्होंने अभिलेखों को अद्यावधिक रखने, कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने तथा जनसुनवाई के दौरान एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों और प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से निस्तारित प्रार्थना पत्रों की प्राप्त आख्या भी प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात कर्मचारियों को पुलिस कार्यालय आने वाले आगंतुकों के साथ मिलनसार एवं सहयोगात्मक व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का प्रयास करने के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय की आंशिक शाखा के निरीक्षण में एसपी ने वेतन रजिस्टर, कंटीजेंसी रजिस्टर, कैजुअल्टी रजिस्टर, यात्रा भत्ता एवं जीपीएफ स्वीकृत रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों एवं पत्रावलियों का अवलोकन किया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने रजिस्टरों को जांचा और उन्हें नियमित रूप से अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेशनरी सामग्री का आवश्यकतानुसार वितरण सुनिश्चित करने को भी कहा। इसके बाद यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यातायात संबंधी कार्यों की जानकारी ली। एसपी ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने तथा कार्यालयीन कार्यों का नियमानुसार और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पीली ईंटों, घटिया क्वालिटी सीमेंट का इस्तेमाल, स्थानीय लोगों ने की जांच और सख्त कार्यवाही की मांग



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। विकासखण्ड़ पूरेडलई अन्तर्गत ग्राम पंचायत पंसारा मे बाउंड्री वॉल और मोटरपंप रखने वाले भवन निर्माण में पीली ईंटों और घटिया क्वालिटी के सीमेंट का खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। प्रधान प्रतिनिधि राजेश यादव, राजवीर यादव, महेश कुमार, संजय प्रसाद ने आरोप लगाते हुये कहा कि बाउंड्री वॉल और मोटरपंप रखने वाले भवन के निर्माण में पीली ईंटों और खराब क्वालिटी के सीमेंट का खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जायेगी। इस सम्बन्ध मे प्रधान प्रतिनिधि श्री यादव ने बताया कि उनके द्वारा काम की क्वालिटी सुधारने को लेकर बात करने पर ठेकेदार द्वारा सुधार नहीं होगा, जो करना हो कर लो की बात कही। जिससे साफ है कि ठेकेदार घटिया ईंटों का इस्तेमाल कर रहा है और शिकायत के बाद भी क्वालिटी सुधारने को तैयार नहीं है। उन्होंने लापरवाह ठेकेदारों और जिम्मेदार इंजीनियरों के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्यवाही की मांग की है।

भाकियू टिकैत युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक ने किया संगठन विस्तार



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक की अध्यक्षता मे न्यू पालिका मार्केट, नवाबगंज स्थित जिला कार्यालय पर संगठन विस्तार व मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे युवा जिलाध्यक्ष श्री मलिक ने संगठन विस्तार करते हुये अशरफ अली को जिला सचिव, उमेश दूबे को देवा तहसील अध्यक्ष नवाबगंज, इरफान अली को तहसील महासचिव नवाबगंज, मोहम्मद रियाज को ब्लॉक अध्यक्ष, मसौली, मुहम्मद आशिफ को ब्लॉक प्रभारी बंकी नियुक्त करते हुये मनोनयन पत्र सौपा। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष श्री मलिक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, किसानों एवं युवाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर बलराम यादव, अनुज सिंह, अरशद अली, वसी अंसारी, अज्जू खान, अशफाक सिद्दीकी, रसूल अहमद, नूर आलम, नसीम सिद्दिकी आदि मौजूद रहे।

पर्वों के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं

सदर विधायक ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



ललितपुर। आगामी त्योहारों एवं जल विहार पर्व को देखते हुए नगर की व्यवस्थाओं को बेहतर एवं सुचारु बनाए रखने के लिए मंगलवार को सुपर मार्केट स्थित कंट्रोल कमांड सेंटर में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर की विकास एवं निर्माण गतिविधियों के साथ जनसुविधाओं और कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता, यातायात व्यवस्था, जाम एवं अतिक्रमण, पार्किंग, प्रमुख मार्गों की स्थिति, पेयजल आपूर्ति, जल निकासी एवं नालियों, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय, कानून व्यवस्था सहित अन्य जनसुविधाओं की समीक्षा की गई। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी त्योहारों एवं जल विहार पर्व से पहले नगर की सभी व्यवस्थाएं हर हाल में दुरुस्त कराई जाएं। जुलूस मार्गों की आवश्यक मरम्मत, साफ-सफाई और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने को कहा गया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय से समस्याओं का त्वरित समाधान करें। विधायक ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नगर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों की जांच कराने के निर्देश दिए। प्रत्येक लंबित कार्य में देरी का कारण और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति अथवा कार्यदायी संस्था को चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

गणेश पंडाल में हंगामा, मूर्ति हटाने की धमकी देने का आरोप

ललितपुर। थाना क्षेत्र के बुढ़ाना अखाड़े के पास गणेश पंडाल में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब मोहल्लेवासियों ने एक व्यक्ति पर नशे की हालत में पंडाल में पहुंचकर गाली-गलौज करने, महिलाओं के साथ अभद्रता करने तथा गणेश जी की मूर्ति हटाने की धमकी देने का आरोप लगाया। घटना को लेकर मोहल्लेवासियों में आक्रोश व्याप्त है। मामले में लोगों ने अस्पताल चैकी प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बुढ़ाना अखाड़े के पास मोहल्ले में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर पंडाल बनाया गया है। आरोप है कि मोहल्ले के बगल में रहने वाला संजय पुत्र कन्हैया ग्वाला, जो शिकायत के अनुसार भाषान में कार्य करता है, पिछले करीब दो-तीन माह से घर वापस आया है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि वह आए दिन बेटियों के साथ गाली-गलौज करता है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 14 सितंबर 2026 को संजय नशे की हालत में गणेश पंडाल में पहुंचा और वहां मौजूद लोगों के साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि उसने महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। इसी दौरान उसने कथित रूप से गणेश जी की मूर्ति को पंडाल से हटाने की धमकी देते हुए कहा कि ष्यहां से मूर्ति हटाओ, नहीं तो मैं फेंक दूंगा। घटना के बाद मोहल्ले में तनाव और आक्रोश की स्थिति पैदा हो गई। मोहल्लेवासियों का कहना है कि आरोपी के व्यवहार से लोग भयभीत हैं और भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। लोगों ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने तथा मोहल्ले में शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है। शिकायती पत्र पर विक्रम सिंह, संतोष, सुनीता, ज्योति, लीला, सीमा, अन्नू, रंजना, अनिता, राजकुमारी, कविता समेत अन्य मोहल्लेवासियों के नाम बताए गए हैं।

भाकियू टिकैत युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक ने किया संगठन विस्तार

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक की अध्यक्षता मे न्यू पालिका मार्केट, नवाबगंज स्थित जिला कार्यालय पर संगठन विस्तार व मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे युवा जिलाध्यक्ष श्री मलिक ने संगठन विस्तार करते हुये अशरफ अली को जिला सचिव, उमेश दूबे को देवा तहसील अध्यक्ष नवाबगंज, इरफान अली को तहसील महासचिव नवाबगंज, मोहम्मद रियाज को ब्लॉक अध्यक्ष, मसौली, मुहम्मद आशिफ को ब्लॉक प्रभारी बंकी नियुक्त करते हुये मनोनयन पत्र सौपा। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष श्री मलिक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, किसानों एवं युवाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर बलराम यादव, अनुज सिंह, अरशद अली, वसी अंसारी, अज्जू खान, अशफाक सिद्दीकी, रसूल अहमद, नूर आलम, नसीम सिद्दिकी आदि मौजूद रहे।

सीईओ पद के साक्षात्कार देने आये थे जितेंद्र मिश्रा

अयोध्या। पूर्व आईपीएस अधिकारी राजेश पांडेय के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सीईओ की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाये जाने के बाद न्यास ने स्पष्ट किया है कि चुने गये सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा 11 अगस्त को साक्षात्कार के लिए आए थे। राम मंदिर न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद की दौड़ में शामिल रहे पांडेय ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा था कि 11 अगस्त को उन्हें दिए गए समय के दौरान उन्होंने मिश्रा को साक्षात्कार वाली जगह पर नहीं देखा था। इन टिप्पणियों के बाद न्यास को चयन प्रक्रिया पर स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा, वहीं पांडेय ने भी स्पष्ट किया कि उनकी बातों का गलत मतलब निकाला गया।

न्यास ने सोमवार रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह सीईओ के चयन को लेकर मीडिया की कुछ खबरों में गलत जानकारी के मद्देनजर तथ्यों को स्पष्ट करना चाहता है। न्यास ने इस दावे को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए खारिज कर दिया कि मिश्रा ने 11-12 अगस्त की साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया था। न्यास के अनुसार सीईओ के चयन के लिए छह जुलाई को एक सर्च कमेटी बनायी गयी थी और उसे 5585 आवेदन मिले थे। इनमें से अंतिम दौर के लिए 16 उम्मीदवारों को चुना गया था, जिन्होंने 11 और 12 अगस्त को अयोध्या में साक्षात्कार में हिस्सा लिया। न्यास ने जोर दिया कि जितेंद्र मिश्रा ने 11 अगस्त को पहले सत्र के दौरान साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। सर्च कमेटी ने एक सितंबर को न्यास को अपनी अंतिम रिपोर्ट और सिफारिशें सौंपी थीं। न्यास के अनुसार इसके बाद दो सितंबर को जितेंद्र मिश्रा समेत अंतिम तीन उम्मीदवारों के नामों को सार्वजनिक किया गया था। न्यास ने कहा कि संस्तुत शीर्ष तीन उम्मीदवारों में उनका शामिल होना उनके भाग लेने, मूल्यांकन और योग्यता आधारित चयन का दस्तावेजी सबूत है। चयन प्रक्रिया को संस्थागत कामकाज और पारदर्शिता के उच्च मानकों के साथ पूरा किया गया और हर चरण का दस्तावेजीकरण करने के बाद सभी उम्मीदवारों की पहचान दर्ज की गई। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव स्वामी गोविंद देव गिरि ने यह जानकारी दी।

गड्ढों में तब्दील सड़क पर मिट्टी डालकर हो रही भराई, ग्रामीणों में आक्रोश



गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के रकहट-भैंसहा संपर्क मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सड़क पर मिट्टी लदे डंपरों की लगातार आवाजाही के कारण संपर्क मार्ग जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है। अब इन गड्ढों में मिट्टी डालकर भराई की जा रही है, लेकिन ग्रामीण इसे स्थायी समाधान नहीं मान रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान में गड्ढों में मिट्टी डालकर उन्हें पाटने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन मिट्टी के कारण सड़क और अधिक ऊबड़-खाबड़ हो गई है। इससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यह संपर्क मार्ग क्षेत्र के कई लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। इसी मार्ग से स्कूल बसों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे साइकिल से विद्यालय आते-जाते हैं। सड़क की बदहाली के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक भी चिंतित हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से सड़क की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कराकर गड्ढों की स्थायी मरम्मत और सड़क का आवश्यक निर्माण कार्य कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते विभाग ने ध्यान नहीं दिया तो सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर आवागमन के योग्य नहीं रह जाएगी। इस सम्बन्ध में पी डब्लू डी के अवर अभियंता वरूण शर्मा ने कहा की यह सड़क मेरे विभाग द्वारा नहीं बनायी गयी है। तो वही इस संदर्भ में अवर अभियंता आर ई एस अरविंद भास्कर ने कहा की यह सड़क मेरे विभाग द्वारा नहीं बनायी गयी है।

डीएम ने की ग्राम विकास स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा

गौ आश्रय स्थलों की नियमित निगरानी में लापरवाही पर वेतन बाधित करने के निर्देश



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग, गौ आश्रय स्थलों एवं जिला स्वच्छता समिति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधूरे अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ग्राम विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने विकासखंड में ग्रामवार जीरो तालाबों को चिन्हित कर बीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत उनकी खुदाई का कार्य कराने के निर्देश दिए।

गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निरीक्षण हेतु नामित नोडल अधिकारी नियमित रूप से गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण करें। डिप्टी सीवीओ को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी गौ आश्रय स्थलों पर पंचनामा रजिस्टर नियमित रूप से सही ढंग से भरवाया जाए तथा प्रतिदिन गौवंश की संख्या का आंकड़ा अद्यतन रखा जाए। साथ ही, गौ आश्रय स्थलों में केयरटेकर का मानदेय समय से भुगतान एवं सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन आवासों की प्रगति बढ़ाने तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामों में स्थापित की जा रही डिजिटल लाइब्रेरी के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के साथ ही उन्हें बेहतर एवं उपयोगी स्वरूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचने के रास्ते खराब हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्तीकरण कराया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने 17 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए राकेश कुमार सिंह, डिप्टी सीवीओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विकसित भारत 2047 के संकल्प में युवाओं की सक्रिय भागीदारी

वीबीवाईएलडी 2027 को लेकर राज्य निदेशक गोपेश पाण्डे ने की प्रेस वार्ता



बाराबंकी। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनपद के युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित किये जाने को लेकर मेरा युवा भारत नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय पर राज्य निदेशक उत्तर प्रदेश गोपेश पाण्डे ने प्रेस वार्ता की।


प्रेस वार्ता मे राज्य निदेशक श्री पाण्डे ने मीड़िया से रुबरु होते हुये बताया कि भारत की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने तथा विकसित भारत 2047 के संकल्प में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की प्रेरणादायी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित होने वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम युवाओं को अपने विचार रखने, नवाचार करने, नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने और विकसित भारत के लिए समाधान प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा। ग्रैंड नेशनल कार्यक्रम 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली व विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, सांस्कृतिक ट्रैक, डिजाइन फार भारत, हैक फॉर सोशल कॉज, यूथ एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज, यूथ संसद 6 प्रमुख ट्रैक आयोजित किये जायेगे। जिसमे 15 से 29 वर्ष के युवा माई भारत पोर्टल के माध्यम से प्रतिभाग कर सकते हैं। राज्य निदेशक ने आगे बताया कि प्रथम चरण मे 17 अगस्त से 30 सितम्बर तक विकसित भारत क्विज, द्वितीय चरण मे 5 से 19 अक्टूबर व 22 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक विकसित भारत निबंध, तृतीय चरण मे 10 से 16 नवम्बर तक जिला स्तर प्रतियोगिता, चतुर्थ चरण मे 17 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक स्टेट विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग व पंचम चरण मे 10 से 12 जनवरी तक नेशनल विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग मे चयनित प्रतिभागी विशेषज्ञो, सचिवो, केन्दीय मंत्रियो के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करेगे। प्रेस वार्ता मे मेरा युवा भारत उप निदेशक लखनऊ व बाराबंकी व जिला युवा अधिकारी पुनीत गोयल, वॉलिंटियर जितेन्द्र कुमार वर्मा, रामरूप वर्मा, गिरजा शंकर, सोनू आयुष भट्ट, शीतांशी, अंजली, चारु मौजूद रहे।

मिलेट्स खेती की नवीनतम जानकारी के लिए अध्ययन भ्रमण पर दल रवाना



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत जनपद के 10 क्षेत्रीय कर्मचारियों का प्रतिनिधिमण्ड़ल के चार दिवसीय अध्ययन भ्रमण जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुआ। जिसको जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अध्ययन भ्रमण के दौरान कृषक एवं कर्मचारी मिलेट्स फसलों की उन्नत खेती, नवीनतम कृषि तकनीकों, उत्पादन एवं प्रसंस्करण आदि के संबंध में महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक जानकारी प्राप्त कर प्राप्त तकनीकी ज्ञान को जनपद में किसानों तक पहुंचाकर उन्हें मिलेट्स की वैज्ञानिक एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक करेगे। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक उमेश साहू, जिला कृषि अधिकारी राजित राम सहित अध्ययन भ्रमण पर जाने वाले समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ सीएम डैशबोर्ड पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें: डीएम



बाराबंकी। डीआरडीए स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने 50 लाख से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन आईटीआई सिरौलीगौसपुर के अवशेष भवन निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुये कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता को नोटिस व स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण में अपेक्षित प्रगति न होने पर राजकीय निर्माण निगम के अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने तथा नियमित स्थलीय निरीक्षण पर जोर दिया। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विभागों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति, डाटा फीडिंग में शुद्धता तथा नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कमियों को दूर करते हुए रैंकिंग में सुधार लाने को कहा गया।

धारदार हथियार से जानलेवा हमला, दो आरोपी अब भी फरार

ललितपुर। गोविंद नगर रावतय

संक्षेप

फ्लिपकार्ट देगा 2.5 लाख से ज्यादा रोजगार के मौके

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने इस त्योहारी सीजन में 2.5 लाख से ज्यादा लोगों के लिए काम के मौके बनाए हैं। इनमें गिग वर्कर्स भी शामिल हैं। करीब 75 हजार लोग ऐसे हैं, जो पहली बार नौकरी या काम शुरू कर रहे हैं। ये काम देशभर में फ्लिपकार्ट के 7,000 से ज्यादा सेंटरों पर मिलेंगे। इनमें सामान रखने, सामान छांटने और डिलीवरी से जुड़े काम शामिल हैं। त्योहारों में बढ़ने वाली डिलीवरी को देखते हुए फ्लिपकार्ट ने 900 से ज्यादा नए डिलीवरी सेंटर शुरू किए हैं। कंपनी ने डिलीवरी के काम में करीब 1.4 लाख नए लोगों को काम देने की तैयारी की है। इस सीजन में बनाए गए कुल नए कामों में 60% डिलीवरी से जुड़े हैं। फ्लिपकार्ट मिनट्स और छोटे शहरों में बढ़ती मांग की वजह से डिलीवरी का काम भी बढ़ा है। इससे महिलाओं और दिव्यांग लोगों के लिए भी रोजगार के मौके बढ़े हैं। फ्लिपकार्ट की सप्लाई चेन में अब 20% से ज्यादा कर्मचारी महिलाएं हैं। वहीं, गोदाम और डिलीवरी के काम में दिव्यांग लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। जब कारोबार बढ़ता है, तो रोजगार और कमाई के नए मौके भी बढ़ते हैं। इस त्योहारों के सीजन में फ्लिपकार्ट के जरिए करीब 75,000 लोग पहली बार नौकरी या काम शुरू कर रहे हैं। भारत में ऑनलाइन खरीदारी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को नौकरी और अपना काम शुरू करने का मौका मिले। त्योहारों के सीजन में भारत में खरीदारी काफी बढ़ जाती है। इस दौरान सामान लोगों तक समय पर पहुंचाने में हमारी सप्लाई चेन की बड़ी भूमिका होती है। इस साल ग्राहकों की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए हम अपनी डिलीवरी और सामान पहुंचाने का नेटवर्क काफी बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही देशभर में रोजगार के नए मौके भी पैदा हो रहे हैं। त्योहारों के लिए 900 से ज्यादा नए डिलीवरी हब शुरू किए जा रहे हैं और करीब 1.4 लाख लोगों के लिए डिलीवरी से जुड़े काम के मौके बन रहे हैं।


मातृभूमि का मूलमंत्र रीजनल इंडियन डाइनिंग अनुभव देना

नोएडा। कलीनरी हेरिटेज को नोएडा स्थित प्रीमियम रीजनल इंडियन रेस्टॉरेंट मातृभूमि के लॉन्च के साथ नई अभिव्यक्ति मिली है। एफर्मा हॉस्पीटेलिटी की इस नवीनतम पेशकश मातृभूमि को नोएडा में खोला गया। रेस्टॉरेंट साधारण लेकिन एक अलग आइडिया से प्रेरित है वह है। मातृभूमि का मूलमंत्र रीजनल इंडियन डाइनिंग अनुभव परोसना है। लेकिन खास बात है कि यहां इंडियन क्यूजिन को सिंगल कैटेगरी के रूप में पेश नहीं किया गया, बल्कि देशभर के अलग-अलग हिस्सों के खास फ्लेवर्स और उनकी खानपान संबंधी पहचान का जश्न मनाने की तैयारी की गई है।

पोगो और कार्टून नेटवर्क ने स्कूल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम फिर से शुरू किया

नई दिल्ली। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी अपने प्रमुख स्कूल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम का 19वां संस्करण मना रही है, और बच्चों के मनोरंजन क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी स्कूल आउटरीच पहल के निमार्ता के रूप में अपनी स्थिति की पुनः पुष्टि कर रही है। अगस्त में शुरू हुआ यह संस्करण पोगो और कार्टून नेटवर्क को सीधे देशभर की कक्षाओं में ले जाता है, जो 18 शहरों के 1,400 स्कूलों में 10 लाख बच्चों तक पहुंच रहा है। अपने 19वें वर्ष में, यह कार्यक्रम देश की सबसे पहचानी जाने वाली स्कूल आउटरीच पहलों में से एक बन गया है, जो पीढ़ियों से बच्चों तक पहुंच रहा है और भारत में एक्सपीरियंशियल, इन-स्कूल एंगेजमेंट के प्रति वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। 2026 का संस्करण इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए पोगो और कार्टून नेटवर्क की दुनिया को दिल्ली एनसीआर, देहरादून, पटना, चंडीगढ़, कोच्चि, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम, हैदराबाद, इंदौर, अहमदाबाद, कोलकाता, कानपुर, लखनऊ, चेन्नई और सूरत के स्कूलों तक ले जा रहा है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी में, हमारा मानना है कि सबसे मजबूत जुड़ाव तब बनता है जब बच्चे हमारे किरदारों को स्क्रीन पर और उससे परे भी अनुभव करते हैं, और हमारा स्कूल कॉन्टैक्ट प्रोग्राम इस बात का एक अहम स्तंभ है कि हम पोगो और कार्टून नेटवर्क को युवा दर्शकों के लिए किस तरह जीवंत बनाते हैं। अपने पसंदीदा और नए किरदारों के जरिए 10 लाख बच्चों तक पहुंचकर, हम अगली पीढ़ी के साथ अपने जुड़ाव को गहरा कर रहे हैं, साथ ही दयालुता, टीमवर्क, रचनात्मकता और आत्मविश्वास जैसे मूल्यों को स्थापित कर रहे हैं।

सेंसेक्स में 778 अंकों की गिरावट



मुंबई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 778 अंक टूटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया, जबकि निफ्टी 279 अंक गिरकर पांच महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 777.94 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 74,003.82 अंक पर बंद हुआ। मजबूती के साथ खुला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 787.73 अंक फिसलकर 73,994.03 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 279.50 अंक यानी 1.19 प्रतिशत गिरकर 23,118.60 अंक पर बंद हुआ। यह छह अप्रैल, 2026 के बाद निफ्टी का सबसे निचला बंद स्तर है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर में करीब छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक्नोलॉजीज 3.98 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.64 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.31 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 2.18 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 1.27 प्रतिशत चढ़े। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 107.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और बढ़ते वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण घरेलू बाजार में गिरावट जारी रही। उन्होंने कहा कि प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह होने वाली बैठकों से पहले निवेशक सतर्क रहे और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नीतिगत सख्ती की बढ़ती आशंकाओं के बीच लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की चिंता बनी रही। अमेरिकी ट्रेजरी बॉण्ड प्रतिफल कई वर्षों के ऊंचे स्तर के करीब रहने से उभरते बाजारों की धारणा प्रभावित हुई और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने दबाव बढ़ाया। हालांकि, कृत्रिम मेधा (एआई) के विकास की रफ्तार कम होने संबंधी टिप्पणियों से पारंपरिक आईटी सेवाओं पर तेजी से असर पड़ने की आशंका कुछ कम हुई, जिससे आईटी शेयरों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक ने 2.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सेलेक्ट 2.41 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

रुपया 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तेल आयातकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग ने भारत के बाहरी संतुलन और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इसके अलावा घरेलू बाजारों में कमजोरी, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 95.84 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद इसमें गिरावट आई और 95.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से 38 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.54 पर बंद हुआ था। गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को विदेशी मुद्रा और शेयर बाजार बंद थे। अनुमान है कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल बढ़ने की चिंता के बीच रुपये पर दबाव बना रहेगा। आपूर्ति में बाधा की आशंका के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और डॉलर में मजबूती से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। चौधरी ने कहा, निवेशक बुधवार को होने वाली फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के फैसले से पहले सतर्क रह सकते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.75 से 96.15 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत बढ़कर 99.61 पर था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.92 प्रतिशत चढ़कर 107.71 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल की आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच यह तेजी आई।

सोना 1000 रुपये टूटा, पांच सप्ताह के निचले स्तर पर और चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर के बीच सोने की कीमतें 1,000 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रह गईं, जो एक महीने से ज्यादा का निचला स्तर है।

यह कीमती धातु इससे पहले सात अगस्त को इसी स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी, जब स्थानीय बाजार में इसकी कीमत 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रहीं। मंगलवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर सोना 4,300 डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया और एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा है। गांधी ने आगे कहा कि यह गिरावट मजबूत अमेरिकी डॉलर और बढ़ते बॉण्ड प्रतिफल के कारण आई है, क्योंकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है और इस सप्ताह होने वाली नीतिगत बैठक में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की संभावनाओं को मजबूत किया है। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोने की कीमत 22.28 डॉलर यानी 0.52 प्रतिशत टूटकर 4,276.52 डॉलर प्रति औंस रह गई।

अगस्त में वनस्पति तेल का आयात 4.71 प्रतिशत घटकर 16.09 लाख टन पर

नयी दिल्ली। अगस्त में भारत का वनस्पति तेल आयात 4.71 प्रतिशत घटकर 16.09 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले 16.94 लाख टन था। इसकी वजह पाम तेल के आयात में कमी थी, जो वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी और रुपये की कमजोरी के कारण हुआ। रुपये की कमजोरी से आयात किए जाने वाले खाद्य तेल की लागत बढ़ गई थी। एसईए ने एक बयान में कहा कि तेल वर्ष 2025-26 की नवंबर-अगस्त अवधि के दौरान, कुल वनस्पति तेल आयात चार प्रतिशत बढ़कर 138.8 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 133.37 लाख टन था। दुनिया के सबसे बड़े वनस्पति तेल आयातक भारत ने अगस्त में 15.72 लाख टन खाद्य तेल और 37,150 टन अखाद्य तेल खरीदा, जबकि एक साल पहले यह क्रमशः 16.88 लाख टन और 55,821 टन था।

अगस्त में रिफाइंड खाद्य तेल का आयात बढ़कर 1.01 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 64,403 टन था, जबकि कच्चे तेल का आयात 16.24 लाख टन से घटकर 14.70 लाख टन रह गया। कच्चे तेल में, पाम तेल का आयात 9.79 लाख टन से घटकर 7.60 लाख टन और सूरजमुखी तेल का आयात 2.57 लाख टन से घटकर 1.55 लाख टन रह गया, जबकि सोयाबीन तेल का आयात 3.87 लाख टन से बढ़कर 5.54 लाख टन हो गया। अगस्त में भारतीय बंदरगाहों पर औसत सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) कीमतें इस प्रकार थीं- आरबीडी पामोलिन के लिए 1,215 डॉलर प्रति टन, कच्चे पाम तेल के लिए 1,259 डॉलर, कच्चे सोयाबीन तेल के लिए 1,289 डॉलर और कच्चे सूरजमुखी तेल के लिए 1,496 डॉलर। अगस्त, 2025 की तुलना में, कच्चे पाम तेल की कीमतों में नौ प्रतिशत, आरबीडी पामोलिन में 10 प्रतिशत, सोयाबीन तेल में आठ प्रतिशत और सूरजमुखी तेल में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

उपभोक्ता नियामक ने रैपिडो पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के नियामक निकाय केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अनुचित व्यापार व्यवहार और भ्रामक विज्ञापनों के लिए कैब तथा बाइक टैक्सी सेवा मंच रैपिडो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सीसीपीए ने बताया कि रैपिडो के खिलाफ यह कार्रवाई भारत में संचालित कैब और बाइक-टैक्सी एग्रीगेटर मंचों की क्षेत्रव्यापी जांच पर आधारित है। यह जांच राइड से पहले टिप मांगने और मांग आधारित किराया निर्धारण से जुड़े तौर-तरीकों की पड़ताल के लिए की जा रही है। प्राधिकरण पहले ही उबर, ओला, रैपिडो और नम्मा यात्री सहित विभिन्न मंचों को नोटिस जारी कर उन्हें डार्क पैटर्न की रोकथाम एवं विनियमन संबंधी दिशानिर्देश, 2023 का पालन करने का निर्देश दे चुका है। डार्क पैटर्न भ्रामक उपयोगकर्ता इंटरफेस डिजाइन होते हैं, जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर या हेरफेर करके ऐसे विकल्प चुनने पर मजबूर करते हैं जो वे आमतौर पर नहीं चुनते। सीसीपीए ने रैपिडो का संचालन करने वाली कंपनी रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर भ्रामक विज्ञापनों, अनुचित व्यापार व्यवहार, अनुचित अनुबंध और डार्क पैटर्न अपनाने के मामले में 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

ईडी प्रमुख ने आईबीसी धोखाधड़ी में सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश



नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन ने एजेंसी के जांच अधिकारियों को दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से जुड़ी उन धोखाधड़ी के मामलों में कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया है, जिनमें भारी हेयरकट (कर्ज में अत्यधिक छूट) के जरिये प्रवर्तक अपनी संपत्तियां दोबारा हासिल कर लेते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने उन मामलों में वैकल्पिक कदम उठाने को कहा है, जहां उनके अनुरोध पर पुलिस प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज नहीं करती है। ये दोनों मुद्दे हाल ही में तब चर्चा में आए जब राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की एक विशेष पीठ ने एस्सेल समूह के चेयरमैन सुभाष चंद्रा को अपनी संपत्तियों को स्थानांतरित (बेचने या किसी अन्य के नाम) करने से रोक दिया और एक प्रस्तावित समझौते के मामले में सभी पक्षों को नोटिस जारी किया। इस समझौते के तहत कर्जदाताओं को 22,006 करोड़ रुपये के दावों के मुकाबले उनकी निजी संपत्ति से महज 6.5 करोड़ रुपये की वसूली की अनुमति मिल रही थी। बाद में सीबीआई ने इस मामले में चंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया। विशेष रूप से विपक्ष शासित राज्यों में पुलिस एफआईआर में देरी को लेकर ईडी ने धनशोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 66(2) के तहत कई पत्र भेजकर अपने निष्कर्षों के आधार पर आपराधिक मामला दर्ज करने को कहा है। एजेंसी ने हाल में केरल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया था, जिस पर कांग्रेस सरकार ने कहा कि वह ईडी द्वारा प्रस्तुत कानूनी पहलुओं की समीक्षा कर रही है। इसी तरह के अनुरोध तमिलनाडु, कर्नाटक और कुछ अन्य राज्यों में भी किए गए थे। प्रवर्तन निदेशालय प्रमुख ने जांच अधिकारियों से पीएमएलए के तहत तेजी से दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए बड़े लोगों के मुकदमों की सुनवाई में तेजी लाने को भी कहा।

नवीन ने आईआईएम-बेंगलुरु में मंगलवार को संपन्न हुए ईडी अधिकारियों के दो दिवसीय त्रैमासिक सम्मेलन के दौरान ये निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को अदालतों के समक्ष मामला विशेष अदालत को सौंपने संबंधी याचिकाएं दाखिल करने का निर्देश दिया, ताकि सामान्य अदालत से मुकदमा विशेष पीएमएलए अदालत में स्थानांतरित किया जा सके।

वैष्णव ने भारत की पहली नमक कंटेनर ट्रेन को दिखायी हरी झंडी



अहमदाबाद। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को भारत की पहली नमक कंटेनर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन गुजरात के कच्छ में शिवलाखा से राज्य में ही स्थित मीठापुर के बीच चलेगी। इसके एक खास स्टेनलेस स्टील कंटेनर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये भीमसर (कच्छ), देवलिया (जूनागढ़), चंडीसर (बनासकांठा) और शिवलाखा (कच्छ) में गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) को देश को समर्पित किया और मेहसाणा के लिंच में जीसीटी की आधारशिला भी रखी। वर्चुअल तरीके से ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि खास नमक कंटेनर का यह नवाचार नमक के परिवहन से जुड़ी चुनौतियों को हल करेगा। जब कच्छ और गुजरात के दूसरे हिस्सों में पैदा होने वाले नमक को रेलवे वैगन में भरकर देश के हर कोने में भेजा जाता था, तो वैगन का वजन नमक के वजन से ज्यादा होता था।

साथ ही, नमक में नमी सोखने की क्षमता होती है, इसलिए मंजिल तक पहुंचते-पहुंचते नमक गीला हो जाता था। वैष्णव ने कहा कि स्टेनलेस स्टील के इस्तेमाल से नमक और कंटेनर के वजन के बीच जरूरी संतुलन भी बन जाता है। उन्होंने कहा, आज देश की पहली नई नमक कंटेनर ट्रेन शिवलाखा से रवाना होगी। एक सरकारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कच्छ इलाके में रेलवे द्वारा किए जा रहे कई विकास कार्यों का भी जिक्र किया।

पेज एक का शेष

मथुरा की

वार्डन की सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत पद आरक्षित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके साथ ही पूर्व अग्निवीरों को प्रवर्तन सिपाही (परिवहन) कि सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत पदों पर क्षैतिज एवं आयु सीमा में छूट देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली। इन फैसलों से सैन्य सेवा पूरी कर चुके युवाओं को सरकारी रोजगार के अवसर मिलेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के स्वयंसेवकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत कैशलेस इलाज की सुविधा देने का निर्णय हुआ। इससे पीआरडी जवानों और उनके परिवारों को उपचार के दौरान आर्थिक राहत मिलेगी। कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2025 को मंजूरी दी गई। इस नीति से प्रदेश में खिलौना निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में मदद मिलेगी।

पीआरडी

स्वयंसेवक के मानदेय में सीधे 3,000 रुपये प्रतिमाह की वृद्धि होगी। इससे प्रदेश के 27,794 पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि भत्ते में वृद्धि से राज्य सरकार पर प्रतिवर्ष 101.44 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। इसके बाद पीआरडी स्वयंसेवकों पर कुल अनुमानित वार्षिक व्यय 6 अरब 8 करोड़ 68 लाख 86 हजार रुपये हो जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के शेष महीनों के लिए अनुपूरक अनुदान से 45 करोड़ रुपये की तत्काल व्यवस्था की गई है। योगी कैबिनेट ने पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। वर्तमान में पंजीकृत 31,130 पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके आश्रितों को इस योजना का लाभ मिलेगा। प्रति स्वयंसेवक 3,000 रुपये वार्षिक प्रीमियम की दर से योजना पर करीब 9.34 करोड़ रुपये सालाना खर्च का अनुमान है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के शेष महीनों के लिए अनुपूरक अनुदान से 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना का संचालन स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेन्सिव हेल्थ इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के माध्यम से प्रस्तावित है। योजना का लाभ स्वयंसेवक और उनके आश्रितों को सेवा अवधि के दौरान ही मिलेगा। ऐसे स्वयंसेवक अथवा आश्रित, जो पहले से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान जैसी केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा पोषित किसी अन्य स्वास्थ्य योजना से आच्छादित हैं, इस योजना के दायरे में शामिल नहीं होंगे।

पूर्वी उत्तर प्रदेश

खिलौनों के लिए प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र कारीगरों, महिलाओं और ग्रामीण समुदायों के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम है। खिलौना विनिर्माण एवं विपणन को विकास के प्रमुख क्षेत्र के रूप में बढ़ावा देकर कुशल, अर्धकुशल और अकुशल मानव संसाधन का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। इससे ट्वॉय क्लस्टरों में रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ेंगे। नीति के तहत खिलौना विनिर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन आधारित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। मौजूदा उद्योगों के विस्तार, विविधीकरण और तकनीकी उन्नयन के लिए भूमि एवं अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। नए उद्यमों की स्थापना में सहायता देने के साथ एमएसएमई और बड़े उद्योगों को भी समर्थन दिया जाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और मध्यांचल क्षेत्रों में खिलौना उद्योग स्थापित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इससे इन क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2025 के अंतर्गत एमएसएमई वर्गीकरण के अनुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी की इकाइयों के साथ वृहद और उससे उच्च श्रेणी की खिलौना विनिर्माण इकाइयों तथा खिलौना क्लस्टर उद्यमों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। एमएसएमई श्रेणी की पात्र इकाइयों को उत्तर प्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन नीति-2022 और उसके निष्प्रभावी होने की स्थिति में लागू उत्तरवर्ती नीति के तहत निर्धारित प्रोत्साहन मिलेंगे। वहीं, बड़े और उससे उच्च श्रेणी के तहत स्थापित नई इकाइयों तथा विस्तार एवं विविधीकरण करने वाली इकाइयों को प्रस्तावित नीति के प्रावधानों के अनुसार प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इनका क्रियान्वयन इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से किया जाएगा। नीति के तहत पात्र खिलौना विनिर्माण इकाइयों को निर्धारित प्रोत्साहन वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के बाद प्रदान किए जाएंगे। प्रस्ताव में फ्रंट एंड सब्सिडी के प्रावधान भी शामिल हैं। इससे प्रदेश में खिलौना उद्योग की स्थापना और विस्तार को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। नीति का क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई) द्वारा किया जाएगा। बड़े और उससे उच्च श्रेणी के उद्योगों से संबंधित प्रोत्साहनों का क्रियान्वयन इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से होगा। उत्तर प्रदेश खिलौना विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2025 प्रख्यापन की तिथि से पांच वर्ष की अवधि तक अथवा सरकार द्वारा नई नीति के प्रख्यापन तक लागू रहेगी। इस नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन प्राप्त करने वाली परियोजनाएं राज्य सरकार की किसी अन्य नीति के तहत प्रोत्साहनों की पात्र नहीं होंगी। हालांकि, भारत सरकार की योजनाओं एवं नीतियों के तहत उपलब्ध प्रोत्साहन इसके अतिरिक्त प्राप्त किए जा सकेंगे।

यूपीआई से

भुगतान स्वीकार करने पर व्यापारी से लिया जाता है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने कहा कि रेलवे, दूरसंचार और ईंधन जैसे आवश्यक क्षेत्रों में प्रति लेनदेन पांच रुपये का एकसमान शुल्क लगेगा, जबकि पूंजी बाजार में भुगतान के लिए एमडीआर की दर 0.02 प्रतिशत होगी। यूपीआई क्यूआर कोड के जरिये हर महीने एक लाख रुपये तक की आय वाले छोटे व्यापारी नई व्यवस्था के तहत पूरी तरह शुल्क मुक्त रहेंगे। सरकार का कहना है कि इस प्रावधान से व्यापारी लेनदेन के 96 प्रतिशत हिस्से पर नए शुल्क का कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, व्यक्ति से किसी व्यापारी को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर एमडीआर लगाया जाएगा और 75,000 रुपये या उससे अधिक के भुगतान पर इस शुल्क की अधिकतम सीमा 300 रुपये होगी। वहीं, दो व्यक्तियों के बीच होने वाले पी2पी यूपीआई लेनदेन पर इस बदलाव का कोई असर नहीं पड़ेगा। ऐसे हस्तांतरण यूपीआई लेनदेन की कुल मात्रा का 37 प्रतिशत और मूल्य का 70 प्रतिशत हैं। नई व्यवस्था के तहत भुगतान ऐप प्रदाताओं को अलग से डिजिटल मंच शुल्क लगाने से रोक दिया गया है। बैंकों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि व्यापारी एमडीआर की लागत ग्राहकों से न वसूलें। नए शुल्क से मिलने वाली राशि का पांचवां हिस्सा छोटे व्यापारियों के बीच यूपीआई के विस्तार के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

किशाऊ परियोजना

हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों के समन्वित प्रयासों ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को नई दिशा दी है। सीएम धामी ने कहा कि जून 2026 में अमित शाह के मार्गदर्शन में हुई बैठक के बाद किशाऊ परियोजना से जुड़े विभिन्न लंबित विषयों पर समाधान की प्रक्रिया तेज हुई। इसके बाद केंद्र और संबंधित राज्यों के स्तर पर लगातार संवाद हुआ, जिसके परिणामस्वरूप आज एमओयू पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री सहित सभी सहभागी राज्यों की सरकारों का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किशाऊ परियोजना का महत्व केवल बांध और विद्युत उत्पादन तक सीमित नहीं है। इससे क्षेत्र में जल भंडारण की क्षमता बढ़ेगी, पेयजल और सिंचाई के लिए जल उपलब्धता को मजबूती मिलेगी तथा यमुना के पुनर्जीवन से जुड़े प्रयासों को भी आधार मिलेगा। इस लिहाज से परियोजना का प्रभाव व्यापक है और इसके लाभ कई राज्यों तक पहुंचेंगे। परियोजना के तहत लगभग 1562 एमसीएम क्षमता का जलाशय तैयार किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही 422 मेगावाट विद्युत उत्पादन की क्षमता विकसित होगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक परियोजना से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली को भी लाभ मिलेगा। इससे अपर यमुना बेसिन में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की संभावनाएं मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों की जल आवश्यकताओं को एक साझा परियोजना के माध्यम से पूरा करने का प्रयास सहकारी संघवाद की भावना को मजबूती देता है। किशाऊ परियोजना केंद्र और राज्यों के बीच निरंतर समन्वय से किसी जटिल और लंबे समय से लंबित विषय को समाधान तक पहुंचाने का उदाहरण भी है।

बांग्लादेश : अवामी

हसीना को उनकी गैर-मौजूदगी में मौत की सजा सुनाए जाने के लगभग 10 महीने बाद, 2024 के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अधिकरण ने अपना फैसला सुनाया। इन सभी सात लोगों का पक्ष सरकार द्वारा नियुक्त बचाव पक्ष के वकीलों ने रखा। अधिकरण ने 22 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ सात आरोप तय किए थे, जबकि मुकदमे की सुनवाई 17 फरवरी को शुरू हुई थी। अधिकरण-2 ने इन सात लोगों पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने या उसे निर्देश



भारत ने अफगानिस्तान को रौंदा

दूसरे टी-20 में संजू सैमसन की फिफ्टी, नीतीश रेड्डी को 3 विकेट, सीरीज 2-0 से जीती

एजेंसी

दिल्ली। भारत ने दूसरे टी-20 में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 159 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 14.5 ओवर में 163 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। तीसरा मैच 17 सितंबर को खेला जाएगा। संजू सैमसन ने 22 गेंदों में 57 रन की तेज पारी खेली। अभिषेक शर्मा ने 19 गेंदों में 39 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने तीन विकेट लिए। इससे पहले अफगानिस्तान की ओर से इब्राहिम जादरान ने 37, राशिद खान ने 28 और मोहम्मद नबी ने 20 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 3, अर्शदीप सिंह ने 2 और अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई व जसप्रीत बुमराह ने एक-एक विकेट लिया।

भारत ने 14 ओवर में 3 विकेट पर 156 रन बना लिए हैं। ईशान किशन 21 गेंदों में 33 और तिलक वर्मा 11 गेंदों में 13 रन पर खेल रहे हैं। 14वें ओवर में ईशान ने लगातार चौका, छक्का और चौका लगाकर 17 रन बटोरे। भारत को अब जीत के लिए सिर्फ 4 रन चाहिए। राशिद खान ने 10.4 ओवर में श्रेयस अय्यर को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। अय्यर ने इनसाइड-आउट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बाहरी किनारा लेकर स्लिप में गई। इब्राहिम जादरान ने दूसरी कोशिश में शानदार कैच पकड़ा। अय्यर 11 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 1 छक्का शामिल था। यह राशिद खान का



तीसरा विकेट है। ड्रिंक्स ब्रेक तक भारत की स्थिति मजबूत है। टीम ने पावरप्ले में 82 रन बनाए और 2 विकेट गंवाए। अफगानिस्तान को मुकाबले में बनाए रखने के लिए राशिद खान ने एक ही ओवर में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के विकेट चटकाए। भारत के 7वें ओवर में 2 विकेट गिरे। राशिद खान ने पहले अभिषेक शर्मा और फिर संजू सैमसन को आउट किया। अभिषेक 19 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। संजू ने सिर्फ 22 गेंदों में 57 रन की पारी खेली। उन्होंने अपना सबसे तेज टी-20 इंटरनेशनल अर्धशतक लगाया। मोहम्मद नबी के ओवर में भारत ने 27 रन बटोरे। संजू सैमसन ने लगातार दो छक्के और दो चौके जड़े, जबकि अभिषेक शर्मा ने भी एक सिक्स लगाया। भारत ने 5 ओवर में बिना विकेट गंवाए 55 रन बना लिए हैं। संजू सैमसन 15 गेंदों में 27 और अभिषेक शर्मा 15 गेंदों में 26 रन पर खेल रहे हैं। संजू ने 5वें ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाया। इसी ओवर में भारत की 50 रन की ओपनिंग साझेदारी भी सिर्फ 28 गेंदों में पूरी हो गई। इस समय टीम का रनरेट 11 का है। भारत ने 2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 21 रन बनाए हैं।

अभिषेक शर्मा 7 गेंदों में 16 और संजू सैमसन 5 गेंदों में 4 रन पर खेल रहे हैं। पहले ओवर में अभिषेक ने लगातार 2 चौके लगाए, जबकि दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा। मुजीब ने पहले ओवर में 12 और नबी ने दूसरे में 9 रन दिए। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 159 रन बनाए। आखिरी ओवर में रेड्डी ने राशिद खान को आउट किया, जबकि नूर अहमद ने अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर टीम का स्कोर 159 तक पहुंचाया। जसप्रीत बुमराह ने 18.5 ओवर में मोहम्मद नबी को आउट कर दिया। नबी ने कवर के ऊपर से शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और हवा में उछल गई। कवर पर कप्तान श्रेयस अय्यर ने आसान कैच पकड़ा। नबी 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 2 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इसके साथ ही नबी और राशिद खान के बीच 48 रन की साझेदारी टूट गई।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे शृंखला के लिए हार्दिक व पंत को टीम में मिल सकती है जगह



नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय चयन समिति बुधवार को यहां जब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी तो ऋषभ पंत और फिट होकर लौटे हार्दिक पंड्या को शामिल किए जाने की संभावना पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगा। टी20 मैचों की शुरुआत छह अक्टूबर से होगी और पूरी संभावना है कि इसके लिए वही टीम चुनी जाएगी जो एशियाई खेलों में भाग लेगी। लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति को 50 ओवर के प्रारूप के लिए टीम का चयन करते समय माथापच्ची करनी पड़ सकती है। अगरकर बैठक के लिए दिल्ली में होंगे और संभावना है कि वह बोर्ड के अधिकारियों से इस पर भी चर्चा करेंगे कि क्या उनका अनुबंध 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक बढ़ाया जाएगा। पंड्या की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी 20 सितंबर को निर्धारित है क्योंकि उन्हें पहले ही छह अक्टूबर से पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए चुना जा चुका है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैचों की शुरुआत 27 सितंबर से तिरुवनंतपुरम में होगी और यह चयन समिति को तय करना होगा कि क्या पंड्या वनडे में 10 ओवर गेंदबाजी करने और 50 ओवर तक फील्डिंग करने के लिए तैयार हैं या नहीं। अगर पंड्या उपलब्ध नहीं होते हैं तो चयन समिति के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों की कमी समस्या बन जाएगी। दूसरा विकल्प नीतीश कुमार रेड्डी वनडे सीरीज के दौरान एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए जापान में होंगे। तीसरे और चौथे विकल्प सूर्यांश शेडगे और वेंकटेश अय्यर फिलहाल चोटिल हैं। आईपीएल में पंत के खराब प्रदर्शन के चलते उन्हें टेस्ट उप-कप्तानी गंवानी पड़ी और उन्हें वनडे टीम में भी जगह नहीं मिली। लेकिन ईशान किशन के जापान में होने के कारण बाएं हाथ के इस प्रतिभाशाली बल्लेबाज को 15 सदस्यीय टीम में मौका मिल सकता है। उनका चयन होने पर भी केएल राहुल वनडे विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद रहेंगे। श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में राहुल को वनडे टीम का उप कप्तान भी नियुक्त किया जा सकता है। अगर पंत को मौका नहीं मिलता है तो चयनकर्ता ध्रुव जुरेल को चुन सकते हैं। ऐसे में पंत को ईरानी कप में शेष भारत की कप्तानी करने को कहा जा सकता है। अय्यर के एशियाई खेलों में शामिल होने के कारण कप्तान शुभमन गिल, रोहित शर्मा और विराट कोहली के बाद रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिल सकता है। यशस्वी जायसवाल रिजर्व ओपनर होंगे, जबकि मध्य क्रम के रिजर्व बल्लेबाज रजत पाटीदार होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद गायकवाड़ और पाटीदार दोनों का ही भारत ए की तरफ से खेलने की संभावना है।

गायकवाड को इसके लिए कप्तान बनाया जा सकता है। इंग्लैंड में वनडे सीरीज के लिए नहीं चुने गए रविंद्र जडेजा को वापस टीम में बुलाया जा सकता है क्योंकि हर्ष दुबे हाल ही में दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। दुबे और अक्षर पटेल को वनडे के लिए बाएं हाथ के स्पिनरों के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में चयनकर्ता जडेजा को टीम में शामिल कर सकते हैं। मानव सुथार के नाम पर भी विचार किया जा सकता है। अक्षर एशियाई खेलों में खेलेंगे। अगर चोटिल वरुण चक्रवर्ती एशियाई खेलों में नहीं खेल पाते हैं।

संक्षेप

भारत में एफवन की वापसी की चुनौतियों की समीक्षा के लिये कार्यबल का गठन

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी की दिशा में चुनौतियों की समीक्षा के लिये नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक और सलाहकार युगल किशोर जोशी की अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया है। दस सदस्यीय समिति में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुणाल और भारतीय मोटर स्पोर्टस महासंघ के अध्यक्ष भी होंगे जो इस समय अरिंदम घोष हैं। महासंघ के चुनाव इस महीने के आखिर में होने हैं। कार्यबल में वाणिज्य और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि भी होंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि , बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और मद्रास इंटरनेशनल सर्किट के प्रतिनिधि, एफएमएससीआई द्वारा नामित तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे। खेलमंत्री मांडविया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा , इस समिति का काम भारत में मोटस्पोर्ट के विकास के लिये व्यापक तरीके सुझाना और फॉर्मूला वन को फिर से यहां शुरू करने के लिये रोडमैप तैयार करना है ताकि हम 2028 में रेस की मेजबानी कर सकें।

नैरोबी की मेजबानी में पहली बार अफ्रीका में होगी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

बुडापेस्ट (हंगरी)। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार अफ्रीका में होने जा रहा है जब मंगलवार को कीनिया की राजधानी नैरोबी को 2029 के सत्र का मेजबान चुना गया। कीनिया लंबे समय से लंबी दूरी की दौड़ में एक मजबूत देश रहा है लेकिन उसने अब तक इतने बड़े स्तर की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं की है। इसके बाद 2031 में चैंपियनशिप जर्मनी लौटेगी जहां म्यूनिख इसकी मेजबानी करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने हंगरी में अल्टीमेट चैंपियनशिप के बाद यह फैसला सुनाते हुए कहा, अपनी चैंपियनशिप को पहली बार अफ्रीका ले जाना ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा, एथलेटिक्स कीनिया की संस्कृति का अहम हिस्सा है। इस फैसले से ट्रैक पर शनदार प्रदर्शन करने वाले देश के तौर पर कीनिया की पहचान तो बढ़ेगी लेकिन साथ ही यह पूर्वी अफ्रीकी देश समीक्षा के दायरे में रहेगा क्योंकि उसके कुछ शीर्ष धावक डोपिंग में पकड़े गए हैं। मैराथन के विश्व रिकॉर्ड धारक रूथ चेपनगेतिच पर तीन साल का डोपिंग प्रतिबंध लगा हुआ है।

डेविस कप : कोरिया धीमी और कम उछाल वाली कोर्ट का करेगा इस्तेमाल

एजेंसी

सियोल। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल और दक्षिणेश्वर सुरेश को डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों के अलावा धीमे कोर्ट और जल्दी नरम होने वाली वाली गेंदों की चुनौती से जूझना होगा। इस दो दिवसीय मुकाबले (19 और 20 सितंबर) से पहले कोर्ट की सतह को नए सिरे से तैयार किया गया है। ऐसे में एकल वर्ग में भारत के दोनों खिलाड़ियों के लिए परिस्थितियां मुश्किल होंगी। नागल अधिक उछाल वाली कोर्ट को तरजीह देते हैं,

वहीं सुरेश अपनी दमदार सर्विस के लिए जाने जाते हैं। भारतीय कप्तान रोहित राजपाल ने कहा कि दक्षिण कोरिया ने ऐसी परिस्थितियां तैयार की हैं, जो भारतीय एकल खिलाड़ियों के मजबूत पक्ष को कम कर सकती हैं। राजपाल ने अभ्यास सत्र के बाद पीटीआई से कहा, उन्होंने काफी सोच-समझकर और समझदारी से कोर्ट की सतह को दोबारा तैयार किया है। उन्होंने वास्तव में हमारे दोनों खिलाड़ियों की ताकत को ध्यान में रखते हुए परिस्थितियां तैयार की हैं। उन्होंने कहा, कोर्ट धीमा है, लेकिन साथ ही गेंद में उछाल भी नहीं है।

नागल को गेंद का ज्यादा उछलना पसंद है, क्योंकि वह काफी टॉपस्पिन के साथ खेलता है। लेकिन यहां गेंद उछल ही नहीं रही है। बेसलाइन से अपने खेल पर काफी निर्भर रहने वाले सुमित नागल को ऊंचे उछाल वाली गेंद पसंद है, जबकि दक्षिणेश्वर सुरेश की तेज और दमदार सर्विस धीमे कोर्ट पर अपेक्षाकृत कम प्रभावी हो सकती है। राजपाल ने कहा कि दक्षिण कोरियाई टीम ने कोर्ट की गति इसलिए भी धीमी की है, क्योंकि सुरेश को भी धीमे कोर्ट पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, उसकी सर्विस बेहद तेज है।

एशियाई खेलों से पहले रुमेश पथिरागे के भाले क्षतिग्रस्त

कोलंबो। श्रीलंका के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी रुमेश पथिरागे को उस समय झटका लगा जब एशियाई खेलों से पहले हवाई यात्रा के दौरान उनके पांच भाले क्षतिग्रस्त हो गए जिनसे उन्होंने अभी तक कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी 13 सितंबर को विश्व एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद तुर्किए एयरलाइन्स की उड़ान से बुडापेस्ट से श्रीलंका लौट रहा था। पथिरागे ने कहा, विमान के अंदर मेरे सभी पांचों भाले क्षतिग्रस्त हो गए। इनसे मैंने जीत हासिल की थी। मैं आगामी एशियाई खेलों, 2028 के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में इनका उपयोग करता। उन्होंने एयरलाइंस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। श्रीलंका के इस खिलाड़ी का इस साल प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने इस साल तीन बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया है। यह तीनों थ्रो उन्होंने उन भालों से किए थे जो अब क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

एशियाई खेलों की तैयारी पर 700 करोड़ से अधिक खर्च

एजेंसी



नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 19 सितंबर से जापान में शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी पर पिछले तीन वर्षों में प्रशिक्षण, उपकरण सहायता तथा कोच और विशेषज्ञों की नियुक्ति पर 702 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। भारत के दल में इस बार 310 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहली बार एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे। मंत्रालय की महत्वाकांक्षी टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एन. एस. जोहल ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने मजबूत प्रदर्शन के लिए जरूरी लय हासिल कर ली है और वे पिछले हांगझोउ एशियाई खेलों में हासिल किए गए देश के सर्वश्रेष्ठ 106 पदकों के प्रदर्शन की बराबरी या उससे बेहतर करने की स्थिति में हैं।

जोहल ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा, विभिन्न खेलों में अच्छी लय बनी हुई है। दल में बड़ी संख्या में पदार्पण करने वाले खिलाड़ी हैं और टॉप्स के सीईओ के तौर पर यह मेरे लिए गर्व की बात है। खेलों में प्रतिभा को निखरने में काफी समय लगता है और जब युवा खिलाड़ी कम उम्र में शीर्ष स्तर तक पहुंचने में सफल होते हैं तो यह भविष्य के लिए बहुत अच्छा संकेत है। आइची-नागोया एशियाई खेलों में जिन युवा खिलाड़ियों पर खास नजर रहेगी,

उनमें मंत्रालय से वित्तीय सहायता नहीं पाने वाले 15 वर्षीय क्रिकेट प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी, टेबल टेनिस खिलाड़ी सिंड्रेला दास, बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और हाल में जूनियर विश्व खिताब जीतने वाली 18 वर्षीय स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह शामिल हैं। जूडो में अस्मिता डे भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने बिलकिस मीर को एशियाई खेलों के लिए जारी की एनओसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर सरकार ने उच्चतम न्यायालय की कड़ी फटकार के बाद मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय कैनोइंग कोच और अंपायर बिलकिस मीर को एशियाई खेलों में तकनीकी अधिकारी के रूप में भाग लेने के लिए जापान जाने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को बिलकिस मीर का अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) रोकने को लेकर कड़ी फटकार लगाई थी। न्यायालय ने पिछले सप्ताह मामले की सुनवाई के दौरान जम्मू-कश्मीर सरकार को 15 सितंबर या उससे पहले मीर के लिए सभी आवश्यक आदेश जारी करने का निर्देश दिया था। मीर पिछले करीब चार वर्षों से प्रशासन के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। सरकार के युवा सेवा एवं खेल विभाग की ओर से मंगलवार को जारी तीन पृष्ठों के आदेश में कहा गया है।

युकी भांबरी भारत कोरिया डेविस कप मुकाबले से बाहर

सियोल। भारत को दक्षिण कोरिया के खिलाफ डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले में अपने अहम युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की कमी खलेगी क्योंकि यह अनुभवी खिलाड़ी जांघ की चोट के कारण बाहर हो गया है। इसके कारण टीम को इस महत्वपूर्ण मुकाबले से कुछ दिन पहले अपने युगल संयोजन पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। इस मैच का विजेता फाइनल्स में पहुंचेगा। भारत के कप्तान रोहित राजपाल ने पुष्टि की कि भांबरी दूसरे दौर के मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। राजपाल ने कहा, युकी भांबरी की जांघ की स्थिति ठीक नहीं है और हो सकता है कि वह डेविस कप खेलने के लिए उपलब्ध ना हों इसलिए हम इस पर काम कर रहे हैं कि हमारा संयोजन क्या होगा।

जतिन, सुनील, सूरज की संघर्षपूर्ण जीत

खेल संवाददाता



लखनऊ। शीर्ष वरीय हरियाणा के जतिन नैन ने तृतीय डॉ. केएल गर्ग आल इंडिया पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में रोमांचक जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ दूसरी वरीय कर्नाटक के सूरज कुमार, पांचवीं वरीय हरियाणा के

मयंद, उदित, रिकी भी क्वार्टर फाइनल में

सुनील और सातवीं वरीय पंजाब के आदित्य कुमार ने भी अंतिम आठ का टिकट हासिल किया। दूसरी ओर युगल में उत्तर प्रदेश के ओमेश और ऋषि ने जोड़ीदारों संग अंतिम आठ में पहुंचकर मेजबान की चुनौती कायम रखी। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट में मंगलवार को एकल प्री क्वार्टर फाइनल खेले गए। जिसमें एक दिन पहले उलटफेर भरी जीत दर्ज करने वाले मयंद तिवारी, उदित गोगोई और रिकी ने भी जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालक एकल प्री क्वार्टर फाइनल के पहले मुकाबले में शीर्ष वरीय हरियाणा के जतिन नैन ने अपने ही राज्य के प्रशांत को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-6, 6-4, 6-4 से हराकर जीत अपने नाम की। प्रशांत ने पहला सेट जीतकर बेहतरीन शुरूआत की लेकिन फिर जतिन ने शानदार सर्विस के साथ वापसी की। वहीं पांचवीं वरीय हरियाणा के सुनील कुमार को भी जीत के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी

तृतीय डॉ. केएल गर्ग आल इंडिया प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट

जिन्होंने गुजरात के मेघ भार्गव को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया। सातवीं वरीय पंजाब के आदित्य कुमार ने हरियाणा के आरव चावला को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराया। दूसरी वरीय कर्नाटक के सूरज ने तेलंगाना के देवरापल्ली अखिल को 7-6(3), 6-3 से हराया।

श्री चरणी करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर

एजेंसी

दुबई। भारतीय स्पिनर श्री चरणी ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंकों के साथ मंगलवार को यहां जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उनकी हमवतन दीप्ति शर्मा चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। श्री चरणी ने श्रीलंका के खिलाफ महिला टी20 एशिया



कप के फाइनल में भी 20 रन देकर चार विकेट लिए जिससे उनके रेटिंग अंकों की संख्या 804 हो गई है।

उन्होंने अपने करियर में पहली बार 800 रेटिंग अंक का आंकड़ा पार किया। यह आईसीसी रैंकिंग में किसी भारतीय खिलाड़ी की बल्लेबाजी या गेंदबाजी में सर्वाधिक रेटिंग है। उन्होंने मिताली राज को पीछे छोड़ा। भारत की पूर्व कप्तान ने 2011 में 780 रेटिंग अंक हासिल किए थे। श्री चरणी अब महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग हासिल करने वाली गेंदबाज बनने से केवल दो अंक पीछे हैं। यह रिकॉर्ड नवंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के नाम है। एशिया कप में सर्वाधिक 14 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा भी चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने 10 पायदान आगे 94वां स्थान जबकि लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने 50 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 96वां स्थान हासिल किया। बल्लेबाजी रैंकिंग में शेफाली वर्मा सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। एशिया कप में शेफाली ने सबसे ज्यादा 236 रन बनाए, जिसमें सेमीफाइनल में 64 और फाइनल में बनाए गए 68 रन भी शामिल हैं।

उनके कुल 741 रेटिंग अंक हो गए हैं। वह टीम की अपनी साथी स्मृति मंधाना से सिर्फ एक स्थान और चार रेटिंग अंक पीछे हैं। मंधाना 745 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। शेफाली ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी पांच पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 221 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। वहीं दूसरी ओर अपनी यॉर्कर गेंदों को कला का रूप देने वाले भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की शानदार क्रिकेट यात्रा अब द बूम इफेक्ट किताब के पन्नों में दर्ज होने जा रही है। इस किताब को खेल पत्रकार आयुष पुथरन और निकोलस ब्रूक्स ने लिखा है।

पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के प्लेइमप्रिंट से प्रकाशित होने वाली यह किताब अगले महीने बाजार में आएगी। बत्तीस साल के इस खिलाड़ी का सफर भारतीय क्रिकेटरों की पारंपरिक राह से बिल्कुल अलग रहा है। उन्होंने किसी प्रतिष्ठित क्रिकेट अकादमी या भारत की अंडर-19 प्रणाली से होकर राष्ट्रीय टीम तक का सफर तय नहीं किया। उनका छोटा रन-अप भी तेज गेंदबाज की पारंपरिक छवि से मेल नहीं खाता था। प्रकाशक के मुताबिक द बूम इफेक्ट अहमदाबाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे बड़े मंच तक बुमराह के असाधारण सफर को सामने लाती है।

शतरंज ओलंपियाड : भारत की नजरें इतिहास दोहराने पर

एजेंसी



समरकंद (उजबेकिस्तान)। भारतीय शतरंज टीम पर शतरंज ओलंपियाड में अपने दोनों स्वर्ण पदक बरकरार रखने का भारी दबाव होगा जहां पुरुष वर्ग में विश्व चैंपियन डी. गुकेश और शानदार फॉर्म में चल रहे आर. प्रज्ञानानंदा की मौजूदगी में टीम एक बार फिर खिताब के सबसे प्रबल दावेदार के रूप में मैदान में उतरेगी। महिला टीम भी चैंपियनशिप पर कब्जा बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी।

बीस साल के गुकेश के लिए यह ओलंपियाड पिछले सत्र से बेहद अलग मोड़ पर आया है। बीते एक साल में उनके प्रदर्शन में भारी गिरावट देखी गई है। ऐसे में स्विट्जरलैंड में नवंबर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप मुकाबले से पहले गुकेश इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल अपनी लय वापस पाने के लिए करना चाहेंगे। दूसरी ओर प्रज्ञानानंदा इस साल बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। ग्रैंड शतरंज टूर जीतने वाले पहले भारतीय बनने की उपलब्धि ने उनकी दावेदारी मजबूत की है। स्वर्ण पदक की हैट्रिक की दिशा में वह भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। इन दोनों को अर्जुन एरिगैसी का साथ मिलेगा जिन्होंने 2024 के बुडापेस्ट ओलंपियाड में भारतीय जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

टीम में विदित गुजराती का अनुभव और स्थिरता शामिल है, जबकि निहाल सरीन टीम को और मजबूती प्रदान करते हैं। भारत को सबसे बड़ी चुनौती अमेरिका और मेजबान उज्बेकिस्तान से मिलने की उम्मीद है। अमेरिका के पास फैबियानो कारुआना और लेवोन एरॉनियन जैसे दिग्गज खिलाड़ी हैं। वहीं, उज्बेकिस्तान की युवा टीम की कमान जावोखिर सिंदारोव के हाथों में है, जो इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप में गुकेश को चुनौती देंगे। भारतीय महिला टीम भी खिताब बचाने उतरेगी लेकिन इस बार डी. हरिका और तानिया सचदेव टीम में शामिल नहीं हैं। कोनेरू हम्पी पहले बोर्ड पर कमान संभालेंगी।

आपस में मिलकर अपने मसले सुलझाये हॉकी इंडिया : खेल मंत्रालय

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया में जारी घमासान के बीच खेल मंत्रालय ने कहा है कि महासंघ को अपने मसले आपस में मिलकर सुलझाने होंगे और अगर ऐसा नहीं हो पाता है, तभी मंत्रालय इसमें दखल देगा। विश्व कप से ठीक पहले भारतीय टीमों की जर्सी का रंग पारंपरिक नीले से बदलकर नारंगी करने से मचे विवाद के बाद से हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह में ठनी हुई है। टिर्की का कहना है कि यह फैसला उनसे पूछे बिना और कार्यकारी बोर्ड की सहमति के बगैर लिया गया। उन्होंने हाल ही में हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आर के श्रीवास्तव के सारे अधिकार छीनकर कारण बताओ नोटिस जारी किया और इस फैसले की प्रमुख वजह जर्सी विवाद ही था।

सेवा, सुशासन पर केंद्रित होगा संकल्प अभियान

सात अक्टूबर 2026 को मोदी के पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा में 25 साल पूरे हो जायेंगे

एजेंसी

बेंगलुरु। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को देश भर में 17 सितंबर से एक माह के सेवा संकल्प अभियान की घोषणा की। इस अभियान में रक्तदान और मेडिकल कैंप, सफाई अभियान, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने और नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने वाले कई कार्यक्रम शामिल होंगे। पूर्व भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर आयोजित होने वाला यह अभियान सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित होगा तथा सरकार की योजनाओं और नीतियों को ज़मीनी स्तर पर लाभार्थियों तक पहुंचाएगा। नड्डा ने कहा, इस साल का सेवा संकल्प अभियान कई मायनों में खास है। उन्होंने बताया कि सात अक्टूबर 2026 को मोदी के पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा में 25 साल पूरे हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात से केंद्र तक मोदी का सफर एक अटूट संकल्प और प्रतिबद्धता से भरा रहा है जिसमें जिम्मेदारियां बदलने के बावजूद उनका मिशन वही रहा है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को सेवा दिवस के साथ होगी, जब भाजपा कार्यकर्ता सफाई अभियान, रक्तदान शिविर,



मेडिकल कैंप और सेवा से जुड़े अन्य कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि शाम सात बजे लोग मोदी जी के अच्छे स्वास्थ्य और देश की सेवा में उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए आशीर्वाद का दीया जलाएंगे। नड्डा ने कहा कि इस माह कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मेरे सपनों का भारत (जिसमें चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं होंगी), लाभार्थियों के अनुभव दिखाने के लिए नमो सेवा और आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने तथा महिला लाभार्थियों एंव बच्चों को शामिल करने के लिए आंगन मिलन सेवा शामिल हैं।


भाजपा में पीएम को भारत रत्न देने की कोई चर्चा नहीं : नड्डा

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत रत्न देने के बारे में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि पार्टी ऐसे मामलों पर सही समय आने पर फैसला लेती है। नड्डा ने कहा, जहां तक सर्वोच्च नागरिक सम्मान (भारत रत्न) की बात है, पार्टी ऐसे मामलों पर सही समय पर फैसला लेती है। इस मामले पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है, लेकिन आपका सुझाव अच्छा है। केंद्रीय मंत्री ने यह टिप्पणी उस सवाल के जवाब में की जिसमें पूछा गया था कि क्या देशव्यापी महीने भर चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के समापन पर मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का कोई प्रस्ताव रखा जाएगा। नड्डा ने विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर तनाशाह की तरह काम करने के लगाए जा रहे आरोपों को खारिज करते हुए कहा, वह दुनिया के सबसे लोकतांत्रिक नेता हैं।

उत्तराखंड : केदारनाथ पैदल मार्ग खुला, तीन दिन बाद यात्रा हुई बहाल

देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन के कारण तीन दिन से रुकी केदारनाथ यात्रा मंगलवार को बहाल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान बंद की गई केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर सेवा भी मंगलवार से शुरू कर दी गई। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीड़वासा हेलीपैड के पास रविवार को बोल्डर और पत्थर गिरने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद केदारनाथ यात्रा रोक दी गई थी। यात्रा बहाल होने से पहले केदारनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे 7,350 श्रद्धालुओं को बचाव दलों की निगरानी में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित निकाला गया।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार सुबह 150 श्रद्धालुओं को चीड़वासा से सुरक्षित निकाला गया। रिपोर्ट में बताया गया कि इससे पहले सोमवार शाम तक 7,200 श्रद्धालुओं के साथ।,200 खच्चरों को भी बचाव दलों की निगरानी में सुरक्षित मार्ग पार कराया गया था। पुलिस ने बताया कि गौरीकुंड से करीब ढाई किलोमीटर ऊपर चीड़वासा हेलीपैड के पास पैदल मार्ग पर जमा मलबे और पत्थरों को हटाने का काम युद्धस्तर पर किया गया। पुलिस के मुताबिक, दोपहर में मार्ग को आवागमन के लिए खोल दिया गया, जिसके बाद



तीन दिन से रुकी केदारनाथ यात्रा फिर शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि पुलिसकर्मी, लोक निर्माण विभाग और जिला आपदा राहत बल के कर्मियों की निगरानी में श्रमिक लगातार मार्ग खोलने के काम में जुटे रहे। भूस्खलन के बाद पैदल मार्ग पर आवाजाही रोक दी गई थी और केदारनाथ दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालु रविवार से ही सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रुके हुए थे। पुलिस ने बताया कि मार्ग खुलने के बाद श्रद्धालुओं को बचाव एवं सुरक्षा बलों की निगरानी में केदारनाथ मंदिर की ओर भेजा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, श्रद्धालुओं से सुरक्षा मानकों और पुलिस-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

संक्षेप

नाटो के विमानों ने लिथुआनिया में ड्रोन को मार गिराया

विलनियस (लिथुआनिया)। पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो के लड़ाकू विमानों ने सोमवार रात लिथुआनिया के हवाई क्षेत्र में दाखिल एक ड्रोन को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम नाटो प्रमुख मार्क रूटे के उस बयान के एक दिन बाद हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि गठबंधन की सीमा पर रूस के हमले होने पर उसका समर्थन यूक्रेन को बढ़ेगा जो रूसी इलाकों को निशाना बना रहा है। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सदस्य लिथुआनिया के सैन्य अधिकारियों ने बताया कि यह पहला मौका है जब उसके हवाई क्षेत्र में किसी ड्रोन को मार गिराया गया है। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि ड्रोन कहां से आया था और उसका क्या उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि इस घटना की और जांच की जरूरत है। लिथुआनिया के राष्ट्रीय संकट प्रबंधन केंद्र ने मंगलवार को बताया कि राजधानी विलनियस से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में प्रतकुनाई गांव के पास और कौनास जलाशय के नजदीक ड्रोन को मार गिराया गया। हाल के हफ्तों में जर्मनी, डेनमार्क, ब्रिटेन और पोलैंड जैसे नाटो सदस्यों ने रूस पर कई तरह की गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप लगाया है।

ट्रंप ने डाक मतपत्र को सीमित की कोशिश को खारिज करने के लिए अदालत की आलोचना की

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इस साल के मध्यावधि चुनावों में डाक मतपत्रों पर पाबंदी लगाने की उनकी कोशिश को खारिज किए जाने के बाद अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की आलोचना करते हुए कहा कि उनका विरोध करने वाले न्यायाधीशों वे लोग नहीं हैं जिनका मैंने साक्षात्कार लिया थो। ट्रंप प्रशासन ने आखिरी समय में यह कोशिश की थी कि डाक मतपत्र प्राप्त करने के लिए कौन पात्र होगा, यह तय करने में अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) की केंद्रीय भूमिका हो।

लेकिन राज्य के चुनाव अधिकारियों ने दलील दी कि तीन नवंबर के मध्यावधि चुनावों के लिए बदलाव करने का पर्याप्त समय नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मौजूदा व्यवस्थाएं पहले से ही सुरक्षित और सटीक हैं। अदालत ने सोमवार देर रात आपात आदेश में फैसला सुनाया कि ये पाबंदियां इस साल के चुनाव के लिए कम से कम अदालत में टिकने योग्य नहीं हैं।

देश के फायदे से अधिक अहम है मानवीय शांति

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि किसी एक देश के फायदे से कहीं ज्यादा जरूरी मानवीय शांति और मानवता की शांति है तथा इस सिद्धांत पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए एक वैश्विक आवाज बनकर उभरा है।

राधाकृष्णन ने कहा कि पिछले दशक में भारतीय कूटनीति का स्वरूप काफी बदल गया है, अब इसमें ज़्यादा जुड़ाव और नए आत्मविश्वास की झलक मिलती है। विदेश मंत्री एस.



जयशंकर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश यह नहीं कह सकते कि आपकी समस्या आपकी समस्या है और मेरी समस्या हमारी समस्या है। उपराष्ट्रपति ने कहा, दुनिया को हर समस्या को अपनी समस्या मानना चाहिए, तभी समाधान मिल सकता है। संसद के एक कानून के जरिए राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा मिलने के बाद इंडियन काउंसिल फॉर वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) के 25 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में राधाकृष्णन ने कहा कि टकराव और विरोधाभासों से जूझ रही दुनिया में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता और भी ज़्यादा उल्लेखनीय है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रिक्स नेताओं का सर्वसम्मत घोषणा-पत्र भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर जयशंकर ने कहा कि आज भारत कई देशों और क्षेत्रों के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ा हुआ है तथा उसके हित तेज़ी से वैश्विक होते जा रहे हैं।

बिहार मंत्रिमंडल ने 17 प्रस्तावों को दी मंजूरी

पटना। बिहार मंत्रिमंडल ने मंगलवार को गया जी के विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास, सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना और जलस्रोत पुनर्स्थापन एवं गाद प्रबंधन नीति, 2026 समेत 17 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विष्णुपद मंदिर क्षेत्र का विकास काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर किया जाएगा, जिसके लिए 2,520 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत मंदिर परिसर का पुनर्विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, एलीवेटेड पथ, घाट, डोरमेट्री, कैंटीन, पैदल पुल और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। चौधरी ने बताया कि सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना के लिए 996.05 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं और इसके तहत सोन नदी का पानी उत्तर कोयल नहर के जरिए फल्गु नदी तक पहुंचाया जाएगा।

कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में भ्रष्टाचार का कारोबार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री के करीबियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हालिया कार्रवाई का हवाला देते हुए मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर मौन रहने का आरोप लगाया।

भाजपा ने 12 और 13 सितंबर को यहां आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रात्रिभोज में शामिल नहीं होने पर कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्रियों पर निशाना साधते हुए इसे शर्मनाक करार



दिया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस की तथाकथित मोहब्बत की दुकान में वास्तव में भ्रष्टाचार का कारोबार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी जी से पूछना चाहती हूं कि एक तरफ तो वह छात्रों की बात करते हैं, लेकिन जब उनकी अपनी ही पार्टी के सदस्य देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं, तो क्या उसकी आवाज उनके कानों तक नहीं पहुंचती? प्रवर्तन निदेशालय ने 10 सितंबर को साल 2016 में आयोजित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पूर्व निजी सहायक चंदन सिंह जीना के परिसरों पर छापेमारी की थी। भाजपा सांसद ने कहा कि तलाशी के दौरान बरामद संपत्ति जीना की आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी।

अमेरिका में स्वीकार की अंतरिक्ष में हथियार तैनात करने की बात

वाशिंगटन। अमेरिका ने पहली बार पुष्टि की है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात किए हैं। एयर फोर्स सेक्रेटरी ट्रॉय मिंक ने सोमवार को मैरीलैंड में एयर एंड स्पेस साइबर कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका ने दुश्मन की कार्रवाई के खिलाफ संयुक्त बल की सुरक्षा करने में सक्षम, कक्षा में तैनात अंतरिक्ष नियंत्रण हथियारे तैनात किए हैं। मिंक ने यह नहीं बताया कि हथियार क्या हैं या वे कैसे काम करते हैं। अमेरिका ने 2024 में कहा कि रूस एक नया उपग्रह रोधी हथियार बना रहा है जिसे अंतरिक्ष से प्रक्षेपित किया जा सकता है। उस समय व्हाइट हाउस ने कहा था कि खतरा आसन्न नहीं है।

देश को सर्वोच्च प्राथमिकता दे जेन जी और जेन अल्फा

एजेंसी

चेन्नई। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को जेन जी और जेन अल्फा पीढ़ियों से नेतृत्व संभालने एवं जिम्मेदारी उठाने का आह्वान करते हुए युवा स्नातकों से आग्रह किया कि वे देश को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और यह सोचने के बजाय कि देश ने उनके लिए क्या किया है, यह पूछें कि वे देश के लिए क्या योगदान दे सकते हैं।

सीतारमण ने यहाँ डॉ. एम.जी.आर. शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा




कि देश युवाओं की आकांक्षाओं को सुनने के लिए तैयार है, लेकिन वे दायित्व एवं नागरिक कर्तव्य की गहरी भावना के साथ आगे आएं। उन्होंने कहा, चाहे आप स्वयं को जेन जी कहें या जेन अल्फा, हम सभी आपकी बात सुनने के लिए तैयार हैं। लेकिन आपको इस बारे में सोचना होगा कि आपके आस-पास क्या हो रहा है, आपकी क्या भूमिका है और आपके ज़रिए देश के लिए क्या हासिल किया जा सकता है।

वित्त मंत्री ने उत्तीर्ण होने वाले छात्रों से अपने-अपने क्षेत्रों में नेतृत्व संभालने और राष्ट्रीय हित से कभी समझौता न करने का आग्रह किया। उन्होंने दुनिया भर में जारी उन संघर्षों की ओर इशारा किया जिनमें नागरिकों को अपनी ही भूमि से विस्थापित होना पड़ा है। सीतारमण ने कहा, नेतृत्व संभालिए। आपको नेतृत्व करना होगा और देश को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

इंटरटेनमेंट...

हनुमान अंश मेकर्स की फिल्म 'राम बोला' पर विवाद

मुंबई। फिल्म हनुमान अंश डायरेक्ट करने वाले डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अगली फिल्म राम बोला की घोषणा की है। उनकी ये फिल्म महाकवि तुलसीदास की जिंदगी पर आधारित होगी, लेकिन इसी दिन, इसी टाइटल पर दूसरी फिल्म की भी घोषणा हो गई, जिससे दो मेकर्स के बीच टाइटल का विवाद शुरू हो गया है। विवाद के बीच एसोसिएशन ने बताया है कि टाइटल किसके नाम रजिस्टर है। डायरेक्टर विशाल चतुर्वेदी ने प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन के साथ राम बोला अनाउंस की। इसी समय डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी फिल्म राम बोला की घोषणा की।



पोस्ट में बताया गया कि इसे चंद्रप्रकाश द्विवेदी डायरेक्ट करेंगे, जबकि मधु मंटेना और मंदिरा द्विवेदी इसे प्रोड्यूस करेंगी। एक ही टाइटल और एक ही टॉपिक पर दो फिल्में अनाउंस होने पर विवाद हो गया। फिल्म राम बोला का टाइटल डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी के नाम पर रजिस्टर है। वह कुछ समय पहले महावीर जैन के पास इस फिल्म का आइडिया लेकर पहुंचे थे, जिसके बाद इस फिल्म पर काम शुरू हुआ। फिल्म बनाने के राइट्स विशाल चतुर्वेदी और महावीर जैन प्रोडक्शन के पास हैं। चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने विशाल चतुर्वेदी द्वारा फिल्म की घोषणा करने पर आपत्ति जताई

> एक ही टॉपिक पर दो फिल्में अनाउंस, फिल्म एसोसिएशन ने बताया किसने करवाया रजिस्ट्रेशन

और कहा कि इस फिल्म के टाइटल के राइट्स उनके पास हैं।

उन्होंने दावा किया है कि कुछ समय पहले ही उन्होंने महावीर जैन से इस फिल्म पर बातचीत की थी, जिसके बाद उन्होंने खुद इस फिल्म पर अधिकार जताते हुए इसकी घोषणा कर दी, जबकि राइट्स उनके पास हैं। चंद्रप्रकाश द्विवेदी वो पिछले कुछ महीनों से महावीर जैन से इस फिल्म पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने महावीर जैन को एक मेल और 8 मिनट का एक वीडियो भी भेजा था। चंद्रप्रकाश द्विवेदी का कहना है कि अब इस विवाद का फैसला राइटर एसोसिएशन और अदालत में होगा।

हैवान ने बॉक्स ऑफिस पर कमाए 11.55 करोड़

नयी दिल्ली। अभिनेता सैफ अली खान और अक्षय कुमार की फिल्म हैवान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के शुरुआती सप्ताहांत में 11 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है, जो हेरा फेरी, हुलचुल, भूल भुलैया और हंगामा जैसी सफल हास्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह फिल्म अक्षय कुमार और सैफ अली खान को 17 साल बाद फिर से साथ लेकर आई है। दोनों इससे पहले मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, टशन, आरजू, तू चोर मैं सिपाही और कीमत जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों कलाकार आखिरी बार 2008 में आई एक्शन फिल्म टशन में साथ नजर आए थे जिसमें करीना कपूर खान और अनिल कपूर भी थे। फिल्म कारोबार पर नजर रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, शुक्रवार को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन 4.60 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके बाद शनिवार और रविवार को फिल्म ने 6.95 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह फिल्म की कुल वैश्विक कमाई 11.55 करोड़ रुपये हो गई है। फिल्म में खान ने श्याम का किरदार निभाया है, जो दृष्टिबाधित मार्शल आर्टिस्ट और इमारत का देखभालकर्ता है। वह अपनी अति सक्रिय इंद्रियों की मदद से रोजमर्रा की जिंदगी को संभालता है। हैवान में सैयामी खेर, श्रेया पिलगांवकर, राजपाल यादव, शारिब हाशमी और दिवंगत दिग्गज अभिनेता असरानी समेत अन्य कलाकारों ने भी अभिनय किया है।

अमिताभ बच्चन ने रिटायर होने की अफवाहों को किया खारिज

नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा कि उनकी हालिया पोस्ट में से एक का गलत मतलब निकाला गया और अभिनेता ने पुष्टि की है कि उनकी रिटायर होने का कोई योजना नहीं है। इस हफ्ते की शुरुआत में अभिनेता ने अपने ब्लॉग पर एक नोट साझा किया था, जिसमें लिखा थाँ काफी देर हो चुकी है, अब रिटायर होने का समय आ गया है और कुछ लोगों ने इसका गलत मतलब निकाल लिया। सोमवार को एक और नोट साझा करते हुए बच्चन ने रिटायरमेंट की खबर वाली एक अखबार की कटिंग भी लगाई और इसे गलत खबर बताया। उन्होंने कहा, मैंने ब्लॉग में लिखा काफी देर हो चुकी है, अब रिटायर होने (सोने) का समय है। हम सभी जानते हैं कि इसका मतलब देर रात होने पर सोने जाने से था। और यह है मीडिया - देश की अंतरात्मा - सूचना देने वाली सबसे बड़ी संस्था। उन्होंने कहा, नहीं जनाब, मैं अभी काम से रिटायर नहीं हो रहा हूंअ अंग्रेज़ी में रिटायर होने का मतलब है सोने जाना। और आपको वहां नहीं बुलाया गया है। अभिनेता जल्द ही सेक्शन 84 में नजर आएंगे। इस फिल्म को रिभु दासगुप्ता ने निर्देशित किया है और इसमें निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने विमल इलायची की याचिका खारिज की



नयी दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को विमल इलायची कंपनी की याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में कंपनी के ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को मिले नोटिस रद्द करने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का क्षेत्रीय अधिकार नहीं बनता। नोटिस से जुड़ी शिकायत के लिए महाराष्ट्र की अदालतें ज्यादा सही और सुविधाजनक मंच हैं। दरअसल महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने 14 अगस्त को तीनों कलाकारों को विमल इलायची के विज्ञापनों में उत्पाद की गलत प्रस्तुति के आरोप में कारण बताओ नोटिस भेजे थे। महाराष्ट्र

> अजय देवगन, शाहरुख को जारी नोटिस रद्द करने की मांग थी, जज बोले- ये महाराष्ट्र का मामला

खाद्य एवं औषधि प्रशासन का आरोप है कि विमल इलायची के विज्ञापन, प्रतिबंधित विमल पान मसाला के सरोगेट विज्ञापन हो सकते हैं। सरोगेट विज्ञापन का मतलब है कि किसी प्रतिबंधित उत्पाद का सीधे विज्ञापन न करके उससे मिलते-जुलते दूसरे उत्पाद के नाम से प्रचार करना। कंपनी ने कहा कि एफडीए का 11 अगस्त का नोटिस केवल एक्टर्स को भेजा गया, कंपनी को नहीं। किसी भी कार्रवाई से सबसे ज्यादा नुकसान कंपनी को होगा। कंपनी को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। महाराष्ट्र एफडीए के पास विज्ञापन रोकने का निर्देश देने का अधिकार नहीं है।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com